छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
फरवरी-मार्च, 2025 सत्र

बुधवार, दिनांक 12 मार्च, 2025

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

[मंगलवार, दिनांक 25 फरवरी, 2025 की प्रश्नोत्तर सूची का स्थगित ता.प्र.सं.- 3 (*क्र. 226)]

<u>प्रदेश में भारतमाला परियोजना के प्रभावितों को मुआवजा</u>

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

3. (*क्र. 226) डॉ. चरण दास महंत : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भारतमाला परियोजना हेतु जिला रायपुर, बिलासपुर एवं कोरबा में अर्जित निजी, शासकीय एवं वनभूमि के भू-स्वामी का नाम, खसरा नंबर, रकबा, सिंचित, असिंचित सहित तहसीलवार विवरण दें? मुआवजे की दरें क्या हैं? तीनों प्रकार की भूमि में कितने-कितने पेड़ों की कटाई हो रही है ? इस हेतु मुआवजा की दरें क्या है? कितनी राशि जमा की गई है ? **(ख)** कितने भू-स्वामियों और शासकीय भूमि का मुआवजा वितरण कर दिया गया है? कितना वितरण किया जाना शेष है? वितरण में विलम्ब का कारण क्या है ? **(ग)** क्या रायपुर जिले के ग्राम नायक बांधा में किसानों के 32 खाते को 247 छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित कर मुआवजा का निर्धारण एवं वितरण किया गया है? कलेक्टर रायपुर द्वारा संस्थित जांच का निष्कर्ष तथा लोक सेवकों के विरूद्ध कार्यवाही का विवरण बताएं ? **(घ)** कार्य एजेंसी का नाम, पता, अनुबंध की तिथि, लागत राशि तथा कार्य पूर्णता अवधि भी बतावें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' अनुसार है। (ख) शेषांश की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब'' अनुसार है। (ग)** कलेक्टर, रायपुर से प्राप्त पत्र दिनांक 26.04.2024 जांच प्रतिवेदन (की प्रति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' भाग के साथ)** के अनुसार ग्राम नायकबांधा में 13 मूल खसरों को 53 छोटे-छोटे भू-खण्डों में बंटाकन करके मुआवजा वितरण किये जाने का लेख किया गया है। कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार भूमि अर्जन हेतु प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन के उपरांत क्रय-विक्रय के प्रकरणों को शामिल किए जाने तथा पूर्व दिनांक के फर्जी नामांतरण प्रकरण तैयार कर मुआवजा स्वीकृत किए जाने से शासन को आर्थिक क्षति होना प्रतिवेदित किया गया है। जिला कलेक्टर से प्राप्त जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए विभाग द्वारा श्री लखेश्वर प्रसाद किरण तत्कालीन नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा, श्री जितेन्द्र साहू तत्कालीन हल्का पटवारी क्र. 49 नायकबांधा, श्री दिनेश पटेल, वर्तमान पटवारी हल्का 49 नायकाबांधा, श्री लेखराम देवांगन तत्कालीन हल्का पटवारी 24 टोकरो, निलंबित किया गया है। शेष व्यक्तियों श्री निर्भय साहू, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी(रा.) एवं सक्षम अधिकारी (भू-अर्जन), श्री शशिकांत कुर्रे, डिप्टी कलेक्टर, तत्कालीन तहसीलदार अभनपुर के विरूद्ध

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। **(घ)** शेषांश की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''स'' अनुसार है।**

जिला रायगढ़ अंतर्गत केलो नहर परियोजना के भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

1. (*क्र. 1566) श्री उमेश पटेल : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला रायगढ़ के केलो परियोजना कार्य में भू-अर्जन के कितने मामले, किस कारण से लंबित हैं? केलो परियोजना कार्य में भू-अर्जन के कारण कितना विलंब हुआ है? क्या केलो परियोजना से उद्योगों को पानी मिल रहा है ? यदि हाँ, तो किसानों को कब तक पानी मिल जायेगा? परियोजना को पूर्ण करने हेतु राजस्व मामले का निराकरण कब तक पूर्ण करके परियोजना का लाभ किसानों को दिया जायेगा? जानकारी देवें।

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : जिला रायगढ़ के केलो परियोजना में अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत भू-अर्जन के केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग रायगढ़ में 09 प्रकरण एवं केलो परियोजना निर्माण संभाग खरसिया में 13 प्रकरण तथा अनुविभाग घरघोड़ा में 01 प्रकरण जो ग्राम उज्जवलपुर के डूबान प्रभावित रकबा 22.675 हेक्टेयर का माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय के परिपेक्ष्य में नये सिरे से अवार्ड पारित किया जाना है। इस प्रकार कुल 23 प्रकरण लंबित है, लंबित होने के कारण **प्रपत्र में संलग्न** है। केलो परियोजना कार्य में भू-अर्जन प्रकरण समय-सीमा में निराकृत हो रहे हैं। केलो परियोजना से घरघोड़ा अनुविभाग अंतर्गत मेसर्स अंजनी स्टील प्रा.लि. उज्जवलपुर को आद्योगिक प्रयोजन हेतु पानी दिया जा रहा है। केलो परियोजना क्षेत्र में प्रभावित किसानों को वर्ष 2013-14 से ट्रायल-रन के तौर पर खरीफ सिंचाई हेतु पानी दिया जा रहा है। परियोजना को पूर्ण करने हेतु लंबित राजस्व मामले का निराकरण समय-सीमा में किया जा रहा है, परियोजना का लाभ किसानों को वर्ष जून 2026 तक दिया जावेगा।

[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

जिला कोंडागांव की बुनकर सहकारी समिति बाफना में शासकीय राशि का गबन

[सहकारिता]

2. (*क्र. 401) श्री नीलकंठ टेकाम : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या बाफना में महिलाओं की बुनकर सहकारी समिति पंजीकृत है? यदि पंजीकृत है तो उसका पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक क्या है? **(ख)** क्या इस समिति को स्कूली बच्चों के स्काउट गाइड ड्रेस प्रदाय करने के लिए शासकीय राशि जारी की गई? यदि हां, तो कब और कितनी राशि जारी की गई है? **(ग)** राशि किस बैंक में जमा की गई और कब-कब राशि आहरित की गई? **(घ)** समिति के द्वारा क्या ड्रेस जमा नहीं किया गया? यदि हां, तो उनके खिलाफ वसूली के लिए क्या प्रयास किया जा रहा है? क्या राशि जमा नहीं करने से उनके खिलाफ गबन का प्रकरण दर्ज किया जाएगा?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हां, पंजीकृत है। इसका पंजीयन क्रमांक/ए.आर./केजीएन/20, दिनांक 16.07.2019 है। **(ख)** जी हां, जारी की गई है। दिनांक 08.09.2020 को राशि रू. 20.00 लाख की अग्रिम राशि जारी की गई है। **(ग)** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर, शाखा कोंडागांव में प्रश्नांकित समिति के खाता क्रमांक-105003025530 में दिनांक 15/09/2020 को राशि जमा हुआ है। समिति द्वारा आहरित राशि दिनांकवार जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	आहरण दिनांक	आहरित राशि
1	22-09-2020	36,000.00
2	28-10-2020	1,02,189.00
3	10-11-2020	60,000.00
4	19-11-2020	14,09,636.00
5	21-12-2020	3,02,684.00
6	11-01-2021	62,012.00
7	22-02-2021	45,018.00
8	19-08-2021	15,000.00
9	22-11-2021	60,000.00

(घ) समिति को प्रदाय राशि रू. 20.00 लाख के विरूद्ध 4000 सेट गणवेश जमा किया जाना था, जिसके विरूद्ध 1820 जोड़ी शर्ट पैट एवं 1690 जोड़ी कुर्ती पायजामा ही जमा किया गया, शेष ड्रेस जमा नहीं किया गया है। इस संबंध में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कोंडागांव द्वारा पत्र क्रमांक/5282 दिनांक 02.06.2023 को, शेष गणवेश जमा नहीं करने पर समिति के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही/वसूली की कार्यवाही हेतु समिति को पत्र जारी किया गया है। समिति के द्वारा शेष गणवेश जमा नहीं करने पर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव द्वारा अपने पत्र क्रमांक/3217 दिनांक 25/02/2025 के माध्यम से थाना प्रभारी, थाना कोंडागांव को प्राथमिकी दर्ज करने हेतु पत्र लिखा गया है।

<u>आबकारी आयुक्त द्वारा गठित प्लेसमेंट एजेंसी संबंधी समिति का प्रतिवेदन एवं कृत कार्यवाही</u>

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

3. (*क्र. 1233) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि प्लेसमेंट एजेंसी से संबंधित विषय की गंभीरता को देखते हुए आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 24.09.2024 को जांच समिति का गठन किया गया था तथा समिति की बैठक दिनांक 26.09.2024 को हुई थी ? यदि हां तो क्या जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, यदि हां तो कब ? **(ख)** यदि जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है तो क्या जांच में दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं तो क्यों तथा क्या रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की जाएगी ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हॉ, यह सही है कि प्लेसमेंट एजेंसी से संबंधित विषय की गंभीरता को देखते हुए आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 24.09.2024 को जांच समिति का गठन किया गया था। उक्त समिति की बैठक दिनांक 26.09.2024 एवं दिनांक 20.02.2025 को हुई थी। उक्त समिति द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट दिनांक 20.02.2025 को प्रस्तुत की गई है। **(ख)** समिति द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर से प्राप्त जानकारी/अभिलेख के आधार पर दिनांक 01.10.2019 से 30.11.2023 तक प्लेसमेंट एजेंसियों के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों पर छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड की निविदा क्रमांक/सीएसएमसीएल/टेंडर /2019-20/04 के भाग (चार) की शर्त क्रमांक 8, 9 एवं 11 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार संबंधित प्लेसमेंट एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही कर, उक्त अवधि में कुल 1,93,25,944/- रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है, उक्त शास्ति राशि की पूर्ण वसूली की जा चुकी है। उक्त अवधि में प्लेसमेंट एजेंसियों के द्वारा की गई अनियमितता/त्रुटि के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों पर कोई कार्यवाही शेष नहीं है।

विद्युतीय पारेषण लाईनें और अतिउच्च दाब की संरचना एवं संबंधित उपकेन्द्रों का निर्माण

[ऊर्जा]

4. (*क्र. 1889) श्री दलेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विद्युतीय पारेषण लाईनें और अतिउच्च दाब की संरचना एवं संबंधित उपकेन्द्रों के निर्माण जिसमें ट्रांसफार्मर, ब्रेकर, सी.टी., पी.टी, आईसोलेटर एवं अन्य उपकरण तथा केबल, वायर, मीटर्स, कम्प्यूटर एवं पारेषण से संबंधित सामग्री, सहायिकी सेवाओं टेलीकम्यूनिकेशन एवं टेलीमीटरिंग उपकरणों से संबंधित रूपए 5.00 लाख मूल्य से अधिक की निविदा मूल्य हेतु सामग्रियों की खरीदी हेतु वर्ष 2023-24 से 2024-25 की अवधि में किस प्रक्रिया का पालन किया गया है? क्या खरीदी हेतु निविदा आमंत्रित की गई ? यदि हां तो निविदा में चयनित होने वाले का नाम, पता बतावें ? भुगतान विवरण बताएं?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत अति उच्च दाब विद्युत पारेषण लाइनों की संरचना एवं संबंधित उपकेन्द्रों के निर्माण जिसमें ट्रांसफार्मर, ब्रेकर, सी.टी., पी.टी., आईसोलेटर एवं अन्य उपकरण तथा केबल, वायर, मीटर्स, कम्प्यूटर एवं पारेषण से संबंधित सामग्री, सहायिकी सेवाओं टेलीकम्यूनिकेशन एवं टेलीमीटरिंग उपकरणों से संबंधित रूपए 5.00 लाख मूल्य से अधिक की निविदा मूल्य हेतु वर्ष 2023-24 से 2024-25 की अवधि में संचार प्रणाली में लगने वाले कैरीअर केबिनेट व उनके स्पेयर्स के अतिरिक्त उक्त सभी उपकरणों व सामग्रियों की खरीदी हेतु खुली निविदा प्रक्रिया का पालन किया गया है। चूँकि कैरीअर केबिनेट व उनके स्पेयर्स पूर्व से उपयोग किये जा रहे उपकरणों के मूल निर्माता कंपनी से खरीदना तकनीकी कारणों से आवश्यक है, अतः उन्हें निविदा के स्थान पर इंक्वायरी जारी कर सामग्री की खरीदी किया गया है। निविदा में चयनित होने वाले फर्म का नाम पता, भुगतान के विवरण की वर्षवार **जानकारी ''पुस्तकालय मे रखे संलग्न प्रपत्र अनुसार''** है।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स हेतु अंशदान राशि

[स्कूल शिक्षा]

5. (*क्र. 1263) श्री ईश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सत्र 2020 से 2023 तक स्कूलों से भारत स्काउट्स एवं गाईड्स हेतु अंशदान राशि की जानकारी बताने की कृपा करें ? **(ख)** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स में अधिकारी/कर्मचारी की भर्ती की नियमावली क्या है ? **(ग)** भारत स्काउट्स एवं गाईड्स का कार्यालय छत्तीसगढ़ में कितने और कहां-कहां है, बताने की कृपा करें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रश्नांश अवधि में स्कूलों से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स हेतु अंशदान राशि की जानकारी इस प्रकार है।

क्र.	सत्र	राज्य में प्राप्त अंशदान राशि
1	2020-21	11,57,974.00 (शब्दों में- ग्यारह लाख संतावन हजार नौ सौ चौहत्तर रू. मात्र)
2	2021-22	9,20,004.00 (शब्दों में नौ लाख बीस हजार चार रू. मात्र)
3	2022-23	92.57,942.00 (शब्दों में ब्यानबे लाख संतावन हजार नौ सौ व्यालिस रू. मात्र)

(ख) छत्तीसगढ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, रायपुर अधिसूचना कमांक एफ 4-51/20-2/2008 द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 10 नबम्बर 2010 के द्वारा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स सेवा नियम 2008 बनाया गया हैं। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स सेवा भर्ती नियम **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है। (ग)** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. का राज्य मुख्यालय रायपुर में संचालित हो रहा है। राज्य मुख्यालय रायपुर के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ का कार्यालय संचालित हो रहा है।

जिला गरियाबंद अंतर्गत घोषित राजस्व ग्राम तंवरबहरा

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

6. (*क्र. 746) श्री जनक ध्रुव : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या जिला गरियाबंद के ग्राम नहरगाँव, प.ह.नं.26 का पारा{मोहल्ला} तंवरबहरा को नहरगाँव से अपवर्जित कर पृथक राजस्व ग्राम घोषित किया गया था। यदि हां तो कब तथा उक्त का प्रकाशन राजपत्र में कब किया गया ? क्या उक्त का शासकीय रिकार्ड दुरुस्त नहीं होने से तथा ऑनलाइन नक्शा खसरा बी1 किसानों को उपलब्ध नहीं हो रहा है? यदि हां, तो राजस्व ग्राम तंवरबहरा पूर्ण राजस्व ग्राम के रूप में कब तक अस्तित्व में आ जाएगी तथा कब तक समस्त राजस्व अभिलेख रिकार्ड दुरुस्त कर लिए जाएंगे? जानकारी देवें।

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : जी हॉ। तहसील गरियाबंद अंतर्गत ग्राम नहरगांव पं.ह.नं. 12 का पारा(मोहल्ला) तांवरबाहरा को नहरगांव से अपवर्जित कर पृथक राजस्व ग्राम घोषित किया गया है। जो वर्तमान पटवारी हल्का नं. 11 में है। कार्यालय कलेक्टर, भू-अभिलेख शाखा रायपुर के आदेश क्रमांक 915/स.अ.भू.-3/2008 रायपुर, दिनांक 24.05.2008 के अनुसार तहसील गरियाबंद के ग्राम नहरगांव का पारा (मोहल्ला) तांवरबाहरा को नवरगांव से अपवर्जित करके पृथक राजस्व ग्राम घोषित किया गया है तथा उक्त का प्रकाशन राजपत्र में क्रमांक 23 रायपुर, शुक्रवार दिनांक 06 जून 2008 को किया गया। तहसील गरियाबंद अंतर्गत् ग्राम तांवरबाहरा को नहरगांव से अपवर्जित कर पृथक राजस्व ग्राम घोषित किये जाने पश्चात भी ग्राम नहरगांव के नाम से ऑनलाईन नक्शा खसरा बी1 किसानों को उपलब्ध हो रहा है। जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो रही है। ग्राम तांवरबाहरा को ऑनलाईन भू नक्शा एवं भुईयां में प्रदर्शित करने हेतु प्रक्रिया जारी है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा जिला गरियाबंद द्वारा अधीक्षक भू-अभिलेख के नेतृत्व में 12 सदस्य टीम गठित किया गया है जिनके द्वारा वर्तमान में नहरगांव एवं तांवरबाहरा का पृथक-पृथक नक्शा ट्रेसिंग कर लिया गया है एवं दोनों ग्रामों का रिनंबरिंग सूची तैयार कर ली गई है। दोनो ग्रामों का सर्वे कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

तेन्दूपत्ता संग्राहकों को बोनस भुगतान

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

7. (*क्र. 1839) डॉ. चरण दास महंत : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2024 में कितने मानक बोरे पत्ते संग्रहित हुए थे? निविदाकर्ताओं, संग्राहकों की संख्या सहित वनमंडलवार पृथक-पृथक बताएं ? संग्राहकों को किस दर से कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा शेष कितना और क्यों है? **(ख)** निविदा पद्धति से विक्रय किये गए तेन्दूपत्ता से आय की राशि वनमंडलवार कितनी-कितनी है? **(ग)** क्या 4500 रूपये तक की दर से बोनस देने का भी वादा किया गया था? यदि हां तो किस दर से कितना-कितना बोनस दिया गया है ? यदि नहीं दिया गया है तो कब तक और किस दर से दिया जाएगा? क्या इसके लिए केंद्र या राज्य के बजट में प्रावधान किया गया है ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ' में दर्शित है।(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र-'ब 'में दर्शित है।(ग) वर्ष 2024 सीजन का तेन्दूपत्ता पूर्ण विक्रय किया जा चुका है परंतु क्रेताओं से विक्रय मूल्य की सम्पूर्ण राशि प्राप्त नहीं हुई है। अतः प्रोत्साहन पारिश्रमिक की गणना वर्तमान में संभव नहीं है, इस कारण प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरण का कार्य नही किया गया है। लॉटों की समस्त विक्रय मूल्य की राशि प्राप्त होने के उपरांत प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरण की कार्यवाही की जावेगी। वर्तमान में प्रोत्साहन पारिश्रमिक के लिये केन्द्र या राज्य के बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है ।

[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

रावघाट माईनिंग क्षेत्र में स्वीकृत कार्य एवं राशि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

8. (*क्र. 1728) श्री विक्रम उसेण्डी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य कैम्पा मद अंतर्गत ए.पी.ओ. वर्ष 2021-22 में रावाघाट माईनिंग क्षेत्र में कितने कार्य एवं कितनी राशि की स्वीकृति, कब प्रदान की गई ? **(ख)** स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण तथा कितनी राशि के कितने कार्य अपूर्ण है? **(ग)** कार्य अपूर्ण हैं तो क्या कारण हैं ? ये कार्य पूर्ण कब तक करा लिये जायेंगे? समय सीमा बतावें। **(घ)** क्या इन कार्यों के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हॉ तो जिम्मेदारों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी, बतावें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) राज्य कैम्पा मद अंतर्गत ए.पी.ओ. वर्ष 2021-22 में रावघाट माईनिंग क्षेत्र में कोई कार्य नहीं कराया गया है।**(ख)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।**(ग)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।**(घ)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत लंबित राजस्व प्रकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

9. (*क्र. 1876) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले की विभिन्न तहसीलों में 31.1.2025 की तिथि तक कितने राजस्व प्रकरण लंबित हैं? कारण सहित नामांतरण, सीमांकन, फौती, बटवारा, त्रुटिसुधार प्रकरण की जानकारी तहसीलवार पृथक-पृथक जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निपटारण हेतु क्या-क्या प्रयास किए जा रहे हैं ? जानकारी उपलब्ध करावें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न तहसीलों में दिनांक 31.01.2025 तक कुल 1872 राजस्व प्रकरण लंबित है। कारण सहित नामांतरण, सीमांकन, फौती, बंटवारा, त्रुटि सुधार की जानकारी प्रकरणवार, तहसीलवार की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। **(ख)** राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निपटारा हेतु नियमानुसार सुनवाई किया जा रहा है, एवं एक-एक सप्ताह में पेशी दिनांक दिया जाकर निरंतर निपटारा हेतु प्रयास किया जा रहा है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

जिला रायगढ़ अंतर्गत डी. एम. एफ. मद से स्वीकृत कार्य

[खनिज साधन]

10. (*क्र. 1864) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-रायगढ़ अंतर्गत वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2025 तक कितनी कितनी राशि के, कितने कार्य किन-किन जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से स्वीकृत किए गये हैं, राशि सहित कार्यवार जानकारी देवें? (ख) जनवरी, 2025 की स्थिति में डी. एम. एफ. मद में कितना आवंटन प्राप्त है, कितनी राशि व्यय की गयी है, जानकारी देवें? **(ग)** रायगढ़ जिला के सभी माननीय विधायकों से कितनी-कितनी राशि के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, कितने-कितने कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी है ? यदि नहीं तो कब तक स्वीकृति प्रदान की जाएगी ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला खनिज न्यास मद से जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से कार्यों की स्वीकृति प्रदान नही की जाती, वरन् शासी परिषद् की अनुमोदन के आधार पर कार्य स्वीकृत किये जाते है। अतः शेष प्रश्नांश उद्भूत नही होता।**(ख)** प्रश्नांकित अवधि में डी. एम. एफ. न्यास निधि मद में कुल राशि 166

करोड़ 40 लाख 34 हजार 184 रूपये का आवंटन प्राप्त हुआ है एवं कुल 52 करोड़ 44 लाख 80 हजार 413 रूपये व्यय की गयी है।**(ग)** जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है, जिनकी स्वीकृति शासी परिषद् के अनुमोदन उपरांत की गई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

प्रदेश में शासकीय भवनों, सड़कों, चौक-चौराहों, शासकीय संस्थान व विश्वविद्यालयों का नाम परिवर्तन

[सामान्य प्रशासन]

11. (*क्र. 878) श्री अजय चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 22 जुलाई, 2024 के अतारांकित प्रश्न 13 (क्र 42) के परिप्रेक्ष्य में शासकीय भवनों, सड़कों, चौक-चौराहों तथा शासकीय संस्थान व विश्वविद्यालयों के नाम परिवर्तन सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति/स्वीकृति किस आधार पर दी गयी? **(ख)** उक्त नाम परिवर्तन शासन स्तर पर की गयी है तो शासन द्वारा इसके संबंध में क्या टीप दी गयी है? नियम या प्रक्रिया विरूद्ध किये गये नाम परिवर्तन को क्या पुनः यथावत रखेंगे? यदि हां तो कब तक? **(ग)** प्रश्नांक 'क' के उत्तर में उल्लेखित नाम परिवर्तन की कार्यवाही किस नियम -निर्देश के अंतर्गत की गयी है, की जानकारी के परिप्रेक्ष्य में बहुत से संस्थानों का नाम परिवर्तन बिना नियम निर्देश के किया गया है? तो उसका कारण क्या है, किस आधार पर, किसके निर्देश पर किया गया?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) शासकीय भवनों, शासकीय संस्थान के नाम परिवर्तन के मामले में कार्य नियम भाग-4 के बिन्दु क्र. ''ढढ'' एवं ''णण'' में उल्लेखित मामले, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. एम 19-143/1995/1/4, दिनांक 27.01.1996 में दिए गए निर्देश अनुसार, भारसाधक मंत्री द्वारा विचार करने के पश्चात् संबंधित विभाग के सचिव द्वारा मुख्य सचिव के मार्फत माननीय मुख्यमंत्री जी को समन्वय में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किये जाने के आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सहमति/असहमति दी जाती है। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश क्र. एफ 10-10/2002/1-5, दिनांक 07.06.2002 एवं दिनांक 03.09.2003 द्वारा क्रमशः स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को शिक्षा संस्थानों का नामकरण महापुरूषों के नाम पर करने पर सामान्य प्रशासन विभाग से अनुमति लेने की छूट है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सड़कों, चौंक-चौराहों व विश्वविद्यालयों के नाम परिवर्तन की कार्यवाही नहीं की जाती है। **(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ के स्तंभ 6 के अनुसार है। (ग)** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा शासकीय भवनों, शासकीय संस्थान के नाम परिवर्तन के मामले में कार्य नियम भाग-4 के बिन्दु क्र. ''ढढ'' एवं ''णण'' में उल्लेखित मामले, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. एम 19-143/1995/1/4, दिनांक 27.01.1996 में दिए गए निर्देश अनुसार, भारसाधक मंत्री द्वारा विचार करने के पश्चात् संबंधित विभाग के सचिव द्वारा मुख्य सचिव के मार्फतमाननीय मुख्यमंत्री जी को समन्वय में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किये जाने के आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सहमति/असहमति दी जाती है। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश क्र. एफ 10-10/2002/1-5, दिनांक 07.06.2002 एवं दिनांक 03.09.2003 द्वारा क्रमशः स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को शिक्षा संस्थानों का नामकरण महापुरूषों के नाम पर करने पर सामान्य प्रशासन विभाग से अनुमति लेने की छूट है। उल्लेखित संस्थानों का नामकरण/परिवर्तन निर्धारित नियम/प्रक्रिया अनुरूप किया गया है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।**

जिला दुर्ग अंतर्गत रेत व मुरूम खनन

[खनिज साधन]

12. (*क्र. 1823) श्री रिकेश सेन : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छत्तीसगढ़ राज्य में रेत व मुरूम खनन प्रतिबंधित है ? **(ख)** यदि नहीं तो रेत व मुरूम खनन से राज्य सरकार को जिला दुर्ग अंतर्गत वर्ष 2023 से जनवरी, 2025 तक कितनी धन राशि प्राप्त हुई है ? जानकारी देवें ।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी नहीं। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में दुर्ग जिले में खनिज रेत से कुल राशि 2 लाख 3 हजार रूपये एवं खनिज मुरूम परिवहन अनुमति से कुल राशि 2 करोड़ 29 लाख 65 हजार रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई हैं।

जिला जशपुर अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से लाभान्वित कृषि मजदूर

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

13. (*क्र. 1666) श्रीमती गोमती साय : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जशपुर अंतर्गत कितने कृषि मजदूरों को दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है? विकासखंडवार विवरण देवें? **(ख)** जिला में ऐसे कितने पात्र हितग्राही हैं, जो इस योजना से वंचित हैं, वंचित हितग्राहियों को इस योजना का लाभ प्रदान किये जाने हेतु शासन की ओर से क्या-क्या कदम उठायें जा रहें है? विकासखंडवार विवरण देवें? **(ग)** वर्तमान में जिला जशपुर में कितने कृषि मजदूर हैं? कृषि मजदूरों की दशा-दिशा में सुधार लाने हेतु सरकार द्वारा और क्या-क्या कदम उठायें जा रहें हैं? विवरण देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) कुल- 7937 भूमिहीन कृषि मजदूरों को। विकासखंडवार जानकारी **प्रपत्र में संलग्न** है। **(ख)** जानकारी निरंक है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(ग)** वर्तमान में जिला-जशपुर में 10186 कृषि मजदूर हैं। कृषि मजदूरों की दशा-दिशा में सुधार लाने हेतु शासन द्वारा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना संचालित की जा रही है। कृषि मजदूरों को शासन की अन्य योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार दिया जा रहा है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

जिला गरियाबंद में विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाएं

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

14. (*क्र. 609) श्री रोहित साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला गरियाबंद में वर्ष 2023-24 व 2024-25 में 10/02/2025 तक खेल एवं युवा कल्याण विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत कितने खेल गतिविधियों, कितने युवा महोत्सव का आयोजन, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कितने व्यायाम शाला एवं जिम उपकरण प्रदाय, कितने खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रोत्साहन, कितने खिलाडियों को आवासीय एवं गैर आवासीय खेल अकादमियों के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं खेल प्रतिभाओं को तराशने का कार्य किया गया, तथा कितने खिलाड़ियों को अनुदान प्रदाय किये गये? **(ख)** उक्त योजनाओं का लक्ष्य, कितना पूर्ण, अपूर्ण एवं शेष की जानकारी तथा आगामी वर्ष हेतु कार्ययोजना सहित जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में जिला गरियाबंद में 28 खेल गतिविधियाँ, 08 युवा महोत्सव संबंधी आयोजन, 01 व्यायाम शाला एवं सेट जिम उपकरण, कुल 4092 खिलाडियों को

पुरस्कार/प्रोत्साहन का कार्य किया गया। खिलाडियों का आवासीय/गैर आवासीय अकादमी एवं प्रदाय अनुदान की जानकारी निरंक है। **(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

जांजगीर-चांपा वनमंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं में अनियमितता की प्राप्त शिकायतें

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

15. (*क्र. 1339) श्री ब्यास कश्यप : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चांपा वनमंडल अंतर्गत वर्तमान में कौन -कौन सी योजनाएं संचालित हैं? वित्तीय वर्ष 2024-25 में कैम्पा योजना अंतर्गत कितनी राशि जांजगीर-चांपा वनमंडल को प्राप्त हुई एवं कितनी-कितनी राशि कहां-कहां व्यय की गई? जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश "क" के अनुसार कैम्पा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में उक्त अवधि में कितनी एवं किन-किन बिंदुओं पर शिकायतें प्राप्त हुईं? क्या कार्यवाही हुई? यदि नहीं तो क्यों? **(ग)** क्या वनमंडलों द्वारा अपने क्षेत्र से बाहर के वनमंडलों या निजी रोपणियों से पौधा खरीदने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई? **(घ)** क्या जिला जांजगीर-चांपा के गतवा नर्सरी एवं रोपणी के प्रभारी के विरूद्ध अनियमितता की शिकायतें पर जांच की गई एवं जांच रिपोर्ट में क्या बातें सामने आईं? क्या कार्यवाही की गई?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जांजगीर-चांपा वनमंडल अंतर्गत वर्तमान में विभागीय योजना, मनरेगा योजना एवं कैम्पा योजना संचालित है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कैम्पा योजना के अंतर्गत जांजगीर-चांपा वनमंडल को प्राप्त राशि एवं कितनी राशि कहां-कहां व्यय की गई, की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-अ'' में दर्शित है।(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार कैम्पा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में उक्त अवधि में 03 शिकायतें प्राप्त हुई है। शिकायतों का बिन्दुवार विवरण एवं की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र-ब'' में दर्शित है।(ग)** जांजगीर-चांपा वनमंडल में अपने क्षेत्र के बाहर के अन्य वनमंडलों या निजी रोपणियों से पौधा क्रय करने की 03 शिकायतें प्राप्त हुई है। उप वनमंडलाधिकारी जांजगीर-चांपा द्वारा 02 शिकायतों की जांच की गई है, जांच में शिकायत निराधार पायी गयी। 01 अन्य शिकायत की जांच प्रक्रियाधीन है।**(घ)** जिला जांजगीर-चांपा के गतवा नर्सरी के रोपणी प्रभारी के विरूद्ध अनियमितता की 03 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 02 शिकायतों की जांच की गई, जांच रिपोर्ट में शिकायत निराधार पायी गयी। 01 अन्य शिकायत की जांच प्रक्रियाधीन है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

आदिमजाति सेवा सहकारी समितियों द्वारा अनियमितता पर कृत कार्यवाही

[सहकारिता]

16. (*क्र. 1872) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सरगुजा संभाग अंतर्गत कुल कितनी आदिम जाति सेवा सहकारी समितियां हैं तथा इन समितियों में कुल कितने खाते खोले गए व कितने संचालित/जीवित हैं और कितने खाते 2 साल की अधिक अवधि से बंद पड़े हैं? जिलावार, समितिवार जानकारी देवें ? **(ख)** विगत 2 वर्षों में कंडिका "क" अनुसार विभाग एवं शासन में समितियों द्वारा अनियमिता के संबंध में क्या-क्या शिकायत की गई है व प्राप्त शिकायतों की जांच कर क्या-क्या कार्यवाही की गई? यदि कार्यवाही नहीं की गई तो क्यों ? शिकायतवार जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) सरगुजा संभाग अंतर्गत कुल 177 आदिम जाति सेवा सहकारी

समितियां है। सरगुजा संभाग अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में संचालित कृषकों के ऋण खातों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

जिला बस्तर के शैक्षणिक संस्थाओं/छात्रावासों में बालक/बालिका शौचालय एवं किचन शेड का निर्माण

[स्कूल शिक्षा]

17. (*क्र. 1801) श्री बघेल लखेश्वर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बस्तर में संचालित कुल प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं छात्रावासों में से ऐसी कितनी संस्थायें हैं जहां बालक/बालिका शौंचालय अथवा किचन शेड नहीं है अथवा अत्यंत ही जर्जर स्थिति में हैं ? **(ख)** विगत् 05 वर्षों में मरम्मत योग्य शौंचालय एवं किचन शेड के लिए आबंटित/स्वीकृत एवं व्यय की गई राशि के संबंध में बतावें ? **(ग)** विधानसभा क्षेत्र बस्तर के संदर्भ में किन-किन संस्थाओं में शौंचालय मरम्मत, किचनशेड मरम्मत अथवा नवीन निर्माण के कार्य किये गये ? शालावार स्वीकृत व खर्च की गई राशि के संबंध में बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला बस्तर में संचालित शासकीय शालाओं/छात्रावासों में शौचालय एवं किचन शेड की जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्र	शाला का स्तर	शौचालय		किचन शेड	
		विहीन	जर्जर	विहीन	जर्जर
1	प्राथमिक शाला	0	223	167	253
2	पूर्व माध्यमिक	0	65	63	115
3	हाई स्कूल	0	7	0	0
4	हायर सेकेण्डरी	0	7	0	0
5	छात्रावास	0	0	0	0
	योग	0	302	230	368

(ख) विगत 05 वर्षों में मरम्मत योग्य शौचालय एवं किचन शेड के लिए आबंटित/स्वीकृत एवं व्यय राशि की जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्र	वर्ष	शौचालय मरम्मत (राशि रू. लाख में)		किचन शेड मरम्मत (राशि रू. लाख में)	
		आवंटित/ स्वीकृत राशि	व्यय राशि	आवंटित/ स्वीकृत राशि	व्यय राशि
1	2019-20	4.25	4.25	0.00	0.00
2	2020-21	31.84	31.20	3.00	3.00
3	2021-22	5.28	5.28	2.81	2.81
4	2022-23	6.75	6.75	0.00	0.00
5	2023-24	116.61	97.28	0.00	0.00
	योग	164.73	144.76	5.81	5.81

(ग) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

कौशल विकास योजना हेतु एनजीओ द्वारा प्रदत व्यावसायिक शिक्षक

[स्कूल शिक्षा]

18. (*क्र. 1833) श्री सुशांत शुक्ला : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के किन-किन जिलों में कौशल विकास योजना हेतु एनजीओ द्वारा प्रदत व्यवसायिक शिक्षकों की नियुक्ति कितनी-कितनी संख्या में जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा की गई ? जिलावार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** क्या प्रश्नांश ''क'' की नियुक्तियां नियुक्ति पश्चात रद्द की गईं ? यदि हां तो कहाँ-कहाँ एवं किन कारणों से? जिलावार रद्द नियुक्तियों की संख्या बतावें। **(ग)** क्या उपरोक्त नियुक्ति हेतु जिला शिक्षा अधिकारी अधिकृत थे ? यदि नहीं तो नियुक्ति किन नियम प्रक्रियाओं के अंतर्गत की गई थी ? जिम्मेदार जिला शिक्षा अधिकारियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रदेश के जिलों में कौशल विकास योजना हेतु एनजीओ द्वारा किसी भी प्रकार की व्यावसायिक शिक्षकों की नियुक्ति समग्र शिक्षा द्वारा नहीं की जाती है। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता । **(ख)** प्रश्नांश "क" के प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता । **(ग)** कतिपय जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा, शासन से बिना अनुमति के एनजीओ के माध्यम से शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों को अध्यापन की अनुमति दिये जाने की जानकारी शासन के संज्ञान में आई। इस हेतु संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों को चेतावनी पत्र जारी किया गया है।

ग्रामीण एवं नगरीय निकाय में निवासरत हितग्राहियों का आवास पट्टा

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

19. (*क्र. 1835) श्री भोलाराम साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में कितनी सीलिंग एक्ट (सरकारी जमीन) पर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राही वर्षो से निवासरत् हैं ? यदि हॉ तो क्या इन हितग्राहियों को आवास पट्टा प्रदान किया गया है ? यदि नहीं तो कब तक गरीब निवासरत् हितग्राहियों को आवास पट्टा प्रदान किया जावेगा ? जिलेवार, विधानसभावार जानकारी देवें ? **(ख)** क्या ऐसे गरीब परिवारों को आवास पट्टा/भूमि अधिकार प्रमाण पत्र जारी कर पात्रता सूची में शामिल कर कृपया उन्हे प्रधानमंत्री आवास योंजना का लाभ प्रदान किया जावेगा ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जी नहीं। (**ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

शासन द्वारा आवास एवं कृषि कार्य हेतु प्रदत्त पट्टे की भूमि में प्लॉटिंग/कॉलोनी निर्माण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

20. (*क्र. 1868) श्री धर्मजीत सिंह : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या शासन द्वारा आवास एवं कृषि कार्य हेतु प्रदत्त पट्टे की भूमि को किसी प्रापर्टी डीलर एवं बिल्डरों द्वारा क्रय कर उस पर प्लाटिंग करने एवं कॉलोनी निर्माण करने का अधिकार है? यदि हां, तो विवरण देवें? **(ख)** यदि अधिकार नहीं है तो तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ऐसे कौन-कौन से प्लाट हैं, जिसे आवासीय पट्टे से खरीदकर प्लाटिंग की गयी है या कॉलोनी निर्माण किया गया है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 158 (3) के तहत पट्टाधारी द्वारा आबंटन की तारीख से 10 वर्ष की कालावधि के भीतर ऐसी भूमि को अंतरित करने का अधिकार नहीं है। इसके पश्चात् पट्टा प्रारूप में उल्लेखित शर्तो के हिसाब से यदि नगरीय क्षेत्र में पट्टाधृति अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पट्टा मिला है तो अहस्तांतरणीय होगा तथा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड चार-

3 के अंतर्गत प्राप्त कृषि पट्टा को अंतरित किये जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 165 (7ख) के तहत कलेक्टर से अनुमति लिये जाने का प्रावधान है। **(ख)** प्रश्नांश 'ख' की जानकारी निरंक है।

सिकासेर जलाशय से जिला महासमुंद में जल आपूर्ति

[जल संसाधन]

21. (*क्र. 1884) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या गरियाबंद जिले में स्थित सिकासेर जलाशय से महासमुन्द जिले में जल आपूर्ति / सिंचाई हेतु सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है? यदि हाँ, तो महासमुन्द जिले को सिचाई व अन्य उपयोग हेतु कितना जलपूर्ति प्रस्तावित / प्रावधानित हैं ? यदि नहीं, तो क्या सर्वेक्षण कर जल प्रदाय किया जावेगा ? **(ख)** सिकासेर जलाशय से जल प्रदाय करने हेतु कृषि के लिये, उद्योगों के लिए डी.पी.आर. में क्या प्रावधान किया गया है ? महासमुंद जिले को जल प्रदाय में उद्योगों, कृषि,सिंचाई एवं अन्य के उपयोग हेतु प्रस्तावित/ हिस्सेदारी बतायें ? कितनी कितनी मात्रा में कब तक जल प्रदाय किया जाना प्रारंभ हो जाएगा?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हाँ, गरियाबंद जिले में स्थित सिकासार जलाशय से महासमुंद जिले को जलआपूर्ति/सिंचाई हेतु सर्वेक्षण का कार्य प्रगति पर है। सिकासार जलाशय से महासमुंद जिले को सिंचाई व अन्य उपयोग हेतु 50 मिलियन घन मीटर जल आपूर्ति अनुमानित है। **(ख)** सिकासार जलाशय से कोडार जलाशय तक जलआपूर्ति/सिंचाई हेतु सर्वेक्षण कार्य उपरांत डी.पी.आर. तैयार किया जावेगा, जिससे महासमुंद जिले को जल प्रदाय करने हेतु उद्योगों, कृषि, सिंचाई व अन्य उपयोग हेतु वास्तविक मात्रा तथा कब से कब तक जल प्रदाय किया जाना है, की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जिला सक्ती अंतर्गत ग्राम धुरकोट में नवीन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. का संचालन

[सहकारिता]

22. (*क्र. 1281) श्री रामकुमार यादव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अन्तर्गत वर्ष 2021-2022 से जनवरी, 2025 तक कौन-कौन से स्थल में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. की शाखा खोली गई है ? विवरण देवें। **(ख)** क्या ग्राम धुरकोट में भी नवीन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. संचालित करने हेतु शासन से स्वीकृति मिली है ? यदि हां तो कब ? विवरण देवें। **(ग)** उक्त ग्राम में स्वीकृति होने के बाद भी अभी तक बैंक का संचालन क्यों नहीं कराया जा रहा है? **(घ)** उक्त ग्राम में बैंक का संचालन कब तक प्रारम्भ किया जावेगा ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर अंतर्गत वर्ष 2021-22 से जनवरी 2025 तक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर की 01 नवीन शाखा अडभार खोली गई है। **(ख)** ग्राम धुरकोट में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर की नवीन शाखा प्रारंभ करने की सर्शत अनुमति पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 03.10.2022 को दी गई है। **(ग)** जिला बैंकों में नवीन शाखा खोले जाने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्वानुमति अनिवार्य है। बैंक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित प्रारूप में शाखा धुरकोट की अनुमति हेतु प्रस्ताव नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर को प्रेषित किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमति अप्राप्त है, जिसके कारण शाखा धुरकोट को प्रारंभ नहीं किया जा सका है। **(घ)** भारतीय रिजर्व बैंक से स्वीकृति उपरांत शाखा का संचालन किया जा सकेगा।

बालोद जिले में रेत खदानों से प्राप्त राजस्व एवं रेत का अवैध उत्खनन/परिवहन

[खनिज साधन]

23. (*क्र. 14) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बालोद जिले अंतर्गत वर्ष 2023-24 व 2024-25 में किस-किस एजेंसी को कब से किस-किस रेत घाट में खनन का ठेका दिया गया है? प्रत्येक घाट की क्षमता और प्राप्त होने वाले राजस्व के साथ जानकारी देवें? **(ख)** जिले में रेत का ठेका होने के बाद से जनवरी, 2025 तक कितना राजस्व प्राप्त हुआ है? खदानवार जानकारी देवें ? **(ग)** बालोद जिले में वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2025 तक रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के कितने प्रकरण दर्ज किए गए? दर्ज प्रकरणों पर क्या कार्यवाही की गई? क्या निर्धारित दर से अधिक दर पर रेत बेचने की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो जिम्मेदार कौन है? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) बालोद जिलांतर्गत प्रश्नांकित अवधि में रेत खनन हेतु उत्खनन पट्टा प्रदाय नहीं किया गया है। शेष प्रश्नांश उद्भुत नहीं होता ।**(ख)** बालोद जिलांतर्गत प्रश्नांकित अवधि के पूर्व से स्वीकृत रेत उत्खनन पट्टा एवं प्राप्त राजस्व की **जानकारी प्रपत्र अनुसार** है।**(ग)** बालोद जिलांतर्गत प्रश्नांकित अवधि में खनिज रेत के अवैध उत्खनन के 20 प्रकरणों में 16 लाख 3 हजार 375 रूपये तथा अवैध परिवहन के 151 प्रकरणों में 37 लाख 49 हजार 650 रूपये समझौता राशि वसूल किया गया है। खनिज साधन विभाग द्वारा रेत बेचने का कोई दर निर्धारित नहीं किया जाता है। शेष प्रश्नांश उद्भुत नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

दुर्ग जिले अंतर्गत गौ-शालाओं को प्रदत्त अनुदान

[पशुधन विकास]

24. (*क्र. 486) श्री गजेन्द्र यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला दुर्ग अंतर्गत कितनी गौ-शालायें संचालित हैं? नाम व पता सहित विवरण देवें? सत्र 2018-2024 तक कितनी गौ-शालाओं को कितनी-कितनी राशि का अनुदान दिया गया है? अनुदान देने का प्रयोजन क्या है? **(ख)** उक्त गौ-शालाओं में पशुओं की संख्या कितनी है? क्या सभी पशु उस गौ-शाला समिति के हैं या अन्य किसी के हैं? जानकारी देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला दुर्ग अंतर्गत 04 गौ-शालायें पंजीकृत/संचालित हैं। नाम व पता सहित विवरण निम्नानुसार है-

क्र	गौशाला का नाम व पता
1	श्रीकृष्ण गौशाला जीवरक्षा केन्द्र, छातागढ़, मोहलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.)
2	सुरभि गौशाला एवं जीवरक्षा केन्द्र, तरकोरी, वि.खं.-धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
3	श्री हरिओम बाबा गौरक्षण ट्रस्ट, ग्राम-जरवाय, भिलाई-3, वि.खं.-धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
4	कामधेनू विज्ञान अनुसंधान केन्द्र एवं गायत्री गौशाला पंहडोर (पचपेड़ी), जिला-दुर्ग (छ.ग.)

सत्र 2018-2024 तक 03 गौ-शालाओं को दिये गये अनुदान की वर्षवार, गौशालावार व प्रयोजनवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।(ख) उक्त गाशालाओं में पशुओं की संख्या वर्तमान में 1363 है। गोशालाओं के पशुओं से संबंधित जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

कांकेर जिले के दरगाहन ग्राम पंचायत में अवैध प्लाटिंग और नियम विरुद्ध नामांतरण की शिकायतें

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

25. (*क्र. 811) श्री आशा राम नेताम : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजस्व आपदा प्रबंधन –वर्ष 2021–22 से लेकर दिनांक 10/02/2025 तक कांकेर जिले के चारामा ब्लॉक में दरगाहन ग्राम पंचायत में अवैध प्लाटिंग और नियम विरुद्ध नामांतरण की कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? अगर हां तो उस पर जांचकर्ता ने क्या प्रतिवेदन दिया है ? क्या जांचकर्ता द्वारा नामांतरण आदेश विधि सम्मत बताया गया है? अगर नहीं तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है? क्या कोई नामांकन प्रक्रिया की शिकायत प्राप्त हुई है? अगर हां, तो क्या शिकायत प्राप्त हुई है, शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई है? अगर कार्यवाही लंबित है तो किसके समक्ष, कब से और क्यों लंबित है ? **(ख)** क्या इसमें अवैध प्लाटिंग के मामले की छत्तीसगढ़ Rera द्वारा जांच की गयी है? यदि हां, तो इस पर Rera द्वारा क्या कार्यवाही की गई ? इस प्रकरण पर क्या दंड दिया गया है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जी हां। कार्यालय कलेक्टर के आदेश क्रमांक/723, दिनांक 22.03.2022 द्वारा जांच दल गठन किया गया। जांच दल द्वारा दिनांक 30.03.2022 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके अनुसार खाता विभाजन के समय 76 टुकड़ो में विधि विपरीत विभाजित किया जाना, पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 61 ख के तहत् विधिवत रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र न लेकर विधि विरूद्ध अवैध प्लाटिंग किया जाना पाया गया। उपरोक्त संबंध में संलिप्त अधिकारियों एवं कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर तत्समय मे पदस्थ पटवारी को निलंबित कर विभागीय जांच की कार्यवाही की गई। नामांतरण प्रकिया की शिकायत दिनांक 09.04.2024 को कार्यालय कलेक्टर कांकेर में प्राप्त हुई। कार्यालय कलेक्टर के पत्र क्रमांक/4357, दिनांक 06.05.2024 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, को ग्राम दरगहन में तहसीलदार द्वारा किये गये विधि विरूद्ध फौती नामांतरण को शून्य करने के संबंध में छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (कालोनाईजन का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्ते) नियम 1999 के नियम 7 के तहत् नियमानुसार कार्यवाही किये जाने प्रेषित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा द्वारा मामला क्रमंाक 202405142400011/ब-121/2023-24 दर्ज कर सुनवाई किया गया। सुनवाई के दौरान पक्षकारों द्वारा प्रकरण के विषय में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर करने तथा सुनवाई प्रक्रियाधीन होने से संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने से तत्कालीन पीठासीन अधिकारी द्वारा दिनांक 09.09.2024 को प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन योग्य नहीं होने से खारिज कर नस्तीबद्ध किया गया है।**(ख)** रेरा के समक्ष कांकेर जिले के चारामा ब्लॉक में दरगहन ग्राम पंचायत में अवैध प्लाटिंग का प्रकरण क्रमांक SM-ALL-2023-01921 पक्षकार श्रीमती हरिप्रिया पिता पुरूषोत्तम एवं अन्य 06 के विरूद्ध छत्तीसगढ़ भू-सम्पदा (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 की धारा 3(1) के प्रावधान के अनुसार प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण में सुनवाई पश्चात् अनावेदक के विरूद्ध सम्मिलित रूप से समानुपाती रूप में 1,00,000/- (एक लाख रूपये) अर्थदंड अधिरोपित कर प्रश्नाधीन प्रोजेक्ट के भूखंड के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। अर्थदंड की राशि वसूली की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

जिला कांकेर में खनन प्रभावित लोगों को प्रदत स्थायी रोजगार

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

1. (क्र. 2) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कांकेर जिला अन्तर्गत संचालित लौह अयस्क व अन्य खदानों में, खनन प्रभावित कितने लोगों को वर्ष 2021-22 से 2024-25 में दिसंबर 2024 तक स्थायी रोजगार दिया गया है? सूची उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने के संबंध में सरकार की प्राथमिकता क्या है? कृपया बतावें।

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में स्थायी रोजगार दिये जाने के संबंध में जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** भू-अर्जन से प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने के संबंध में राज्य में लागू ''आदर्श पुनर्वास नीति, 2007'' के तहत प्राथमिकता दी जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

कांकेर जिले में वन विभाग के द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यो की स्थिति

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

2. (क्र. 8) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- कांकेर जिला अन्तर्गत भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में 2022 से लेकर दिनांक 14.02.2025 तक वन विभाग के द्वारा कुल कितने निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए? स्वीकृत निर्माण कार्यो की जानकारी नाम सहित उपलब्ध करायें इनमें से कितने कार्य पूर्ण और कितने अपूर्ण हैं तथा अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण होंगे?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : कांकेर जिला अंतर्गत भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में 2022 से लेकर दिनांक 14.02.2025 तक वन विभाग के द्वारा 941 निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए। इनमें से 476 कार्य पूर्ण हो गए है तथा 465 कार्य अपूर्ण है। स्वीकृत निर्माण कार्यों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र में दर्शित है।** अपूर्ण कार्य में से 64 कार्य मार्च 2025 तक एवं 401 कार्य जून 2025 तक पूर्ण करा लिए जाएंगे।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति

[जल संसाधन]

3. (क्र. 15) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभाग द्वारा वर्ष 2022-2023 से जनवरी, 2025 तक जल संसाधन विभाग द्वारा किन-किन स्थानों पर, कितनी-कितनी राशि से कौन-कौन से, निर्माण कार्य अथवा विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है? वर्षवार/विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** स्वीकृत कार्यो में से कौन-कौन से कार्य प्रांरभ/अप्रारंभ व पूर्ण/अपूर्ण है? यदि कार्य अप्रारंभ, अपूर्ण हैं तो क्यो? कारण सहित

अद्यतन स्थिति से अवगत करावें? **(ग)** क्या निर्माण कार्यो के गुणवत्ताविहीन/अनियमितता के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 से जनवरी, 2025 तक जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य अथवा विकास कार्यों की वर्षवार/विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** स्वीकृत कार्यो में से प्रारंभ/अप्रारंभ व पूर्ण/अपूर्ण कार्यों की अद्यतन स्थिति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** नहीं, निर्माण कार्यों के गुणवत्ताविहीन/अनियमितता के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

बर्खास्त बी एड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों का समायोजन

[स्कूल शिक्षा]

4. (क्र. 485) श्री जनक ध्रुव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में लगभग 3000 बी एड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को बर्खास्त किया गया है? यदि हां,तो बर्खास्त सहायक शिक्षकों के समायोजन हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं? क्या इस हेतु कोई कमेटी गठित की गई है? यदि हाँ तो कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार सीधी भर्ती 2023 में नियुक्त 2621 बी.एड. अर्हताधारी सहायक शिक्षकों की सेवायें समाप्त की गई है। अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदनों का परीक्षण एवं शासन को सुझाव देने के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति गठित की गई है। जी हाँ। समिति की एक बैठक हो चुकी है, कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

सड़क बनाने हेतु किसानों कीअधिग्रहित भूमि का मुआवजा

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

5. (क्र. 600) श्री भूपेश बघेल : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला दुर्ग में वर्ष 2024-25 में सड़क बनाने हेतु कितने किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है? किसानों को अधिग्रहित भूमि की कितनी मुआवजा राशि दिनांक 10.02.2025 तक प्रदान की गयी है? जानकारी विकासखण्डवार प्रदान करें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : दुर्ग जिला के अनुभाग पाटन अंतर्गत सड़क बनाने एवं सड़क चौड़ीकरण हेतु वर्ष 2024-2025 में दिनांक 10/02/2025 तक कुल 47 किसानों की भूमि अधिग्रहित किया जाकर कुल 3,01,35,095.00 रूपये मुआवजा निर्धारित किया गया। प्रभावित किसानों में से 03 किसानों को 25,75,065.00 रूपये मुआवजा वितरण किया जा चुका है। शेष 44 किसानों को मुआवजा वितरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अनुभाग दुर्ग, धमधा एवं भिलाई में वर्ष 2024-2025 में भूमि अधिग्रहण की जानकारी निरंक है।

जिला-कोरबा अंतर्गत हसदेव बांध के मुख्य नहर से शाखा नहर निर्माण

[जल संसाधन]

6. (क्र. 614) श्री फूलसिंह राठिया : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या कोरबा जिला अन्तर्गत हसदेव बांध के मुख्य नहर से सिंचाई हेतु शाखा नहर निर्माण के लिए पत्र क्र. 046 दिनांक 12.06.2024 को जल उपयोगिता समिति की बैठक जांजगीर-चांपा में सचिव/नोडल अधिकारी, कार्यपालन अधिकारी को मांग पत्र प्राप्त हुआ था? यदि हां, तो इसके बारे में विभाग के द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है? जानकारी दें। **(ख)** हसदेव बांध के मुख्य नहर से सिंचाई हेतु तरदा से होते हुए उरगा, भैसमा से चारमार, मदवानी व अन्य आश्रित ग्रामों से हसदेव मुख्य नहर से शाखा नहर बनायी जा सकती है या नहीं? यदि शाखा नहर नहीं बनायी जा सकती तो क्या लिफ्ट ऐरिगेशन से कृषकों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाई जाएगी?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हाँ, कोरबा जिला अन्तर्गत हसदेव बांध के मुख्य नहर से सिंचाई हेतु शाखा नहर के लिए माननीय विधायक, रामपुर का पत्र क्र. 046, दिनांक 12.06.2024, जिला जांजगीर-चांपा की जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में प्राप्त हुआ। पत्र में दर्शित गांवो में से कुछ गांव के सिंचाई के लिए लिफ्ट सिंचाई परियोजना आगामी बजट वर्ष 2025-26 में शामिल करने हेतु प्रस्तावित की गई है। **(ख)** हसदेव बांध के मुख्य नहर से सिंचाई हेतु तरदा से होते हुए उरगा, भैसमा से चारमार, मदवानी व अन्य आश्रित ग्रामों की भूमि नहर के तल से अधिक ऊंचाई में स्थित होने के कारण शाखा नहर बनाया जाना तकनीकी रूप से संभव नहीं है एवं हसदेव बांगो परियोजना की नहरों की सिंचाई क्षमता पूर्व से ही निर्धारित है, अतः लिफ्ट ऐरीगेशन से सिंचाई हेतु अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने के लिए नहर की क्षमता पर्याप्त नहीं है। उक्त गांवो में सिंचाई हेतु सर्वेक्षण उपरांत तकनीकी तथा वित्तीय पहलुओं का परीक्षण कर निर्णय लिया जावेगा।

आवासीय विद्यालय एवं मदरसों की जानकारी

[स्कूल शिक्षा]

7. (क्र. 627) श्री गजेन्द्र यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कुल कितने आवासीय विद्यालय/मदरसे (निजी एवं शासकीय) संचालित हैं उक्त में कितने -कितने छात्र/छात्राएं अध्ययनरत् हैं विद्यालयवार जानकारी बताए? **(ख)** वर्ष 2021 से 2024 तक राज्य शासन से आवासीय विद्यालय/मदरसे (निजी एवं शासकीय) कितनी राशि कौन-कौन मद /योजना से प्रदाय किया गया है? जिलेवार विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) प्रदेश में कुल 272 आवासीय विद्यालय /मदरसे (निजी एवं शासकीय) संचालित है उसमें 30155 छात्र 41137 छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालयवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** वर्ष 2021 से 2024 तक राज्य शासन से आवासीय विद्यालय को प्रदायित राशि का जिलेवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग के अंतर्गत संचालित महाविद्यालय

[पशुधन विकास]

8. (क्र. 749) श्री ललित चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा दुर्ग के अंतर्गत कितने महाविद्यालय/पॉलिटेक्निक

महाविद्यालय कब-कब स्वीकृत किए गए हैं? कितने महाविद्यालय में अध्ययन/अध्यापन का कार्य प्रारंभ किया गया है ? छात्रों की संख्या, सेटअप अनुसार रिक्त पदों की जानकारी दें। विश्वविद्यालय द्वारा किये गए अनुसंधान, उनकी कार्य योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करें। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार कितने अधिकारी/कर्मचारियों को एनएसडीएल/प्रान नंबर जारी किया गया है? विवरण दें। यदि नहीं तो उनके वेतन से कटौती उपरांत उक्त राशि किस मद में समायोजित की जा रही है ? जानकारी देवें। **(ग)** क्या पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय बिलासपुर भवन परिसर में बिना अनुमति 2500 नग वृक्ष कटाई के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हॉं, तो क्या कार्यवाही की गई है? क्या ठेकेदार को बिना कार्य पूर्ण किये सुरक्षा निधि का भुगतान किए जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हॉं तो क्या कार्यवाही की गई है ? जानकारी देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत 4 महाविद्यालय एवं 7 पॉलिटेक्निक स्वीकृत किये गए हैं। महाविद्यालय/पॉलिटेक्निक की स्थापना, अध्ययन/अध्यापन, छात्रों की संख्या, सेटअप अनुसार रिक्त पदों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार है।**विश्वविद्यालय द्वारा किये गए अनुसंधान की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार - कुल 172 अधिकारी/कर्मचारी एन.पी.एस. में कार्यरत हैं जिनका एन.एस.डी.एल./प्रान नंबर जारी करने की कार्यवाही अद्यतन जारी है। इस संबंध में **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'स' अनुसार है।** वेतन से कटौत्री उपरांत राशि विश्वविद्यालय के एन.पी.एस. खाता क्रमांक 59180100009321 में राशि रू. 71,56,204/- जमा है एवं सावधि जमा राशि रू. 21,64,58,714/- है। कुल राशि रू. 22,36,14,918/- जमा है **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'द' अनुसार है। (ग)** जी हां, बिना अनुमति वृक्ष कटाई व ठेकेदार को सुरक्षा निधि/अमानत राशि के अनियमित भुगतान पर जांच हेतु पृथक-पृथक दो समिति गठन किया गया है। जांच समितियों के जांच प्रतिवेदन अद्यतन अप्राप्त है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

विधानसभा क्षेत्र कसडोल के अन्तर्गत खनन हेतु प्रदत्त पट्टे

[खनिज साधन]

9. (क्र. 753) श्री संदीप साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र कसडोल के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 से दिनांक 10/02/2025 तक खनन हेतु किन-किन खनिज पदार्थों के लिए कितने खनिज पट्टा दिए गये हैं? स्वीकृत पट्टों की जानकारी पट्टेदार का नाम, स्थान स्वीकृति अवधि सहित जानकारी प्रदान करें? **(ख)** क्या उक्त स्वीकृत पट्टा क्षेत्र का सीमांकन राजस्व विभाग द्वारा किया गया है? यदि हां तो क्या खनिज पट्टिका अनुसार सही पायी गयी है अथवा नहीं जानकारी दें। **(ग)** क्या खनिज पट्टाधारी नियमानुसार उत्खनन कर रहा है? क्या उत्खनन क्षेत्र का समय-समय पर निरीक्षण विभाग के अधिकारी के द्वारा किया गया है? निरीक्षण में क्या कमियां पायी गई? क्या खनिज उत्खनन के क्षेत्रफल रकबा में बढ़ोतरी हुई है, यदि हां, तो किस आधार पर बढ़ोतरी हुई है? कृपया जानकारी दें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रश्नांकित अवधि में केवल खनिज रेत की कुल 13 उत्खनिपट्टा स्वीकृत है। जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।**(ख)** जी हां। स्वीकृत उत्खनिपट्टा क्षेत्र में उत्खनन हेतु भू-प्रवेश दिये जाने के पूर्व राजस्व विभाग के साथ संयुक्त सीमांकन किया गया है तथा खनिज पट्टिका अनुसार पाया गया है।**(ग)** निरीक्षण उपरांत 01 रेत उत्खननपट्टा में अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन पाये जाने पर 01 लाख रुपये अर्थदण्ड वसूल किया गया है। किसी भी स्वीकृत उत्खनिपट्टा के स्वीकृत रकबा में बढ़ोत्तरी नही

की गई है। तथापि ग्राम रीवाडीह, सुनसुनिया एवं दतान में स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अवैध उत्खनन के 05 प्रकरणों में कुल 11 लाख 67 हजार 9 सौ 10 रूपये समझौता राशि की वसूली की गई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवं महासमुंद के अन्तर्गत चिन्हांकित पर्यटन स्थल

[पर्यटन]

10. (क्र. 787) श्री संदीप साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं महासमुंद के अन्तर्गत पर्यटन विभाग के द्वारा किन-किन स्थानों को पयर्टन क्षेत्र के रूप में चिन्हांकित कर, विकसित किया गया है? इनके विकास एवं संवर्धन के लिए वर्ष 2022-23 से दिनांक 10/02/2025 तक किन-किन कार्यों हेतु कितनी-कितनी राशि का व्यय, किसके स्वीकृति उपरांत किया गया है? व्यय की गई राशि का विवरण मदवार, पर्यटन स्थलवार एवं विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार चिन्हांकित पर्यटन स्थलों में किन-किन स्थानों में पर्यटकों के विश्रामगृह /ठहरने हेतु सुविधाएं उपलब्ध हैं? क्या इनका संचालन पर्यटन विभाग द्वारा किया जा रहा है? इनमें ठहरने हेतु आरक्षण की क्या प्रक्रिया है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) 1. जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं जिला महासमुंद के अंतर्गत पर्यटन विभाग के द्वारा चिन्हांकित पर्यटन स्थलों की सूची **संलग्न प्रपत्र 'अ'** में दर्शित है । इन पर्यटन स्थलों में से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत पलारी, बारनवापारा, तुरतुरिया, दामाखेड़ा, चंगोरपुरी धाम, सिंगारपुर तथा जिला महासमुंद के अंतर्गत सिरपुर एवं खल्लारी में समय-समय पर पर्यटन विभाग द्वारा विकास कार्य कराये गये हैं । 2. प्रश्नांकित अवधि में प्रपत्र-1 में दर्शित पर्यटन स्थलों में से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत:- (अ) विकासखंड सिमगा के ग्राम दामाखेड़ा में कबीरसागर तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बलौदाबाजार संभाग के माध्यम से कराया जा रहा है। उक्त कार्य हेतु राशि रूपये 22.43 करोड़ स्वीकृत है, जिनमें से वर्ष 2022-23 से दिनांक 10.02.2025 तक 6.68 करोड़ रूपये की राशि का व्यय किया जा चुका है। विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'ब'** की तालिका के सरल क्रमांक 01 में दर्शित है । (ब) विकासखण्ड कसडोल के ग्राम तुरतुरिया को राम वन गमन पर्यटन परिपथ योजना के अंतर्गत पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित कराये जाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत वनमंडलाधिकारी, वनमण्डल बलौदाबाजार द्वारा किया गया है। उक्त कार्य हेतु स्वीकृत राशि रूपये 4 करोड़ 76 लाख 44 हजार 547 रूपये है, जिसमें से वर्ष 2022-23 से दिनांक 10.02.2025 तक 2.50 करोड़ रूपये की राशि का व्यय किया जा चुका है। विस्तृत जानकारी प्रपत्र-2 की तालिका के सरल क्रमांक 02 में दर्शित है। **(ख)** 1. प्रश्नांश "क" अनुसार चिन्हांकित पर्यटन स्थलों में से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत बारनवापारा (मोहदा) एवं जिला महासमुंद के अंतर्गत सिरपुर में पर्यटकों के विश्रामगृह/ठहरने हेतु सुविधाएं उपलब्ध है। इनका संचालन छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के द्वारा किया जा रहा है । 2. उपरोक्त ईकाईयों में ठहरने हेतु विभागीय वेबसाइट https://tourism.cgstate.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन तथा रायपुर स्थित कॉल सेंटर के टोल फ्री दूरभाष क्रमांक 18001026415 एवं राज्य में संचालित 11 तथा राज्य के बाहर संचालित 4 पर्यटन सूचना केन्द्रों के माध्यम से ऑफलाईन आरक्षण किये जाने की सुविधा उपलब्ध है ।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

<u>कांकेर जिले में अनु. अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व पटवारीयों के विरुद्ध कार्यवाही</u>

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

11. (क्र. 812) श्री आशा राम नेताम : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021–22 से 1 जनवरी 2025 तक कांकेर जिले में कितने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार ,राजस्व निरीक्षक व पटवारीयों के विरुद्ध कौन-कौन सी शिकायतें प्राप्त हुई है ? कौन-कौन सी शिकायतों पर जांच कर कार्रवाई की गई है? अगर शिकायतों पर जांच नहीं की गई है तो जांच कब से किस स्तर पर और क्यों लंबित है ? **(ख)** अवैध प्लाटिंग हेतु नकल प्रदान करने पर पटवारीयों पर अधिकतम एवं न्यूनतम क्या क्या कार्रवाई की जा सकती है ? प्रश्नांश **(क)** अवधि में क्या किसी पटवारी पर कार्यवाही की गई है ? जानकारी देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : प्रश्नांश '**क**' की जानकारी **प्रपत्र- अ** अनुसार **पुस्तकालय** में रखी गई है। **(ख)** भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 256 के अनुसार दस्तावेजों की नकल नियमानुसार भुईयां एवं नकल शाखा द्वारा प्रदान किया जाता है। किसी शासकीय कर्मचारी द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के उल्लंघन होना पाये जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 में कार्यवाही का प्रावधान है। प्रश्नांश (क) में उल्लेखित अवधि में की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय** में **प्रपत्र** अनुसार है।

<u>कोटा एवं गौरेला उप वनमंडल क्षेत्रांतर्गत एन.पी.व्ही एवं क्षतिपूर्ति की राशि का उपयोग</u>

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

12. (क्र. 861) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोटा एवं गौरेला उप वनमंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020 से दिसंबर 2024 तक एन.पी.व्ही एवं क्षतिपूर्ति की राशि कितनी कितनी प्राप्त हुई है? वर्षवार जानकारी दें? **(ख)** प्राप्त राशि का उपयोग किस-किस कार्य एवं क्षेत्र के लिये किया गया है? दिनांक एवं कार्यवार जानकारी दें? **(ग)** क्या एन.पी.व्ही एवं क्षतिपूर्ति की राशि का उपयोग करने से पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है? अगर हॉ तो उपयोग के पूर्व किसकी अनुमति ली गई है? **(घ)** वर्ष 2020 से 2024 तक एन.पी.व्ही एवं क्षतिपूर्ति राशि के आय व्यय का ऑडिट कब कब और किसके द्वारा किया गया है? क्या ऑडिट में आपत्ति पाई गई थी? अगर हॉ तो क्या क्या पाई गई थी? वर्षवार जानकारी दें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) कोटा एवं गौरेला उप वनमंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020 से दिसंबर 2024 तक एन.पी.व्ही. एवं क्षतिपूर्ति की प्राप्त राशि का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	कोटा उप वनमंडल		गौरेला उप वनमंडल	
	एन.पी.व्ही.की राशि(लाख में)	क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण की राशि (लाख में)	एन.पी.व्ही. की राशि (लाख में)	क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण की राशि (लाख में)
2020	0	0	0	0
2021	0	0	0	0
2022	0	0	0	0
2023	0	0	0	0
2024 (दिसंबर 2024 तक)	375.949	224.156	217.719	129.813
योग:	**375.949**	**224.156**	**217.719**	**129.813**

(ख) प्राप्त राशि का उपयोग नहीं किया गया है।**(ग)** जी हां। प्राप्त राशि का उपयोग नहीं किया गया है, अतः अनुमति का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(घ)** प्रश्नांश अवधि में कैम्पा मद से हुये आय-व्यय का ऑडिट में पायी गयी आपत्ति की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र'' में दर्शित है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत कार्य की अद्यतन स्थिति

[स्कूल शिक्षा]

13. (क्र. 879) श्री अजय चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नई शिक्षा नीति, 2020 छत्तीसगढ़ में कब से पूर्ण या आंशिक रूप से लागू है? इसके अंतर्गत किन-किन क्षेत्रों में, क्या-क्या कार्य कितने चरणों में किया जाना है और उनमें से कौन-कौन से कार्य किये जा चुके हैं? इसके क्रियान्वयन के लिये क्या-क्या कार्ययोजना राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2025 तक बनाई गयी है? किन-किन क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है उसका परिणाम क्या है? **(ख)** नई शिक्षा नीति, 2020 अंतर्गत कौन-कौन से नये पाठ्यक्रम को जोड़ा गया है? डिजिटल शिक्षा से संबंधित कौन-कौन सा कार्य किया जाना है? **(ग)** उक्त अंतर्गत कितने स्कूलों में स्मार्ट स्कूल व स्मार्ट क्लास तैयार की जा चुकी है? रोजगार मूलक शिक्षा व डिजिटल लाईब्रेरी कितने स्कूलों में प्रारंभ हो चुकी है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) नई शिक्षा नीति 2020 को भारत सरकार द्वारा केबिनेट में 29 जुलाई, 2020 को लागू किए जाने की घोषणा की गयी। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश द्वारा दिनांक 15.07.2024 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्ण रूप से लागू करने के निर्देश दिये गये। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत शासन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार की गई सार्थक नाम की मार्गदर्शिका को आधार बनाकर छ०ग० शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन किया जा रहा है। एनईपी 2020 के क्रियान्वयन हेतु कुल 297 टॉस्क को चिन्हांकित किया गया है। इनमें से कुल 44 टॉस्क मुख्यतः केन्द्रिय संस्थानों एवं भारत सरकार से संबंधित है। कुल 150 टॉस्क प्रक्रियाधीन है और कुल 70 टॉस्क को राज्य में पूर्ण कर लिया गया है। कुल 33 टॉस्क को अभी प्रारंभ किया जाना है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।(ख)** राज्य सरकार द्वारा एनसीईआरटी द्वारा तैयार किये गये नए पाठ्यक्रम को अनुकूलित किया गया है। कक्षा 3 यानि प्रिपेटरी स्टेज पर कला शिक्षा, शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रम जोड़े गए है। वहीं कक्षा 6 में यानि मिडिल स्टेज पर कला शिक्षा, शारीरिक शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम जोड़ा गया है। शिक्षा को डिजिटल करने हेतु पाठ्यपुस्तकों में क्यू आर कोड, पीएम ई विद्या कार्यक्रम, आई.सी.टी. कार्यक्रम, स्मार्ट कक्षाओं को संचालन जैसे कार्य प्रमुखता से किए जा रहे है। **(ग)** वर्तमान में राज्य के 5857 विद्यालयों (1705 पूर्व माध्यमिक विद्यालय + 4152 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) में स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना की जा चुकी है। वर्तमान में डिजिटल लाईब्रेरी किसी भी विद्यालय में प्रारंभ नहीं है। प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत 1244 विद्यालयों द्वारा रोजगार मूलक शिक्षा प्रदाय की जा रही है। जिसके अंतर्गत कुल 15 ट्रेड (हेल्थकेयर, आईटी, रिटेल, कृषि, मीडिया एंड इंटरटेनमेंट, टेलीकॉम्यूनिकेशन, बैंकिंग एंड फाइनेंशियल, ब्यूटी एंड वेलनेस, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, पॉवर, प्लंबिंग, कंस्ट्रक्शन, अपेयरल, टूरिज्म एंड हॉस्पिटिलिटी) संचालित है।

जिला रायपुर अंतर्गत मछली पालकों को विभिन्न योजनाओं का प्रदत्त लाभ

[मछली पालन]

14. (क्र. 1055) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायपुर अंतर्गत वर्ष 2022-23 से दिनांक 31.01.2025 तक मछली पालन विभाग द्वारा नीलक्रांति

मोटरसायकल सह आईस बाक्स वितरण योजना, प्रदेश से बाहर अध्ययन भ्रमण योजना, विभागीय नाव जाल वितरण योजना के तहत कितने-कितने हितग्राहियों का चयन किया जाकर अनुदान एवं सामग्री का वितरण किया गया ? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** में उल्लेखित वितरण सामग्री किस फर्म से कितनी-कितनी राशि से क्रय की गई है ? क्रय मूल्य क्या था? हितग्राहियों को कब वितरण किया गया? **(ग)** विधानसभा आरंग क्षेत्र में विगत 03 वर्षों में समितियों को मछली पालन हेतु कितने तालाब उपलब्ध कराये गये है, तथा सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु उक्त अवधि में शासन से कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? उक्त राशि से कितने सदस्यों को कब-कब, कहां प्रशिक्षण दिया गया है एवं कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला रायपुर में प्रश्नांकित अवधि में नीलक्रांति योजना संचालित नहीं है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनांतर्गत मोटर सायकल सह आईस बॉक्स, राज्य संवर्ग की योजना से प्रदेश के बाहर अध्ययन भ्रमण योजना, विभागीय नाव-जाल वितरण योजना के तहत् चयनित हितग्राहियों को प्रदाय अनुदान राशि एवं सामग्री वितरण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ' अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित वितरण सामग्री, क्रय फर्म, क्रय राशि एवं क्रय मूल्य की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'ब' अनुसार है। (ग)** विधानसभा आरंग क्षेत्र में विगत 03 वर्षों में समितियों को मछली पालन हेतु 29 तालाब एवं 01 जलाशय उपलब्ध कराए गए हैं, **विस्तृत जानकारी संलग्न प्रपत्र-'स' अनुसार है**तथा सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु उक्त अवधि में शासन से राशि रूपये 2.868 लाख स्वीकृत की गई है। उक्त राशि से 375 सदस्यों को प्रशिक्षण देते हुए भुगतान किया गया है। **विस्तृत जानकारी संलग्न प्रपत्र-'द' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

मुंगेली विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत आयोजित खेल प्रतियोगिताएं

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

15. (क्र. 1123) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में वर्ष 2020-21 से दिनांक 10 फरवरी, 2025 तक खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा कौन-कौन सी गतिविधियां तथा खेल प्रतियोगिताओं को उच्च स्तर पर प्रायोजित करने हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गई? उपरोक्त खेलकूद से जुड़े निर्माण कार्यों को किये जाने हेतु, किन-किन ग्रामों में कुल कितनी-कितनी राशि व्यय की गई ? मुंगेली में अयोजित किये गये खेलकूद के माध्यम से कितने ऐसे खिलाड़ियों को जिला से उच्चतर राज्य, केन्द्र अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिला है? **(ख)** जिला-मुंगेली में किन-किन जिला, राज्य एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया? प्रोत्साहित खिलाडियों को राज्य शासन द्वारा क्या-क्या सुविधा एवं राशि जारी की गई? क्या केन्द्र शासन द्वारा उत्कृष्ट खिलाडियों को कोई राशि दी जाना है तो राज्यांश एवं केन्द्रांश में कितनी राशि जारी की गई ? वर्षवार, खिलाडियों के नामवार विस्तृत जानकारी देवें ? तत्संबंध में अनुसूचित जाति के खिलाड़ियों को बालक/बालिका, पुरुष अथवा महिला द्वारा अंतराष्ट्रीय स्तर पर किये गये कार्य एवं उनके भुगतान के संबंध में जानकारी भी देवें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ'' अनुसार है। खेलकूद से जुड़े निर्माण कार्यों को किये जाने हेतु ग्रामों में व्यय की गई राशि निरंक है। मुंगेली में आयोजित खेलकूद के माध्यम से कुल 42 खिलाडियों को राज्य/केन्द्र/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिला। **(ख)** खिलाडियों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब'' अनुसार है।** प्रोत्साहित खिलाडियों को राज्य शासन द्वारा टी.ए.डी.ए., भोजन, कीट इत्यादि की सुविधा प्रदान की जाती है एवं प्रदत्त राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब'' अनुसार है।** केन्द्र शासन द्वारा उत्कृष्ट खिलाडियों को दी जाने वाली राशि निरंक है।

अनुसूचित जाति के खिलाडियों को बालक/बालिका, पुरूष अथवा महिला द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किये गये कार्य एवं उनके भुगतान के संबंध में जानकारी निरंक है।

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में विभाग अंतर्गत निर्माण कार्यों की वित्तीय स्वीकृति

[जल संसाधन]

16. (क्र. 1124) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 से दिनांक 31.01.2025 तक आम बजट में जल संसाधन विभाग के कौन-कौन से कितनी-कितनी राशियों के निर्माण कार्यों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है? कितने निर्माण कार्य पूर्ण तथा कितने अपूर्ण हैं ? लंबित प्रशासकीय स्वीकृति कब तक प्रदान की जावेगी? समयावधि बातावें? **(ख)** प्रश्न (क) अनुसार क्या तीन वर्ष से पूर्व स्वीकृत कार्यों, जिनको निरस्त किया गया है, को पुनः बजट में शामिल कर स्वीकृत किये जाने हेतु जिला विभागीय प्राधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा पत्राचार किया गया है तो उन पर क्या कार्यवाही की कई ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 से दिनांक 31.01.2025 तक कुल 50 कार्य बजट में शामिल था। इसमें से 18 कार्यों के लिए राशि रू. 12910.61 लाख के निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों में से 03 कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं 15 कार्य प्रगतिरत है। 10 कार्य कालातीत हो चुकी है तथा 04 कार्यों की स्थल अनुपयुक्त है। शेष 18 कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की समयावधि बताना संभव नहीं है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** उक्त अवधि तक की बजट में शामिल 10 कार्य, जो कलातीत हुए हैं उन्हें पुनः बजट वर्ष 2021-22 में 01 कार्य, वर्ष 2023-24 में 02 कार्य एवं वर्ष 2024-25 में 07 कार्य, शामिल किया गया है, इसमें से वर्ष 2021-22 के बजट में शामिल 01 कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है तथा 09 कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** **[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]**

जिला-राजनांदगांव में स्थापित आबकारी सर्किल

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

17. (क्र. 1161) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या जिला राजनांदगाँव में आबकारी सर्किल की स्थापना की गई है ? यदि हां, तो कब-कब, कहां-कहां स्थापित की गई है ? पता सहित जानकारी देवें ? क्या स्थापित आबकारी सर्किल में किसी प्रकार की नशे या अन्य कारणों से संबंधित प्रकरण दर्ज किये गये हैं? यदि हां तो दर्ज प्रकरणों पर क्या कार्यवाही की गई ? क्या घुमका वि.ख. व जिला राजनांदगांव में आबकारी सर्किल की स्थापना की गई है ? यदि हां, तो कब से एवं कहां? पूर्ण पता सहित जानकारी देवें ? उक्त स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों का नाम/पदनाम सहित जानकारी देवें ? घुमका में स्थापित आबकारी सर्किल किराये के भवन या शासकीय भवन में संचालित है ? जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी हॉ, जिला राजनांदगाँव में आबकारी सर्किल की स्थापना की गई है। आबकारी सर्किल स्थापना का दिनांक एवं स्थान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। स्थापित आबकारी सर्किल में वर्तमान वित्तीय वर्ष में नशे या अन्य कारणों से आबकारी विभाग द्वारा दर्ज प्रकरण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। घुमका विकासखण्ड व जिला-राजनांदगांव में आबकारी सर्किल की स्थापना दिनांक एवं स्थान तथा उक्त स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों का नाम एवं पदनाम सहित जानकारी **सलंग्न प्रपत्र-**

अ अनुसार है। ग्राम घुमका में आबकारी सर्किल का भवन नहीं है, ग्राम- घुमका राजनांदगांव पूर्व सर्किल के अंतर्गत आता है, जिसका मुख्यालय राजनांदगांव पुराना बस स्टैण्ड के पास आबकारी नियंत्रण कक्ष शासकीय भवन में संचालित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

जिला रायपुर अंतर्गत मोबाइल टावर लगाने की प्रदत्त अनुमति

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

18. (क्र. 1234) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि प्रदेश में कहीं पर भी मोबाईल टावर लगाने का आवेदन इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग लेता है ? यदि हां तो कैलेंडर वर्ष 2024 तथा 2025 में जनवरी माह तक रायपुर जिले में मोबाइल टॉवर लगाने हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए ? विवरण देवें ? **(ख)** कंडिका "क" में प्राप्त आवेदन में से कितने लोगों को मोबाइल टॉवर लगाने की अनुमति देने से पूर्व क्या विभाग द्वारा स्थल पर जाकर निरीक्षण किया गया कि कहां, किस मकान या भवन में मोबाईल टॉवर लगने वाला है और वहां आसपास सघन आबादी है या खुला क्षेत्र ? क्या इस टॉवर से निकलने वाले रेडिएशन का आसपास के निवासियों पर दुष्प्रभाव पड़ता है ? **(ग)** मोबाईल टॉवर लगाने की अनुमति देने से पहले नगरीय निकायों से अनापत्ति क्यों नहीं प्राप्त की जाती ? **(घ)** क्या जिन जिन क्षेत्रों से मोबाईल टॉवर लगाने पर अनुमति के विरुद्ध आपत्ति आती है, उस पर क्या कार्यवाही की जाती है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हां, इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के CG ROW portal के माध्यम से मोबाइल टॉवर के आवेदनों को जिलों में गठित जिला स्तरीय समिति को अग्रेषित किया जाता है। कैलेण्डर वर्ष 2024 तथा 2025 में जनवरी माह तक 235 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिनका विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** सभी आवेदनों का निरीक्षण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है। टॉवर से निकलने वाले रेडीयेशन के संबंध में भारत सरकार, संचार मंत्रालय, के पोर्टल (http://tarangsanchar.gov.in/) में उपलब्ध जानकारी अनुसार ''बहुत कम एक्सपोजर के स्तर और रिसर्च परिणाम को ध्यान में रखते हुए आज तक कोई ऐसा विश्वसनीय वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं मिला है जिससे साबित हो कि बेस स्टेशन और बेतार नेटवर्क से निकलने वाले कमजोर रेडियो आवृति (RF) सिग्नल से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।'' **(ग)** मोबाईल टॉवर लगाने हेतु विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एफ 4-54/56/2014/इ.सू.प्रौ. दिनांक 12.03.2021 के अंतर्गत कार्यवाही की जाती है। जिला स्तर पर गठित समिति में नगरीय निकायों से संबंधित अधिकारी होते है, सर्व सहमति से जिला स्तरीय समिति द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाती है। **(घ)** प्राप्त आपत्तियों के संबध में ''छत्तीसगढ़ राज्य में दूरसंचार अवसंरचना के विकास के लिए तारमार्ग के अधिकार की नीति 2021'' दिनांक 12.03.2021 के प्रावधानों के तहत जिला स्तरीय समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निराकरण किया जाता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

महासमुंद जिले में देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के संचालन हेतु जारी दिशानिर्देश

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

19. (क्र. 1270) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में वर्तमान में कितनी देशी तथा विदेशी शराब दुकानें संचालित हैं तथा कितनी ऐसी दुकानें हैं, जो स्टेट हाईवे/राष्ट्रीय राजमार्गों/ स्कूल/ कॉलेज/अस्पताल के 100 मीटर के दायरे में स्थित हैं? इस हेतु माननीय उच्च न्यायालय के क्या दिशानिर्देश हैं? क्या सभी शराब दुकानों हेतु उक्त दिशानिर्देश का पालन

किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? **(ख)** क्या किसी शराब दुकान को हटाने हेतु 10 फरवरी, 2024 से 20 दिसंबर, 2024 तक जन-प्रतिनिधियों व ग्रामवासियों के द्वारा मांग की गई है? अगर हाँ तो क्या उसे हटा दिया गया है? अगर नहीं, तो क्यों? कारण सहित बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) महासमुंद जिले में वर्तमान में 10 देशी मदिरा दुकान, 10 विदेशी शराब दुकान, 11 देशी कम्पोजिट मदिरा, 05 विदेशी कम्पोजिट मदिरा एवं 03 प्रीमियम मदिरा दुकान कुल 39 मदिरा दुकाने संचालित हैं। इनमें से 01 देशी मदिरा दुकान, 01 विदेशी मदिरा दुकान एवं 03 प्रीमियम मदिरा दुकान कुल 05 मदिरा दुकान जो स्टेट हाईवे/राष्ट्रीय राजमार्गों/स्कूल/कॉलेज/अस्पताल के 100 मीटर के दायरे में स्थित हैं। उक्त सभी मदिरा दुकान नगरीय निकाय क्षेत्र में संचालित है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील प्रकरण क्रमांक 12164-12166 ऑफ 2016, इन द स्टेट ऑफ तमिलनाडु एण्ड अदर्स वर्सेज के. बालू एण्ड अनादर में पारित आदेशों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर(आबकारी) विभाग की संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ 10-37/2017/वा.क.(आब.) /पांच(52) दिनांक 19 जून 2017 को जारी की गई जिसके (सामान्य अनुज्ञप्ति शर्त) अनुसार- ''नियम 1 के उप नियम (1) में खण्ड **(ग)(घ)**(ड़) (च) के स्थान पर खण्ड (ख-1) प्रतिस्थापित किया जावे- (4) शराब बिक्री की कोई दुकान राष्ट्रीय या राज्य राजमार्ग से (एक) दिखाई न दे (दो) राष्ट्रीय या राज्य राजमार्ग से पंहुच में न हो (तीन) राष्ट्रीय या राज्य राजमार्ग से या राजमार्ग के सर्विस लेन के बाहरी छोर से 500 मीटर की दूरी के भीतर स्थित न हो, परन्तु 20000 या उससे कम आबादी वाले स्थानीय निकायों वाले क्षेत्रों के मामले में राष्ट्रीय तथा राज्य राजमार्गों के 220 मीटर की दूरी के भीतर स्थित न हो।'' तथा छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर(आबकारी) विभाग की संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ 10-57/2020/वा.क.(आब.)/पांच(75) दिनांक 27.05.2020 (सामान्य अनुज्ञप्ति शर्त) अनुसार- ''नियम 1 के उप नियम (1) में खण्ड (ख-1) की कंडिका (दो) निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जावे- ''(दो) कंडिका (एक) का प्रावधान उन राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों को लागू नहीं होंगे, जो किसी नगरीय क्षेत्र में से होकर गुजरते है।''माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर, द्वारा प्रकरण क्रमांक रिट याचिका (पीआईएल) 104/2023 दिनांक 12.12.2023 - इन द मैटर ऑफ सुओ मोटो पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन वर्सेज स्टेट ऑफ छत्तीसगढ़ एण्ड अनादर में जारी आदेश दिनांक 04.12.2023 के अनुपालन में- वाणिज्यिक कर(आबकारी) विभाग की संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ 10-9/2024/वा.क.(आब.)/ पांच(30) दिनांक 12 फरवरी 2024 जारी की गई जिसके अनुसार- ''(2) नियम 1 के उपनियम (1) के खण्ड **(ख)** के स्थान पर निम्नानुसार नियम 1 के उपनियम (1) के खण्ड **(ख)** प्रतिस्थापित किया जावे, अर्थात्- ''**(ख)** किसी धार्मिक या किसी शैक्षणिक संस्था, किसी अस्पताल, अनुसूचित जातियों के सदस्यों की किसी कालोनी (न्यूनतम 100 परिवार), किसी श्रमिक कालोनी (न्यूनतम 100 परिवार), पेट्रोल पम्प के निकट हैं या जहाँ राज्य सरकार की मंजूरी अभिप्राप्त की गयी है, सिवाय इसके कि, जहाँ ऐसी दुकान, ऐसे स्थान से 100 मीटर से अधिक की दूरी पर स्थित हैं।'' उक्त दिशा-निर्देशों के अनुसार दुकानों का संचालन किया जा रहा है। **(ख)** 10 फरवरी, 2024 से 20 दिसंबर, 2024 तक जन-प्रतिनिधियों व ग्रामवासियों के द्वारा विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान सिरपुर, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान भुरकोनी एवं बलौदा तथा प्रीमियम मदिरा दुकान सरायपाली को हटाने की मांग की गई है। उक्त सभी मदिरा दुकान में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 के अंतर्गत सामान्य प्रयोग के नियम-1 के अंतर्गत आपत्ति रहित स्थल पर संचालित है। उक्त नियम के तहत् दुकानों को नहीं हटाया गया है।

<u>जिला महासमुंद अंतर्गत तहसील बसना में शासकीय भूमि की बिक्री</u>

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

20. (क्र. 1274) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या बसना तहसील के बसना नगर पंचायत अंतर्गत सांई विहार कॉलोनी के बिल्डरों के खिलाफ शासकीय भूमि

पर कब्जे की कोई शिकायत प्राप्त हुई है? अगर हाँ तो, बिल्डरों पर क्या कार्यवाही की गई है? अगर नहीं तो क्यों? कारण सहित जानकारी देवें? **(ख)** बिल्डरों के द्वारा कितनी जमीन सांई विहार कॉलोनी हेतु क्रय की गई थी, जिसमें से कितनी जमीन को विक्रय कर दिया गया व कितनी जमीन शेष है? विवरण सहित जानकारी देंवे?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) हॉ। बसना तहसील के बसना नगर पंचायत अंतर्गत सांई विहार कॉलोनी के बिल्डरों के खिलाफ शासकीय भूमि पर कब्जे की शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत के संबंध में जॉच प्रक्रियाधीन है। जॉच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरान्त आगामी कार्यवाही की जावेगी। **(ख)** बिल्डरों के द्वारा कुल 5.745 हेक्टेयर भूमि क्रय की गई है। जिसमें से 3.907 हेक्टेयर भूमि को विक्रय कर दिया गया है। मौके पर प्लाटिंग के पश्चात् रोड रास्ता हेतु लगभग रकबा 1.30 हेक्टेयर भूमि शेष है। वर्तमान खसरा अनुसार 6.0562 हेक्टेयर भूमि शेष है। भुईया के खसरा अभिलेख में साई विहारकॉलोनी का रकबा अधिक दर्ज होना वर्ष 2015 के अभिलेख जॉच में पाया गया। उक्त विसंगति वर्तमान खसरा, मेनुअल अभिलेख एवं ऑनलाईन अभिलेख दोनों में होना पाया गया है।

<u>बिजली करंट लगने से शिक्षक के असामयिक निधन पर मुआवजा</u>

[स्कूल शिक्षा]

21. (क्र. 1466) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या 5 नवम्बर, 2024 को जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम सारंगढ़-बिलाईगढ़ में बैनर-पोस्टर लगाते समय किस शिक्षक की स्टॉल में खुले बिजली तार लगे करेंट लगने से असामयिक निधन हुआ है? यदि हां तो क्या उक्त दुर्घटना की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्यवाही की गई है ? **(ख)** क्या मृतक शिक्षक के परिवार को शासन द्वारा सहायता राशि या मुआवजा दी गई तथा शिक्षक के परिवार के सदस्य को सम्मानजनक पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई? कृपया जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) 5 नवम्बर, 2024 को जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम सारंगढ़-बिलाईगढ़ में बैनर-पोस्टर लगाते समय श्री भगतराम पटेल, शिक्षक का स्टॉल में करेंट लगने से असामयिक निधन हुआ। थाना प्रभारी सारंगढ़ द्वारा जांच की गई जिसमें घटना को आकस्मिक दुर्घटना घटित होना बताया गया है। **(ख)** जी नहीं। अनुकंपा नियुक्ति की कार्यवाही वर्तमान में प्रक्रियाधीन है।

<u>विधानसभा सारंगढ़ के अंतर्गत क्रेडा द्वारा सोलर हाई मास्ट लाईट लगाने की स्वीकृति</u>

[ऊर्जा]

22. (क्र. 1468) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा सारंगढ़ के अंतर्गत उर्जा विभाग के क्रेडा द्वारा सोलर हाई मास्ट लाईट लगाने हेतु कितने गांव के लिए स्वीकृति मिली थी एवं कितने गांव में ठेकेदार द्वारा सोलर लाईट चालू कर दिया गया और कितने ग्रामों में चालू करना बाकी है? गांव के नामवार एवं संख्यावार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** स्वीकृति उपरांत जनवरी, 2025 तक कितने सोलर लाईट चालू नहीं हो पाये तो किस कारण से नहीं हो पाये हैं एवं सोलर लाईट सिस्टम कितने गांवों का खराब है तथा खराब स्थिति में मरम्मत कार्य क्यों नहीं हो पा रहा है? कृपया जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विधानसभा सारंगढ़ अंतर्गत क्रेडा द्वारा 29 ग्रामों में सोलर हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना हेतु स्वीकृतियॉ जारी की गई थी। जिनमें से 20 ग्रामों में सोलर हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना कर संयंत्र चालू कर दिया गया है। ग्रामवार, संख्यावार **जानकारी ''संलग्न प्रपत्र'' अनुसार** है। शेष 09 ग्रामों

में संयंत्रों की स्थापना हेतु राशि की अनुपलब्धता के कारण स्वीकृति आदेश निरस्त किया गया है। इस प्रकार किसी भी ग्राम में स्वीकृत कार्यो के विरूद्ध कार्य प्रारम्भ किया जाना शेष नही है। **(ख)** प्रश्नाधीन ग्रामों में से किसी भी ग्राम का संयंत्र खराब नही है। शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

ग्राम पंचायत कुटेला धाम को पर्यटन केंद्र में शामिल करने हेतु कार्यवाही

[पर्यटन]

23. (क्र. 1539) श्री दिलीप लहरिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मस्तूरी विधानसभा के अंतर्गत सतनामी समाज के धार्मिक स्थल ग्राम पंचायत कुटेला धाम को पर्यटन केंद्र में शामिल करने विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? विवरण देवें? **(ख)** क्या उक्त ग्राम को पर्यटन केंद्र में विकसित करने 20 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत किए गए थे? उक्त कार्यों की भौतिक स्थिति क्या है? कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण एवं निरस्त हुए है? कारण क्या है? विवरण देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी निरंक है । **(ख)** जी नहीं । ग्राम पंचायत कुटेला धाम के विकास हेतु पर्यटन विभाग से कोई राशि स्वीकृत नहीं की गयी है। शेष जानकारी निरंक है ।

बिलासपुर वन मंडल अंतर्गत तखतपुर परिक्षेत्र के टिंगीपुर इलाके में हाथी की मौत

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

24. (क्र. 1541) श्री दिलीप लहरिया : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर वन मंडल अंतर्गत तखतपुर परिक्षेत्र के टिंगीपुर इलाके में हाथी के शावक की मौत के प्रकरण में किन-किन लोगों को दोषी पाया गया है? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई है? दोषियों के घर से क्या-क्या सामान जब्त किया गया है? विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के मामले की जानकारी विभाग को कब हुई? क्या प्रकरण बनाने में अधिकारियों के द्वारा अनियमितता की गयी है? **(ग)** इस प्रकरण में दोषी अधिकारियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों ? विवरण देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) बिलासपुर वृत्त अंतर्गत आने वाले बिलासपुर वनमंडल के तखतपुर वन परिक्षेत्र के टिंगीपुर इलाके में नर हाथी शावक की मृत्यु के प्रकरण में निम्नलिखित लोगों को दोषी पाया गया हैः-1. श्री कमल सिंह पिता श्री बुल्लूराम, जाति-गोड़, उम्र-55 वर्ष, साकिन-राउत टिंगीपुंर, ग्राम पंचायत-गमजु, थाना व तहसील-तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)2. श्री मनोज मरकाम, पिता श्री कमल सिंह, जाति-गोड़, उम्र-39 वर्ष, साकिन-टिंगीपुर, ग्राम पंचायत-गमजु, थाना व तहसील-तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)3.श्री रामखिलावन, पिता श्री मालिकराम, जाति-गोड़, उम्र-39 वर्ष, साकिन-राउत टिंगीपुर (परसापारा) ग्राम पंचायत-गमजु, थाना व तहसील- तखतपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)4. श्री देवराज, पिता श्री परदेशी, जाति-गोड़, उम्र-40 वर्ष, साकिन-राउत टिंगीपुर (परसापारा) ग्राम पंचायत-गमजु, थाना व तहसील-तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)दोषियों पर प्रकरण क्रमांक 13151/05 दिनांक 01.11.2024 वन अपराध दर्ज कर 02 अभियुक्तों को दिनांक 03.11.2024 को गिरफ्तार कर दिनांक 04.11.2024 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अन्य 02 अभियुक्तिों को दिनांक 10.11.2024 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त 04 अभियुक्त आज दिनांक तक रिमांड पर है। दोषियों के पम्प हाउस में कुल्हाड़ी, आरी, जी.आई.तार, सर्विस वायर, तार बांधने की खुटिया जप्त किया गया।**(ख)** कंडिका ''क" के मामले की जानकारी विभाग को दिनांक 01.11.2024 को हुई। प्रकरण बनाने में अधिकारियों/कर्मचारियों के

द्वारा कोई अनियमिता नहीं की गई है।**(ग)** प्रकरण में कोई अधिकारी दोषी नहीं है। अतः कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता ।

धरसींवा विधान सभा क्षेत्रांतर्गत ईट भट्टों का संचालन

[खनिज साधन]

25. (क्र. 1544) श्री अनुज शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरसींवा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत किन-किन स्थानों पर वैध ईट भट्टों का संचालन किस-किस के द्वारा किया जा रहा है? क्या संचालित सभी ईट भट्टों के लिये विभाग से विधिवत अनुमति ली गई है?यदि हां तो किन नियम/शर्तो के तहत संचालन की अनुमति प्रदान की गई है? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या विभाग को किसी प्रकार से अवैध ईट भट्टों के संचालन संबंधी कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो कौन-कौन सी ईट भट्टों की और इन पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी प्रपत्र अनुसार है। जी हां। छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 में प्रावधानित नियम/शर्तों के तहत् संचालन की अनुमति प्रदान की गई है । **(ख)** जी नहीं । शेष प्रश्न उद्भुत नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत पूर्व में संचालित बचत खातों के बंद होना

[स्कूल शिक्षा]

26. (क्र. 1548) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला- धमतरी अंतर्गत सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत कितने कार्यालयों/संस्थाओं के बचत खाता को विगत 03 वर्षों में कब बंद कराया गया है और किस कारण से बंद हुये ? बंद हुये खातों का आडिट किस-किस सत्र में कराया गया है ? यदि नहीं तो क्या बिना ऑडिट कराये खाता को बंद कराना उचित था ? कृपया वर्षवार विवरण प्रदाय करें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार बंद हुये खाते की शेष बचत राशि को कौन-कौन से खातो में अंतरित किया गया है तथा किसके माध्यम से हस्तातंरित किया गया है? विकासखण्डवार, जानकारी प्रदाय करें ? **(ग)** प्रश्नांक 'क' के तहत् शेष बची राशि का उपयोग कब और किस-किस मद में व्यय किया गया सत्रवार, विकासखण्डवार जानकारी प्रदाय करें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र क्रमांक 1 (13) पीएफएमएस/एफसीडी/2020 दिनांक 12.04.2021 द्वारा दिनांक 01.07.2021 से पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेनसियल मेनेजमेंट सिस्टम) लागु होने के फलस्वरूप एवं भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र कमांक 4-4/2021-आईएस-2, दिनांक 17.02.2021 के निर्देशानुसार पुराने खातों को बंद करने की कार्यवाही की गयी। विगत 03 वर्षों में सर्व शिक्षा अभियान योजना हेतु संचालित कोई भी खाता बंद नहीं कराया गया है। योजना अंतर्गत सभी संचालित खाते वित्तीय वर्ष 2021-22 में बंद कराये गए है। जिला धमतरी अंतर्गत सर्व शिक्षा अभियान योजना में वित्तीय वर्ष 2021-22 संचालित बंद किये गए खातों का विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	विकासखंड का नाम	कार्यालय/संस्था का नाम						योग
		जिला परियोजना कार्यालय	विकासखंड स्रोत केन्द्र	संकुल स्रोत केन्द्र	प्राथमिक शाला	पूर्व माध्यमिक शाला	बालिका आवासीय शाला	
1	धमतरी	02	01	42	198	131	-	374
2	कुरूद	-	01	40	184	118	-	343
3	मगरलोड	-	01	30	153	70	01	255
4	नगरी	-	01	56	342	124	01	524
कुल योग		02	04	168	877	443	02	1496

योजना अंतर्गत प्रति वित्तीय वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् सभी कार्यालय/संस्था का वैधानिक एवं आंतरिक अंकेक्षण किया जाता रहा है। इस प्रकार ही सभी कार्यालय/संस्था जिनके खाते बंद कराये गए का वैधानिक एवं आंतरिक अंकेक्षण वर्ष 2021-2022 में किया गया था। **(ख)** योजना अंतर्गत संचालित उपरोक्तानुसार सभी कार्यालय एवं संस्थाओं द्वारा बंद किए गए पुराने खातों की अव्ययित राशि को उपरोक्त निर्देशानुसार कार्यालय / संस्था प्रमुख द्वारा समग्र शिक्षा हेतु रायपुर में संचालित एसएनए (सिंगल नोडल एकाउंट) खाता क्रमांक 24260100021747 में अंतरित किया गया है। **(ग)** योजना अंतर्गत राज्य के सभी कार्यालय एवं संस्थाओं की अव्ययित राशि समग्र शिक्षा हेतु संचालित एसएनए में प्राप्त कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत सरकार स्कूल शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट के विभिन्न घटकों के व्यय किया गया ।

जिला धमतरी क्षेत्रांतर्गत अवैध रेत उत्खनन के दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

[खनिज साधन]

27. (क्र. 1549) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला धमतरी में 31 जनवरी, 2024 से 31.1.2025 तक किन-किन रेत घाटों में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं संग्रहण के कितने-कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के अवधि में कितनी-कितनी मात्रा में रेत की जप्ती बनाई गई ? क्या अर्थदण्ड भी वसूला गया ? यदि हॉ तो कितना-कितना कब-कब वसूला गया? विवरण प्रदाय करें ? **(ग)** प्रश्न 'क' व 'ख' के संबंध में रेत माफियाओं द्वारा कहां-कहां ग्रामीणों एवं विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार मारपीट करने के मामले दर्ज किये गए और उस पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? स्थानवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) एवं **(ख)** जिला धमतरी में विषयांतर्गत अवधि में रेत खनिज के दर्ज अवैध उत्खनन/ अवैध परिवहन/ अवैध भण्डारण की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।**(ग)**प्रश्नांश अवधि में प्रश्नांश ''ग'' की जानकारी निरंक है।

रायगढ़ जिलांतर्गत क्वार्ट्जाईट खनन की जानकारी

[खनिज साधन]

28. (क्र. 1567) श्री उमेश पटेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- रायगढ़ जिला के टीपाखोल जलाशय के पास क्वार्ट्जाईट खनन हेतु कब और किस मापदण्ड के आधार पर खनन की अनुमति दी गयी है? क्वार्ट्जाईट खनन से जलाशय के नुकसान होने की कितनी संभावना है? क्या उक्त स्थान पर अवैध खनन का मामला प्राप्त हुआ है? क्या खनिज विभाग द्वारा अनुमति देने में किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है या संज्ञान में आया है ? यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : रायगढ़ जिला के टीपाखोल जलाशय के पास क्वार्ट्जाईट का उत्खनिपट्टा

तत्समय दिनांक 26.06.2003 से 25.06.2033 तक की अवधि के लिये खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा खनिज रियायत नियम, 1960 में निहित प्रावधान/मापदण्ड के तहत स्वीकृत किया गया था। क्वार्ट्जाईट खनन से जलाशय को नुकसान होने के संबंध में दिनांक 24.02.2025 को कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़ द्वारा जांच किया गया, जिसमें पूर्व स्वीकृत उत्खननपट्टे को बांध के डूबान क्षेत्र के समीप खनन को जीवंत रखा जाना, बांध की सुरक्षा के दृष्टिकोण से उचित प्रतीत नहीं होता है, प्रतिवेदित किया गया है। जी हां, इस विषयक् शिकायत प्राप्त हुई है, जिस पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

कैम्पा मद के ब्याज की राशि से प्राप्त आय व्यय का विवरण

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

29. (क्र. 1629) श्री इंद्र साव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में कैम्पा मद अंतर्गत कितनी राशि का आबंटन वर्ष 2022-23 से 10/02/2025 तक प्राप्त हुआ है? वर्षवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक अवधि तक कैम्पा मद से ब्याज की राशि कितनी प्राप्त हुई है? वर्षवार विवरण दे? **(ग)** उक्त प्राप्त ब्याज की राशि का उपयोग किन-किन कार्य एवं क्षेत्र के लिये किया गया है? वर्षवार राशि की विकासखंडवार जानकारी प्रदान करें? **(घ)** क्या उक्त कैम्पा मद के कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी? अगर की गयी थी तो कौन-कौन से अखबारों में कब-कब प्रकाशित किया गया था? कार्य का नाम एवं निविदा प्राप्तकर्ता का विवरण क्या है? **(ड)** प्रश्नांश अवधि में कैम्पा मद से हुये आय व्यय का ऑडिट कब कब और किसके द्वारा किया गया है? क्या ऑडिट में आपत्ति पाई गई थी? अगर हॉ तो क्या क्या पाई गई थी?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में कैम्पा मद अंतर्गत वर्ष 2022-23 से दिनांक 10/02/2025 तक राशि के आबंटन प्राप्ति की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार हैः-

वर्ष	आबंटित राशि (लाख में)
2022-23	522.817
2023-24	350.150
2024-25 (10.02.2025 तक)	796.588
	1669.555

(ख) प्रश्नाधीन अवधि तक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को कैम्पा मद से ब्याज की राशि प्राप्त नहीं हुई है।**(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(घ)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(ड)** प्रश्नांश अवधि में कैम्पा मद से हुये आय-व्यय का ऑडिट कब-कब किसके द्वारा किया गया एवं ऑडिट में पायी गयी आपत्ति की **जानकारी संलग्न ''प्रपत्र'' में दर्शित है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

दरचुरा बांध टुटने से ग्रामीण एवं किसानों को हुई क्षतिपूति का प्रदत्त मुआवजा

[जल संसाधन]

30. (क्र. 1632) श्री इंद्र साव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा विकासखण्ड क्षेत्रांतर्गत ग्राम दरचुरा में विगत 27 जुलाई, 2024 को अतिवृष्टि के कारण दरचुरा स्थित बांध टूट गया था एवं बांध का पानी ग्रामीणों के घरों व खेतों में भर जाने के कारण किसानों को फसलों को क्षति हुई थी? यदि हां तो कितने किसानों एवं ग्रामीणों को क्षतिपूर्ति राशि हेतु चिन्हांकित कर पंजीबद्ध किया गया था ? जानकारी दें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार कितने किसानों को

क्षतिपूर्ति/मुआवजा राशि दी गई है ? जानकारी दें ? यदि नहीं दी गई है तो क्या कारण है और कब तक दी जावेगी ? समय सीमा बताएं ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हाँ, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा विकासखण्ड क्षेत्रांतर्गत ग्राम दरचुरा में विगत 27 जुलाई, 2024 को अतिवृष्टि के कारण दरचुरा स्थित बांध टूट गया था। नायब तहसीलदार सिमगा ने अपने ज्ञाप दिनांक 22.02.2025 में उल्लेख किया है कि अतिवृष्टि के कारण बांध टूटने से 30 किसानों के मकानों की आंशिक क्षति हुई थी, फसल क्षति नहीं हुई है, मकान क्षतिपूर्ति राशि हेतु चिन्हांकित कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। **(ख)** जल संसाधन विभाग द्वारा किसी भी किसानों को क्षतिपूर्ति/मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है। राजस्व विभाग के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कलेक्टर को प्रेषित जानकारी के अनुसार प्रश्नांश "क" के तहत राजस्व विभाग द्वारा कुल 30 किसानों के मकान के आंशिक क्षति का आर्थिक मुआवजा राशि रू. 1,20,000.00 भुगतान किया गया है।

कबीरधाम जिले के किसानों हेतु जारी किसान क्रेडिट कार्ड

[सहकारिता]

31. (क्र. 1655) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कबीरधाम जिले में कितने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया गया है ? इस योजना अंतर्गत लोन स्वरूप राशि को लौटाने की अधिकतम सीमा क्या तय की गई है एवं इस सुविधा अंतर्गत कितने किसान लाभान्वित हैं? **(ख)** किसान क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित किसानों को वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 फरवरी, 2025 तक कितनी राशि इस योजना के तहत जारी की गई है ? विकासखंडवार जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) एवं **(ख)** जानकारी संलग्न **प्रपत्र** अनुसार हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

जिला बेमेतरा में किये गये गिरदावरी सत्यापन में अनियमितता

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

32. (क्र. 1680) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जिला बेमेतरा में वर्ष 2023-24 व 2024-25 में किये गये केला एवं अन्य फसलों के स्थान पर धान फसल का गिरदावरी का मामला संज्ञान में आया है ? यदि हाँ तो ऐसे कितने मामले हैं, जिसमें धान के स्थान पर अन्य फसल लगाने के बाद भी गिरदावरी में धान का होना पाया गया है ? नाम एवं रकबावार, ग्रामवार संख्या सहित जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार उक्त गिरदावरी में अनियमितता किन-किन अधिकारीयों द्वारा की गया है तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ? जानकारी देवें ? **(ग)** क्या केला एवं अन्य फसल के स्थान पर, धान की फसल के नाम पर किसानों द्वारा धान बेचने का मामला विभाग के संज्ञान में है ? यदि हाँ तो किन-किन खरीदी केंद्र में कितने किसानों द्वारा धान बेचा गया है क्या विभागीय जाँच के लिए कार्यवाही की गई है ? जानकारी देवें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जी हां। 28 ग्रामों में कुल 108 खसरे में 21.39 हे. का मामला संज्ञान में आया है। शेषांश के संबंध में जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** 1. प्रश्नांक ''क'' के अनुसार उक्त गिरदावरी मे अनियमितता के संबंध मे प्राप्त शिकायत के आधार पर अनुविभाग बेमेतरा में संबंधित हल्का पटवारी के विरूद्ध तहसील स्तर पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा हल्का पटवारी द्वारा

अन्य फसल के स्थान पर धान का फसल अंकित होना स्वीकार किया गया तद्नुसार प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा के आदेश क. 23/कानू/स्थापना/2025 दिनांक 25.02.25 द्वारा श्रीमती सुरेखा सोनी पटवारी ह.न. 39 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है । 2.अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा अंतर्गत तहसील साजा, तहसील थानखम्हरिया एवं तहसील देवकर के हल्का पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा के आदेश क. 52/कानू./अविअ/2025 दिनांक 25.02.2025 तथा आदेश क. 53/कानू/अविअ/2025 दिनांक 25.02.2025 के अनुसार क्रमशः श्रीमती भौमलता उपाध्याय पटवारी हल्का.न. 05 तहसील थानखम्हरिया एवं श्री आशीष मांडिले प.ह. न.07 तहसील देवकर को निलंबित किया गया है । 3. अनुविभाग बेरला अंतर्गत तहसील बेरला में प.ह.नं. 20 के पटवारी को कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला के पत्र क्रमांक/506/अ.वि.अ./बेरला दिनांक 12.11.2024 द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जिसके परिपालन में प्रस्तुत जवाब दिनांक 13.11.2024 पेश किया गया जो कि संतोषप्रद नही होने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीमती अश्विनी भाष्कर, पटवारी हल्का नं. 20 के द्वारा गिरदावरी जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में बड़ी लापरवाही किये जाने पर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला के पत्र क्रमांक/510/अ.वि.अ./बेरला दिनांक 16.11.2024 द्वारा निलंबित किया गया है । इस प्रकार जिला बेमेतरा में गिरदावरी कार्य में लापरवाही करने वाले 04 पटवारियों को निलंबित किया गया है। शेष पटवारियों के विरूद्ध जांच प्रक्रियाधीन है। **(ग)** जिला बेमेतरा अंतर्गत केला एवं अन्य फसल के स्थान पर धान के फसल के नाम पर किसानों द्वारा धान बेचने की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

जिला जांजगीर चांपा व सक्ती में अवैध रेत उत्खनन के दर्ज प्रकरण

[खनिज साधन]

33. (क्र. 1687) श्री बालेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर चांपा व सक्ती जिले के अंतर्गत वर्ष 2022 - 23 से 10/02/2025 तक अवैध रेत उत्खनन एवं अवैध रेत जब्ती कितनी मात्रा में एवं कितनी-कितनी लागत के कितने प्रकरण जिला प्रशासन द्वारा पंजीबद्ध किये गए? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** क्या कंडिका ''क'' में अवैध रूप से जब्त रेत की नीलामी की गई है ? यदि हां, तो क्या नीलामी प्रक्रिया का पालन किया गया है ? यदि नहीं तो इनमें कौन - कौन दोषी हैं ? दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **''संलग्न प्रपत्र अ/ब/स''** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23**(क)** के प्रावधान अनुसार कार्यवाही किया जाता है। शेष प्रश्नांश उद्भुत नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को कबाड़ियों को बेचने के दोषी अफसरों पर कार्रवाई

[स्कूल शिक्षा]

34. (क्र. 1797) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के किन-किन जिलों में पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को कबाड़ियों को बेचने का मामला प्रकाश में आया है ? किन-किन जिलों में कितनी-कितनी मात्रा (वजन) में पुस्तकों की कितने रुपयों में बिक्री की गई है ? जिलावार पूर्ण जानकारी दें? **(ख)** पुस्तकों को कबाड़ियों को बेचने का मामला सामने आने के बाद इसकी जांच के लिए किन-किन अधिकारियों के नेतृत्व में जाँच दल गठित किया गया ? जाँच में कौन-कौन से

बिंदु शामिल थे और जाँच के बाद किस-किस स्तर के कौन-कौन से अधिकारी दोषी पाए गये हैं ? दोषी अफसरों पर अब तक क्या-क्या कार्रवाई की गई है ? जिलावार जानकारी बताएं?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रदेश के राजनांदगाँव, धमतरी, जशपुर सूरजपुर जिलों में पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को कबाड़ियों को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। जिलेवार विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	जिला का नाम	बिकी की गई पुस्तकों का वजन (किलोग्राम में)	बिक्रीकी गई पुस्तकों का कुल वजन (किलोग्राम में)	बिक्री की गई पुस्तकों की राशि (रू. में)	बिक्री की गई पुस्तकों की कुल राशि (रू.में)
01.	राजनांदगाँव	8860, 8180	17040	93030.00, 85890.00	178920.00
02	धमतरी	10013	10013	127638,00	127638.00
03	जशपुर (रायगढ़)	16570, 9580, 10800	36950	173985.00 100590.00 113400.00	387975.00
04.	सूरजपुर	8120, 7870	15990	110838.00 107425,00	218263.00
कुल		79993	79993	912796.00	912796.00

(ख) पुस्तकों को कबाड़ियों को बेचने का मामला सामने आने के बाद जाँच के लिए दो जाँच दल गठित किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

(01)

क्र.	जाँचकर्ता अधिकारी के नाम
01.	श्री राजेन्द्र कटारा (आई.ए.एस.), प्रबंध संचालक, छ०ग० पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर
02	डॉ. योगेश शिवहरे, अतिरिक्त संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर
03	श्री राकेश पाण्डेय, संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, रायपुर
04	श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर
05	कलेक्टर, जिला रायपुर द्वारा नामांकित जिला प्रशासन के अधिकारी

(02)

क्र.	जाँचकर्ता अधिकारी का नाम
01.	श्रीमती रेणु गोनेला पिल्ले (भाप्रसे), अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

जॉचकर्ता अधिकारियों द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं पर जाँच की गई है :-

- क्या यह सही है कि राजधानी के समीप सिलयारी स्थित रियल बोर्ड पेपर मिल में वर्ष 2024-25 सत्र की पुस्तकें पायी गयी ?
- यदि हाँ तो उक्त कितने पेपर मिल में किन-किन कक्षाओं और विषयों की पुस्तकें, कितनी संख्या में, किस माध्यम से, कब और कैसे पहुँची?
- क्या अन्य शैक्षणिक वर्षों की किताबें भी उक्त पेपर मिल में पायी गयी है ?
- उक्त पेपर मिल के अलावा क्या अन्य किसी पेपर मिल इत्यादि में भी निगम की पुस्तकें पायी गई है ?
- क्या पूर्व वर्षों में भी इस प्रकार की घटना हुई है ?
- यदि उपरोक्तानुसार अनियमितता हुई है तो उक्त घटना के लिए कौन-कौन अधिकारी/कर्मचारी जिम्मेदार है ?
- यदि लापरवाही/अनियमितता हुई है तो इसकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाया जाना आवश्यक है ?

जाँच में दोषी पाए गये कर्मचारी का विवरण :-

क्र.	जिला का नाम	दोषी पाए गये कर्मचारी
01	राजनांदगाँव	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजनांदगाँव के पुस्तक प्रभारी सहायक ग्रेड-3 एवं छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम डिपो के दैनिक मजदूर
02	धमतरी	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी के पुस्तक प्रभारी सहायक ग्रेड-3
03	जशपुर (रायगढ़)	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जशपुर के पुस्तक प्रभारी सहायक ग्रेड-3 एवं छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम डिपों के दैनिक मजदूर
04	सूरजपुर	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सूरजपुर के पुस्तक प्रभारी सहायक ग्रेड-2 एवं दो भृत्य

जॉच में दोषी पाए गये कर्मचारी के विरूद्ध की गई कार्यवाही का विवरण :-

क्र.	जिला का नाम	दोषी पाए गये कर्मचारी के विरूद्ध की गई कार्यवाही
01.	राजनांदगाँव	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजनांदगाँव के पुस्तक प्रभारी सहायक ग्रेड-3 को निलंबित किया गया है एवं छत्तीसगढ पाठ्यपुस्तक निगम डिपो के दैनिक मजदूर को कार्य से निकाल दिया गया।
02	धमतरी	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी के पुस्तक प्रभारी सहायक ग्रेड-3 को निलंबित किया गया है
03	जशपुर (रायगढ़)	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जशपुर के पुस्तक प्रभारी सहायक ग्रेड-3 को निलंबित किया गया है एवं छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम डिपो के दैनिक मजदूर को कार्य से निकाल दिया गया।
04.	सूरजपुर	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सूरजपुर के पुस्तक प्रभारी सहायक ग्रेड-2 एवं दो भृत्य को निलंबित किया गया।

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर के आदेश कमांक/45/पापुनि/निज सहा. एमडी/2024, दिनांक 20/09/2024 द्वारा श्री राजेन्द्र सिंह ठाकुर, आर्टिस्ट (वितरण प्रभारी), छ.ग. पाठ्यपुस्तक निगम, नवा रायपुर, आदेश कमांक/50/पापुनि/स्थापना /4-37/2024, दिनांक 03/10/2024 द्वारा श्री दिनेश कुमार मिर्चे, सहायक ग्रेड-2 (डिपो प्रभारी, पुस्तक भंडार रायगढ) एवं आदेश कमांक/49/पापुनि/स्थापना/4-35 /2024, दिनांक 03/10/2024 द्वारा श्रीमती नीलिमा बड़गे, सहायक ग्रेड-2 (डिपो प्रभारी, पुस्तक भंडार राजनांदगांव) को निलंबित किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश कमांक एफ 3-46/2024/एक/4, दिनांक 19/09/2024 द्वारा श्री प्रेम प्रकाश शर्मा (राप्रसे), महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर को निलंबित किया गया। प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छ.ग. रायपुर द्वारा 07 कर्मचारियों/अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

<u>जिला महासमुंद अंतर्गत कृषि भूमि का डायवर्सन</u>

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

35. (क्र. 1798) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में वर्ष 2023-24 से लेकर दिनांक 10 फरवरी, 2025 तक कृषि जमीनों को व्यवासायिक एवं औद्यौगिक उपयोग के लिए छोटे एवं बड़े भूखंड की कितनी-कितनी भूमि डायवर्सन की गई है ? भूमि मालिक/गाँव का नाम, खसरा नम्बर, डायवर्सन तिथि सहित जानकारी तहसीलवार बताएं? **(ख)** क्या डायवर्सन में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? किन-किन लोगों ने शिकायत की है और प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में कृषि जमीनों को व्यवसायिक एवं औद्योगिक

उपयोग हेतु की गई डायवर्सन के संबध में जानकारी तहसीलवार **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** जी नहीं।

विधान सभा वैशाली नगर के हाई स्कूलों का हायर सेकेंडरी में उन्नयन

[स्कूल शिक्षा]

36. (क्र. 1824) श्री रिकेश सेन : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या शासकीय हाई स्कूल जुनवानी/कृष्णा नगर/ कैम्प 02 भिलाई विद्यालयों का हाई स्कूल से हायर सेकेण्डरी विद्यालय में उन्नयन करने का प्रस्ताव है ? यदि हॉ तो कब तक उन्नयन कर दिया जावेगा?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी नहीं। शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

जिला बिलासपुर अंतर्गत संचालित किसान राईस मिल

[सहकारिता]

37. (क्र. 1834) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला - बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफ़ेड) के तहत कितनी किसान राइस मिलें संचालित हैं ? संचालित किसान राईस मिल में कितने चालू एवं कितने कब से किन कारणों से बंद हैं ? कितनी राईस मिलें कर्ज, घाटे अथवा हानि में हैं? इन राइस मिलों की कितनी-कितनी परिसंपत्तियाँ हैं ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' की संस्थाएं कौन-कौन से कार्य संपादित कर रहीं हैं ? इन संस्थाओं में कितने एवं किस-किस स्तर के अधिकारी / कर्मचारी कार्यरत हैं ? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' की घाटे में चल रहीं संस्थाओं की कितनी-कितनी देनदारी शासकीय / अशासकीय / सहकारी संस्थाओं पर है? क्या घाटे में चल रहीं संस्थानों हेतु कोई अधिकारी / कर्मचारी दोषी है? यदि हां तो उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई, बतावें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के तहत 02 किसान राईस मिल है। अद्यतन स्थिति में 01 राईस मिल वर्ष 2006-07 से एवं 01 राईस मिल वर्ष 2013-14 से मशीनों के अत्यधिक पुराने एवं जर्जर/चलने योग्य नही होने के कारण बंद है, अर्थात कुल 02 राईस मिल बंद है। दोनों ही राईस मिल कर्ज, घाटा अथवा हानि में नहीं है। राईस मिलों की परिसंपत्तियों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश (क) की राईस मिल अद्यतन स्थिति में बंद है। शासकीय/अशासकीय/सहकारी संस्थाओं पर कोई देनदारी नहीं है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

खुज्जी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत राजस्व ग्रामों की जानकारी

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

38. (क्र. 1836) श्री भोलाराम साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 31.01.2025 तक किन-किन ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित कर पूर्ण राजस्व ग्राम घोषित करने का आवेदन कब-कब प्राप्त हुआ ? वर्षवार, तहसीलवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' के प्राप्त आवेदन पर किन-किन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित किया गया एवं किन-किन ग्रामों को राजस्व ग्राम प्रश्नाअवधि तक घोषित नही किया गया ? राजस्व ग्राम घोषित नही करने का कारण सहित वर्षवार, तहसीलवार जानकारी देवें ? **(ग)** क्या कलेक्टर राजनांदगांव के

द्वारा ग्राम साल्हेटोला तहसील कुमरदा/छुरिया को पूर्ण राजस्व ग्राम घोषित करने हेतु राजस्व अनुवृत्ति पत्र जारी किया गया है यदि हॉ तो इन पर क्या कार्यवाही की गई विवरण देवें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) :(क) प्रश्नाधीन अवधि में तहसील छुरिया के ग्राम चारभांठा एवं कोलिहाटोला तथा तहसील कुमरदा के ग्राम साल्हेटोला के ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत प्रस्ताव पारित कर पूर्ण राजस्व ग्राम घोषित करने का क्रमशः दिनांक 30.09.2021, 24.12.2024 एवं 03.11.2021 को आवेदन प्रस्तुत किया। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार तहसील छुरिया के ग्राम चारभांठा एवं तहसील कुमरदा के ग्राम साल्हेटोला को क्रमशः दिनांक 27.12.2024 एवं 19.05.2022 को राजस्व ग्राम घोषित किया गया। तहसील छुरिया के ग्राम कोलिहाटोला का प्रकरण प्रक्रियाधीन होने से राजस्व ग्राम घोषित नहीं किया गया है। **(ग)** जी हाँ। कलेक्टर राजनांदगांव के द्वारा ग्राम साल्हेटोला, तहसील कुमरदा को पूर्ण राजस्व ग्राम घोषित करने पश्चात् अपीलार्थीगण द्वारा न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई जिस पर दिनांक 01.12.2022 को अपील आंशिक रूप से स्वीकार कर कलेक्टर के आदेश को निरस्त किया गया तथा निर्देशित किया गया कि अपीलार्थीगण को सुना जाकर प्रकरण निराकरण किया जावे। कलेक्टर, जिला राजनांदगांव द्वारा प्रकरण में अपीलार्थियों को सुना जाकर उनकी आपत्ति को स्वीकार करते हुए 67 कृषकों की लगभग 200 एकड़ भूमि को पूर्व प्रस्तावित नवीन ग्राम साल्हेटोला से काटकर मूल ग्राम गोड़लवाही में सम्मिलित करते हुए नवीन सीमा निर्धारण करने तथा विधिवत् कार्यवाही करने हेतु नायब तहसीलदार कुमरदा को प्रेषित किया गया, प्रकरण वर्तमान में न्यायालय नायब तहसीलदार कुमरदा में प्रक्रियाधीन है।

<u>जिला रायपुर में संचालित क्रेशर प्लांटों एवं पत्थर खदानों का विवरण</u>

[खनिज साधन]

39. (क्र. 1842) श्री अनुज शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**जिला रायपुर में दिसंम्बर 2023 से 10.02.2025 तक कुल कितने क्रेशर प्लांट संचालित है?संचालित क्रेशर प्लांटों का नाम,पता,अनुबंध/संचालन तिथी एवं अनुज्ञा अवधि की तिथी सहित विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार जिलें में कहां-कहां पर पत्थर का उत्खनन किया जा रहा है? स्थान का नाम एवं उत्खनन हेतु अनुज्ञा प्राप्त एजेंसियो का विवरण प्रदान करें?क्या उत्खनन के पश्चात खदानों को सुरक्षा की दृष्टि से भरे जाने हेतु विभाग द्वारा किसी प्रकार का नियम है ? यदि हां, तो इस कार्य की मानिटरिंग कब-कब और किन के द्वारा की गई? **(ग)**प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या समस्त क्रेशर प्लांटों के संचालन में पर्यावरण एवं पांचवी अनुसूची के उपबंधों का नियमानुसार पालन किया जा रहा है? यदि हां तो प्रश्नावधी में कब-कब प्लांटों की जांच किन अधिकारीयों के द्वारा की गई? क्या इन जांच में किसी प्रकार की अनियमितता विभाग को मिली यदि हां तो क्या और उस पर क्या कार्यवाही की गई?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है । **(ख)** रायपुर जिला अंतर्गत पत्थर (गौण खनिज) उत्खनन क्षेत्र की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है । उत्खनन पश्चात् खदानों में अनुमोदित खनन योजना में निहित खदान बंद करने की योजना अनुसार अंतिम कार्यवाही की जाती है। वर्तमान में समस्त खदानों में अवधि शेष है, अतः शेष प्रश्नांश उद्भुत नहीं होता है ।**(ग)** जी हॉ। प्रश्नांकित अवधि में क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण सरंक्षण मण्डल रायपुर द्वारा पर्यावरण उपबंधों के पालन के परिप्रेक्ष्य में क्रेशर प्लांटों का निरीक्षण किया गया। विस्तृत जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है। जिला रायपुर सामान्य क्षेत्र के अन्तर्गत है, अतः पांचवी अनुसूची के उपबंध इस जिले में लागू नहीं होते।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

निम्नदाब और उच्चदाब के उपभोक्ताओं की बकाया राशि की कुर्की की कार्यवाही

[ऊर्जा]

40. (क्र. 1843) श्री अनुज शर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विधानसभा में दिनांक 22.07.2024 को सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न क्रं 156 (नियम 46(2) के द्वारा अतारांकित में परिवर्तित) के उत्तर में 65 निम्नदाब और उच्चदाब के उपभोक्ताओं को बकाया राशि के एवज में आर.आर.सी. जारी कर कुर्की की कार्यवाही हेतु जिला प्रशासन से संपर्क किये जाने की जानकारी दी गयी थी? यदि हाँ, तो **(ख)** विभाग द्वारा जिला प्रशासन से कुर्की आदि की कार्यवाही हेतु कब-कब किन पत्रों के माध्यम से संपर्क किया गया तथा जिला प्रशासन से विभाग केा क्या उत्तर प्राप्त हुआ? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' द्वारा कुर्की की कार्यवाही कब तक पूर्ण कर ली जावेगी ?क्या बकायादारों को नोटिस दिये जाने के बाद भी विभाग द्वारा वर्तमान दिनांक तक विद्युत आपूर्ती की जा रही है, यदि हां तो क्यों?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हां। **(ख)** विभाग द्वारा डी.आर.ए. (ड्यूस रिकवरी एक्ट) के तहत जिला प्रशासन को 12 उच्चदाब उपभोक्ताओं के विरूद्ध आर.आर.सी. जारी किये जाने हेतु किये गये पत्राचार की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। कार्यवाही तहसीलदार स्तर पर लंबित है। शेष 53 निम्नदाब उपभोक्ताओं के विरूद्ध राज्य शासन द्वारा विभाग के सहायक यंत्रियों को ''भू-राजस्व संहिता 1959 के अधीन तहसीलदार में प्रदत्त की गयी शक्तियां'' का उपयोग करते हुए आर.आर.सी. जारी किया गया, जिसमें से 1 प्रकरण में राशि रूपये 19870.00 का भुगतान प्राप्त हुआ है। उक्त 53 प्रकरणों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ग)** आर.आर.सी. जारी किये गए लंबित प्रकरणो में कार्यवाही पूर्ण होने की समयावधि बताया जाना संभव नहीं है। आर.आर.सी. जारी सभी बकायादारों के विद्युत आपूर्ति बंद है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए संचालित योजनांतर्गत दी जाने वाली राशि

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

41. (क्र. 1856) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 31 जनवरी, 2025 की स्थिति में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन कृषि मजदूरों की संख्या कितनी है? जिलेवार बतावें। **(ख)** भूमिहीन ग्रामीण कृषि मजदूरों का चिन्हांकन किनके द्वारा किया जाता है? भूमिहीन ग्रामीण कृषि मजदूरों को किस योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता के रूप में प्रतिवर्ष कब एवं कितनी राशि दिये जाने का प्रावधान है? जानकारी देवें। **(ग)** वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में प्रदेश के कुल कितने भूमिहीन ग्रामीण कृषि मजदूरों को, किस-किस योजना के अंतर्गत, कितनी राशि का भुगतान किया गया है? वर्षवार, जिलेवार जानकारी देवें।

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) दिनांक 31 जनवरी, 2025 की स्थिति में प्रदेश में ''दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना'' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन कृषि मजदूरों की संख्या 5,08,532 है। जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ'** में है। **(ख)** भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों का चिन्हांकन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है। योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के इच्छुक भूमिहीन कृषि मजदूरों को पोर्टल revenue.cg.nic.in/ddubkmky वेबसाईट में पंजीयन कराना होता है अथवा ग्राम पंचायत में भी निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों का पोर्टल में प्रविष्टि उपरांत कृषि भूमि धारिता के संबंध में नायब तहसीलदार/तहसीलदार से परीक्षण कराया जाता है। तत्पश्चात् ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामवार सूची तैयार कर ग्रामसभा के समक्ष दावा-आपत्ति लिया जाकर अंतिम पात्र हितग्राही सूची बनाई जाती है। जिन्हें पोर्टल में अपलोड किया जाता है। वर्तमान में ''दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि

मजदूर कल्याण योजना'' के अंतर्गत भूमिहीन ग्रामीण कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता के रूप में प्रतिवर्ष राशि रूपये 10,000/- प्रति पात्र हितग्राही परिवार के मान से एक अथवा एक से अधिक किश्तों में दिये जाने का प्रावधान है। **(ग)** प्रदेश में राजस्व विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 में ''राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना'' एवं 2024-25 में ''दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना'' अंतर्गत भूमिहीन ग्रामीण कृषि मजदूरों को योजना का लाभ प्रदाय किया गया है। **वर्षवार जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' एवं जिलेवार जानकारी संलग्न प्रपत्र 'स'** में है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

राज्य शासन द्वारा संचालित शराब नीति में परिवर्तन

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

42. (क्र. 1859) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राज्य में शराब की खपत कम के उद्देश्य से शासन द्वारा शराब नीति में क्या-क्या परिवर्तन किये गये है ? जानकारी देवें ? **(ख)** वर्ष 2024 में देशी एवं अंग्रेजी शराब की दरों में कितनी बार वृद्धि की गई है तथा दरों में वृद्धि का कुल प्रतिशत कितना है ? जानकारी देवें ? **(ग)** राज्य में स्थित शासकीय शराब दुकानों से कैश कलेक्शन का कार्य किस कंपनी द्वारा किया जा रहा है ? क्या इस कंपनी के विरुद्ध कोई अवैध शराब के विक्रय की राशि भी एकत्र करने की शिकायतें प्राप्त हुई है ? यदि हाँ तो उन शिकायतों पर शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है? जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) राज्य में शराब की नीति राजस्व प्राप्ति को दृष्टि में रखते हुये तैयार की जाती है। शराब की खपत कम करने के उद्देश्य से शराब नीति में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। **(ख)** वर्ष 2024 में देशी शराब की दरों में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है। वर्ष 2024 में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन रायपुर द्वारा दिनांक 15.02.2024 को विदेशी मदिरा आपूर्ति हेतु रेट ऑफर आमंत्रित किया गया, जिसमें एफ.एल-10क/ख अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा प्रस्तुत प्रदाय दरों के आधार पर फुटकर विक्रय दर परिगणित किये गये थे। दिनांक 24.06.2024 को विदेशी मदिरा प्रदाय/आपूर्ति की नीति में परिवर्तन के बाद पुनः दिनांक 11.07.2024 को आबकारी आयुक्त द्वारा रेट ऑफर आमंत्रित किये गये, जिसमें विनिर्माता/प्रदायकर्ता कम्पनियों द्वारा प्रस्तुत प्रदाय दरों के अनुसार फुटकर विक्रय दर गणना सूत्र के आधार पर मान्य नीति के तहत् फुटकर विक्रय दर परिगणित करते समय फुटकर विक्रय दरों को कम न करते हुये, पूर्व प्रचलित विक्रय दरों को यथावत् रखा जाना तथा यदि किसी मदिरा की विक्रय दर विगत विक्रय दरों से अधिक परिगणित होती है तो ऐसी स्थिति में परिगणित विक्रय दर को मान्य किया जाना नियत किया गया। उक्त प्रावधान के कारण अधिकांश ब्राण्ड/लेबलों के फुटकर विक्रय दर यथावत् रहे किन्तु कुछ ब्राण्ड/लेबलों के फुटकर विक्रय दरों में वृद्धि हुई। जिन ब्राण्ड/लेबलों की दरों में वृद्धि हुई, उनके वृद्धि के प्रतिशत् की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** राज्य में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित शराब दुकानों से कैश कलेक्शन का कार्य मेसर्स सी.एम.एस. इन्फोसिस्टम लिमिटेड, पता - वार्ड 46, प्रियदर्शिनी नगर, सी/243/बी./6, वल्लभ नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ तथा हिताची कैश मैनेजमेंट सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड, पता - लेवल 2, 23/1 एम.पी.एल. सिलीकॉन टावर, वेलाचेरी ताम्बरम मेन रोड, चेन्नई, तमिलनाडु द्वारा किया जा रहा है। इन कंपनियों के विरूद्ध अवैध शराब विक्रय की राशि को एकत्र करने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रश्न उद्भूत नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

बिलासा बाई केंवटिन एयरपोर्ट को 4c एयरपोर्ट के रूप में विकास हेतु तैयार डीपीआर

[विमानन]

43. (क्र. 1870) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छ.ग.सरकार ने अपनी घोषणा के अनुरूप बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट बिलासपुर को 4c एयरपोर्ट पर बदलने के लिए कोई समयबद्ध कार्यक्रम तैयार किया है? **(ख)** क्या बिलासपुर एयरपोर्ट को 4c में बदलने के लिए डीपीआर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली गई है? हां, तो विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट बिलासपुर को चरणवद्ध रूप से फोर सी श्रेणी में विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।**(ख)** वर्तमान में हवाई अड्डे को 4C आईएफआर श्रेणी में विकसित करने के लिए डीपीआर तैयार करने करने के लिए सलाहकार को नियुक्त करने के लिए इओआई (एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रस्ट) की तैयारी चल रही है।

पात्रता अनुसार पेंशन एवं लंबित देय राशि

[जल संसाधन]

44. (क्र. 1873) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जल संसाधन विभाग अंतर्गत महानदी परियोजना अंतर्गत आने वाले कार्यपालन अभियंताओं के लिए जुलाई, 2017 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पेंशन और सेवानिवृत उपरांत अन्य लाभों के निराकरण हेतु आदेश या निर्देश जारी किए गए थे? यदि हॉ, तो क्या आदेश जारी किया गया था? माननीय उच्च न्यायालय के उक्त आदेश के पूर्ण रूप से पालन हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई है तथा क्या-क्या कार्यवाही वर्तमान में भी लंबित/अपेक्षित है? जानकारी देवें ? **(ख)** क्या यह सही है कि कंडिका ''क'' अनुसार उक्त प्रकरण में संबंधित कार्यपालन अभियंता/अधिकारी को पात्रता अनुसार पेंशन और अन्य सेवानिवृत्त उपरांत अन्य किसी भी प्रकार की देय राशि का कोई निर्धारण तक नहीं किया गया है ? यदि हां, तो क्यों? नियमानुसार एवं माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार उक्त कार्यपालन अभियंता के लंबित समस्त देय राशि का निर्धारण कर भुगतान कब तक किया जावेगा? **(ग)** कंडिका ''क'' अनुसार माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवलेहना/अवमानना कर संबंधित पक्ष को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाले उत्तरदायी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्व क्या कार्यवाही व कब तक की जावेगी?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हाँ, जल संसाधन विभाग अन्तर्गत महानदी परियोजना अन्तर्गत आने वाले कार्यपालन अभियंताओं में स्व. डी.पी. पाण्डेय के लिए जुलाई 2017 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पेंशन और सेवानिवृत्त उपरांत अन्य लाभों के निराकरण हेतु निर्णय पारित किया गया था, उक्त निर्णय में In the result, the petition has to be allowed and is accordingly allowed. The impugned order of penalty is therefore, quashed. The petitioner shall be entitled to all consequential benefits, as if he had retired upon attaining the age of superannuation का उल्लेख है। माननीय उच्च न्यायालय के उक्त आदेश के अनुपालन में विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी निम्नानुसार है :- 1. स्व.डी. पी. पाण्डेय के सेवा अभिलेख सेवापुस्तिका पासबुक उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रमुख अभियंता के पत्र दिनांक 22.09.2021 के द्वारा पूर्व पदस्थापना कार्यालयों से सत्यापित द्वितीय सेवापुस्तिका एवं पासबुक उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। 2. वर्तमान में विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त /अप्राप्त अभिलेख की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** 3. माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा पारित निर्णय के अनुपालन में अधीक्षण अभियंता, महानदी मंडल रायपुर के आदेश क्रमांक 3546/1-11-स्था-2017 दिनांक 08.10.2021 द्वारा प्रत्याशित पेंशन 50 प्रतिशत एवं प्रत्याशित मृत्यु सेवा उपादान 50

प्रतिशत स्वीकृति प्रदान की जाकर नियमानुसार उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत भुगतान की कार्यवाही हेतु कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग क्र.-02 बलौदाबाजार को निर्देशित किया गया। 4. उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु स्व. श्री डी. पी. पांडे की सुपुत्री स्मिता पांडे को मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा पत्र जारी किया गया, जो कि आज दिनांक तक अपेक्षित होने के फलस्वरूप भुगतान लम्बित है। **(ख)** उक्त प्रकरण में संबंधित सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता को पात्रतानुसार पेंशन और अन्य सेवानिवृत्त उपरांत प्रत्याशित पेंशन 50 प्रतिशत तथा प्रत्याशित मृत्यु सह सेवा उपादान 50 प्रतिशत स्वीकृत किया गया है। उपरोक्त स्वीकृत देय स्वत्वों का भुगतान प्राप्त करने के संबंध में आवेदिका स्मिता पाण्डेय पुत्री स्व. डी.पी. पाण्डेय द्वारा कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग क्र.-02, बलौदाबाजार में उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये जाने उपरांत संभागीय कार्यालय द्वारा भुगतान किया जावेगा तथा स्व. डी.पी. पांडे के पदस्थापना कार्यालयों से सेवापुस्तिका एवं पासबुक की द्वितीय प्रति उपलब्ध होने के उपरांत एकजाई सेवापुस्तिका तैयार कर संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा पेंशन, रायपुर से मान्यता प्रदान करने के उपरांत शेष देय स्वत्वों का भुगतान किया जाना संभव हो सकेगा। **(ग)** माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इस प्रकार प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना/अवमानना की स्थिति नही है। तद्नुसार किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध संबंधित पक्ष को कथित रूप से आर्थिक क्षति पहुंचाने की कार्यवाही किए जाने की स्थिति नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

जिला-जांजगीर-चांपा अंतर्गत पशु कल्याण हेतु कार्य योजना

[पशुधन विकास]

45. (क्र. 1877) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या जिला-जांजगीर-चांपा में पशु कल्याण हेतु पशुधन विकास समिति का गठन किया गया है? यदि हां, तो विगत 2 वर्षों में, किन-किन जिलों में बैठक आयोजित की गई एवं कौन-कौन सी कार्य योजना बनाई गई? योजना के क्रियान्वयन में कितनी-कितनी राशि किन-किन कार्यो में व्यय की गई? कितनी राशि खातें मे शेष हैं? विकासखण्डवार, वर्षवार पृथक-पृथक जानकारी प्रदान करें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी हॉ। विगत 02 वर्षो में पशु कल्याण समिति की जिलावार आयोजित बैठक, बनाई गई कार्ययोजना, कार्ययोजना के क्रियान्वयन में विकासखण्डवार व्यय राशि एवं खाते में शेष राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार हैं।**

[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

जल संसाधन विभाग में विकलांगता प्रमाण पत्र के आधार पर कार्यरत अधिकारियों की पदोन्नति

[जल संसाधन]

46. (क्र. 1880) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जल संसाधन विभाग में विकलांगता प्रमाण पत्र के आधार पर कितने उपअभियंता/सहायक अभियंता/कार्यपालन अभियंता/अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता वर्तमान में कार्यरत हैं? नाम, पदनाम सहित जानकारी देवें? **(ख)** शासकीय सेवक अपने सेवाकाल में कितनी बार विकलांग प्रमाण पत्र जमा कर सकता है अथवा लाभ ले सकता है? इसके क्या नियम हैं ? **(ग)** विकलांग श्रेणी में पदोन्नति के क्या नियम हैं? एक सेवक को कितने बार विकलांग श्रेणी में पदोन्नति का लाभ दिया जा सकता है? 70 प्रतिशत अस्थिबाधित, अंधापन, मूक बाधित, श्रवण बाधित तथा लोकोमोटर विकलांगता रहने पर क्या शासकीय सेवा में पदस्थ एवं पदोन्नत किए जा

सकते हैं ? **(घ)** क्या विकलांगता का विधि विपरीत लाभ लेने वाले अधिकारियों को पदावनति एवं पदमुक्त करने की कार्यवाही की जावेगी? कृपया बतावें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जल संसाधन विभाग में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर कार्यरत उपअभियंता/सहायक अभियंता /कार्यपालन अभियंता/अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता की नामवार एवं पदवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अध्याय-10 में एवं छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम 2023 के अध्याय-10 में नियम निहित है, जिसमें दिव्यांग प्रमाण पत्र कितनी बार जमा किया जा सकता है, इसका कोई उल्लेख नही है। लाभ के परिप्रेक्ष्य में दिव्यांग संवर्ग को पदोन्नति में आरक्षण हेतु छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 04-01/2013/1-3 दिनांक 26.02.2014 में केवल एक बार पदोन्नति का प्रावधान किया गया है तथा छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग के आदेश क्रमांक एफ 01-21/2014/सक/26 दिनांक 25.09.2014 के बिन्दु 3.3 के प्रावधान के अनुसार यदि पोषक वर्ग का पद निःशक्तता से ग्रसित व्यक्तियों के लिये चिन्हांकित है, तो उसका पदोन्नत पद भी स्वमेव चिन्हांकित पद माना जायेगा। **(ग)** दिव्यांग संवर्ग को पदोन्नति में आरक्षण हेतु छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 09-02/स्था./31/2010 दिनांक 01.07.2010, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 04-01/2013/1-3 दिनांक 26.02.2014 में केवल एक बार पदोन्नति का प्रावधान किया गया है तथा छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग के आदेश क्रमांक एफ 01-21/2014/सक/26 दिनांक 25.09.2014 के बिन्दु 3.3 एवं सहपठित परिपत्र दिनांक 17.11.2014 के अनुसार यदि पोषक वर्ग का पद निःशक्तता से ग्रसित व्यक्तियों के लिये चिन्हांकित है, तो उसका पदोन्नत पद भी स्वमेव चिन्हांकित पद माना जायेगा, का प्रावधान किया गया है। नियमानुसार दिव्यांगजनो की नियुक्ति एवं पदोन्नति हेतु न्यूनतम 40 प्रतिशत की दिव्यांगता होना आवश्यक है। **(घ)** जल संसाधन विभाग में किसी अधिकारी को दिव्यांगता का विधि विपरीत लाभ नहीं दिया गया है। अतः पदावनति एवं पदमुक्त करने की कार्यवाही किये जाने का प्रश्न ही उद्भूत नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

महासमुन्द वन मण्डल में गेमगार्ड नियुक्ति व पद स्थापना विषयक

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

47. (क्र. 1886) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2018-19 के बजट अनुमान आयोजना नवीन मद अंतर्गत 28 चलित हाथी सुरक्षा दस्तों के गठन हेतु 84 गेमगार्ड के नवीन पद का सृजन दिया गया था ? यदि हां तो रायपुर वन वृत्त के महासमुन्द वन मंडल में कितने गेमगार्ड के पद स्वीकृत किये गये ? कितने पदों पर नियुक्ति दी गई? **(ख)** महासमुन्द वन मण्डल में नियुक्त व्यक्तियों ने क्या सभी निर्धारित अर्हता , शर्तों को पूर्ण किया था ? यदि शर्त का उल्लंघन हुआ है तो जिम्मेदार नियोक्ता पर क्या कार्यवाही की गई ? **(ग)** क्या महासमुन्द वन मण्डल में नियुक्त सभी गेमगार्ड को नियुक्ति तिथि से निर्धारित स्थान पर कार्यरत -पदस्थापना दी गई ? यदि नहीं तो जिम्मेदार अधिकारी पर क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं की गई तो क्यों ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क)हां । वित्त विभाग की सहमति उपरांत विभागीय पत्र क्रमांक/2952/3861/2017 /10-2 / बजट, दिनांक 07.06.2018 द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2018-19 के बजट अनुमान आयोजना नवीन मद अंतर्गत 28 चलित हाथी सुरक्षा दस्तों के गठन हेतु 84 गेमगार्ड के नवीन पद का सृजन किया गया था। जिसमें से रायपुर वन वृत्त के महासमुंद वनमण्डल में गेमगार्ड के कुल 06 पद

स्वीकृत किया गया तथा 06 पदों पर नियुक्ति दी गई। **(ख)** महासमुन्द वनमण्डल में नियुक्त व्यक्तियों ने निर्धारित सभी अर्हता, शर्तो को पूर्ण किया था। किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं होने के कारण नियोक्ता पर कार्यवाही किये जाने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** महासमुंद वनमण्डल में नियुक्त सभी गेमगार्ड को नियुक्ति तिथि से निर्धारित स्थान पर कर्तव्य पदस्थापना नहीं दी गई है, क्योंकि नवनियुक्त 06 गेमगार्ड को मुख्य वन संरक्षक रायपुर के पत्र क्रमांक/स्था./1081 दिनांक 11.02.2019 द्वारा छः माही वानिकी प्रशिक्षण पर भेजा गया। 06 में से 05 गेमगार्ड उक्त प्रशिक्षण प्राप्त किये, किन्तु 01 गेमागार्ड श्री शशांक शिन्दे को वनमण्डलाधिकारी महासमुंद के पत्र क्रमांक/ स्थापना/ कैम्प रायपुर/क्यू 1,दिनांक 25.01.2019 के द्वारा जनवरी 2019 से माह जून 2021 (30 माह) तक कोचिंग प्राप्त करने के लिये अनुमति प्रदान किये जाने के कारण श्री शशांक शिन्दे वानिकी प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हो पाये।''श्री शशांक शिन्दे को हाथी सुरक्षा दल हेतु पदस्थापना न कर खेलकूद हेतु विशेष प्रशिक्षण में भेजे जाने के संबंध में मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त के पत्र क्र./स्था./10622 दिनांक 09.11.2021 द्वारा तत्कालीन वनमण्डलाधिकारी, महासमुंद वनमण्डल श्री आलोक तिवारी (भा.व.से.) के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही हेतु आरोप पत्र का प्रस्ताव प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्यालय को भेजा गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख के पत्र क्रमांक/12661 दिनांक 03.12.2021 के द्वारा श्री तिवारी, तत्कालीन वनमण्डलाधिकारी महासमुंद को स्पष्टीकरण जारी किया गया। श्री तिवारी के द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब प्रस्तुत किया गया। श्री आलोक तिवारी (भा.व.से.) द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद पाये जाने के कारण जारी स्पष्टीकरण को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख के आदेश क्रमांक/649 दिनांक 29.09.2022 के द्वारा नस्तीबद्ध करते हुये प्रकरण समाप्त किया गया है। इसलिये जिम्मेदार अधिकारी पर कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

पत्रकारों की सुरक्षा हेतु शासन की नीति

[जनसंपर्क]

48. (क्र. 1893) श्रीमती भावना बोहरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग (बीजापुर) के दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकार की निर्मम हत्या के बाद प्रदेश के पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर शासन की क्या नीति है? **(ख)** किसी भी दुर्घटना से यदि प्रदेश के जनसंपर्क विभाग के पंजीकृत पत्रकार हताहत होते हैं, तब शासन की ओर से मुआवजे/ ईलाज आदि का क्या प्रावधान है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा अधिनियम-2023 कानून प्रक्रियाधीन हैं। **(ख)** जनसंपर्क विभाग में पत्रकारों को पंजीकृत नहींकिया जाता है। छत्तीसगढ़ संचार प्रतिनिधि कल्याण सहायता नियम-2019 के तहत् पत्रकार एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए एक वर्ष में न्यूनतम रूपये 10 हजार और अधिकतम रूपये 02.00 लाख तक की आर्थिक सहायता दी जाती हैं। यदि पत्रकार की असमायिक मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रित को रूपये 05.00 लाख तक की राशि दिये जाने का प्रावधान हैं।

जिला बीजापुर एवं धमतरी में आयोजित जल जगार महोत्सव

[जल संसाधन]

49. (क्र. 1897) श्री विक्रम मंडावी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-बीजापुर एवं धमतरी में वर्ष 2024-25 में जल जगार महोत्सव का आयोजन कब-कब, कहां-कहां किया गया है आयोजन स्थल का नाम, पता तिथिवार बतावें ? **(ख)** इस आयोजन हेतु बजट आबंटन कितना था? केन्द्रांश, राज्यांश एवं अन्य मदों से कुल कितनी राशि व्यय की गई है? विभागवार, मदवार योजनावार प्राप्त राशि एवं व्यय राशि का विवरण पृथक-पृथक बतावें ? **(ग)** जल जगार महोत्सव आयोजन हेतु व्यय की गई राशि किन-

किन कार्यों हेतु कितनी-कितनी व्यय की गई कार्य का नाम सहित पृथक-पृथक बतावे? क्या राशि व्यय में भण्डार क्रय नियम एवं निविदा प्रक्रिया का पालन किया गया है ? आयोजन का कार्य किस इवेन्ट कम्पनी को किस दर पर, किस मापदण्ड के अनुसार किया गया है ? जानकारी बतावें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला-बीजापुर में वर्ष 2024-25 में जल जगार महोत्सव का आयोजन नहीं किया गया। जिला-धमतरी में वर्ष 2024-25 में जल जगार महोत्सव का आयोजन दिनांक 05.10.2024 एवं 06.10.2024 को रविशंकर सागर जलाशय गंगरेल के परिसर में किया गया था। **(ख)** कलेक्टर धमतरी से प्राप्त जानकारी अनुसार इस आयोजन हेतु कुल राशि रू. 2,10,00,000/- का आबंटन प्राप्त हुआ था। जिसमें रू. 20,00,000/- राशि केन्द्र से प्राप्त हुआ था। विभागवार प्राप्त राशि एवं व्यय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** कलेक्टर धमतरी से प्राप्त जानकारी अनुसार जल जगार महोत्सव का सम्पूर्ण आयोजन का इवेंट कम्पनी लाईम लाईट क्राप रायपुर को रू. 2,09,63,000/- एकमुश्त भुगतान किया गया। लोक वाद्य संग्रहण एवं प्रशिक्षण संस्थान कुहुकी भिलाई को राशि रू. 79,000/- भुगतान किया गया। राशि व्यय में भण्डार क्रय नियम एवं निविदा प्रक्रिया का पालन किया गया है। जल जगार महोत्सव के सम्पूर्ण कार्यक्रम के इवेंट मैनेजमेंट हेतु आर.एफ.पी. का प्रकाशन कर खुली निविदा पद्धति के माध्यम से भण्डार क्रय नियम का पालन करते हुए इवेंट कंपनी लाईम लाईट क्राप रायपुर को सम्पूर्ण कार्यक्रम के निविदा दर की न्युनतम राशि रू. 2,00,60,000/- का चयन कर कार्य आदेश प्रदाय किया गया एवं जारी आर.एफ.पी. की कंडिका 3 स्कोप ऑफ वर्क में उल्लेखित कार्यों के अतिरिक्त 04 कार्य का प्रस्ताव नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, धमतरी से प्राप्त होने के उपरांत जारी आर.एफ.पी. के कंडिका 29 के अनुक्रम में उक्त कार्य को कराये जाने निविदा समिति के अनुशंसा उपरांत अतिरिक्त कार्य का कार्यादेश कलेक्टर, धमतरी द्वारा जारी किया गया एवं कार्य पूर्ण होने पर कुल राशि रू. 9,03,000/- का अतिरिक्त भुगतान किया गया। इस प्रकार इवेंट कंपनी लाईम लाईट क्राप रायपुर को कुल राशि रू. 2,09,63,000/- (दो करोड़ नौ लाख तिरसठ हज़ार मात्र) का भुगतान किया गया। आयोजन पर कुल राशि रू. 2,10,42,000/- (दो करोड़ दस लाख, बयालीस हज़ार मात्र) का व्यय हुआ।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

जिला गरियाबंद में लंबित पुनर्वास के प्रकरण

[पुनर्वास]

1. (क्र. 50) श्री रोहित साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला गरियाबंद में जनवरी, 2025 की स्थिति में पुनर्वास से सम्बंधित कितने प्रकरण लंबित हैं ? **(ख)** लंबित प्रकरणों को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? कृपया पूर्ण विवरण सहित जानकारी प्रदाय करने की कृपा करेंगे ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) निरंक **(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

मोहला-मानपुर क्षेत्र में मछली पालन हेतु तालाबों की लीज

[मछली पालन]

2. (क्र. 217) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 व 2024-25 में कुल कितने तालाब मछली पालन हेतु लीज पर दिए गए हैं? ब्यौरा समितिवार, ग्रामवार एवं तालाबों के रकबा वार प्रदान करेंगे? स्थानीय निवासियों को तालाब लीज पर लेने हेतु कितना शुल्क देना होता है? अधिकतम कितने वर्षों के लिए तालाब लीज पर दिए जाते हैं? कृपया जानकारी देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 06 ग्रामीण तालाबों एवं 04 सिंचाई जलाशयों तथा वर्ष 2024-25 में 11 तालाबों को मछली पालन हेतु लीज़ पर दिया गया है। **विस्तृत जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** छत्तीसगढ़ शासन नवीन मछलीपालन नीति-2022 में निहित प्रावधान अनुसार तालाब/जलाशयों को मछली पालन हेतु लीज़ पर देने के लिए देय शुल्क की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**अधिकतम 10 वर्षों के लिए तालाब/जलाशयों को लीज़ पर दिया जाना प्रावधानित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

जिला-सूरजपुर अंतर्गत जनपद पंचायत सूरजपुर के ग्राम पंचायत डेडरी में एनिकट निर्माण

[जल संसाधन]

3. (क्र. 238) श्री भूलन सिंह मराबी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- ग्राम पंचायत डेडरी, जिला-सूरजपुर में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित एनिकट की निविदा कब हुई? विभाग को हैण्डओवर ठेकेदार द्वारा कब किया गया? उसकी लागत क्या है? वर्तमान में उसकी स्थिति क्या है तथा अभी तक कितने कृषक लाभ ले रहे हैं?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : ग्राम पंचायत डेडरी, जिला-सूरजपुर में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित रेहर एनीकट/व्यपवर्तन योजना की निविदा दिनांक 23.12.2009 को हुई है। उक्त योजना दिनांक

27.03.2018 को ठेकेदार द्वारा विभाग को हैण्ड ओवर किया गया है तथा योजना की लागत राशि रू. 2802.47 लाख है। वर्तमान में संरचना क्षतिग्रस्त है, एवं योजना से कृषक लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

शिक्षकों के रिक्त पदों की भर्ती

[स्कूल शिक्षा]

4. (क्र. 353) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्तमान में राज्य में शिक्षकों के कितने पद रिक्त है? जिलेवार रिक्त पद की संख्या कितनी है? **(ख)** क्या वर्तमान में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु कोई कार्यवाही की जा रहा है? यदि हां, तो रिक्त पदों की पूर्ति कब तक पूर्ण की जायेगी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क)जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति पदोन्नति के माध्यम से की जा रही है। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

जिला-दुर्ग अंतर्गत पशु चिकित्सक एवं पशु औषाधालय की जानकारी

[पशुधन विकास]

5. (क्र. 487) श्री गजेन्द्र यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-दुर्ग अंतर्गत कितने पशुऔषाधलय संचालित हैं? कितने पशु चिकित्सक कार्यरत हैं, चिकित्सालय सहित विवरण देवें। **(ख)** दुर्घटनाग्रस्त व रोगग्रस्त पशुओं के उपचार हेतु कितने वाहन चलित हैं व वाहन की स्थिति क्या है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला-दुर्ग अंतर्गत 28 पशु औषधालय संचालित हैं। 22 पशु चिकित्सक कार्यरत हैं, चिकित्सालय सहित **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** दुर्घटनाग्रस्त व रोगग्रस्त पशुओं के उपचार हेतु जिला दुर्ग में 07 वाहन हैं। सभी वाहन सही स्थिति में है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

कोटा विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत बिजली लाईन के संबंध में

[ऊर्जा]

6. (क्र. 521) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कोटा विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत ऐसे कितने ग्राम हैं जहां पर गॉव की विद्युत लाइन सिंगल फेस दो वायर और दो फेस तीन वायर विद्यमान हैं? **(ख)** प्रश्नाक ''क'' के सिंगल फेस और दो फेस विद्युत लाइन को तीन फेस लाइन में परिवर्तित करने के लिये क्या विद्युत कंपनी ने कोई कार्य योजना बनायी है? अगर हां तो क्या बनी है? यदि नहीं तो क्यों है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) कोटा विधानसभा क्षेत्र में स्थापित 197 ग्रामों में विद्यमान निम्नदाब लाईनों की कुल लंबाई 1760.29 किलोमीटर है। इसमें से 190 ग्रामों में 591.06 किलोमीटर दो फेस तीन वायर एवं 241.52 किलोमीटर सिंगल फेस दो वायर लाईन विद्यमान है। इन 197 ग्रामों में 02 ग्राम यथा अमरैयाटोला एवं डोंगी में केवल सिंगल फेस दो वायर और दो फेस तीन वायर विद्युत लाईन विद्यमान है।
(ख) ग्राम अमरैयाटोला में 24 नग बी.पी.एल. एवं 01 नग घरेलू और ग्राम डोंगी में 32 नग बी. पी.एल. एवं 40 नग घरेलू कनेक्शन विद्यमान है। वर्तमान में दोनों ग्रामों एवं अन्य 195 ग्रामों में विद्युत संबंधी कोई समस्या नहीं है। भविष्य में आवश्यकतानुसार सिंगल फेस दो वायर या दो फेस तीन वायर लाईनों को तीन फेस चार वायर में परिवर्तित करने का कार्य किया जावेगा।

जिला गरियाबंद में कौशल विकास योजनांतर्गत युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण

[कौशल विकास]

7. (क्र. 608) श्री रोहित साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला गरियाबंद में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 10/02/2025 तक कुल कितने युवाओं को किन-किन विधा में प्रशिक्षित किया गया है? **(ख)** कुल कितने प्रशिक्षुओं को किन-किन विधा/ट्रेड में प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य है? प्रशिक्षण उपरांत क्या प्लेसमेंट की भी व्यवास्था की जाती है? यदि नहीं तो इस विषय पर विभाग द्वारा क्या योजना बनाई जा रही है, कृपया जानकारी प्रदाय करें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क)जिला गरियाबंद में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 10.02.2025 तक प्रशिक्षित युवाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब** अनुसार है।**(ख)**विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित किये जाने हेतु प्रशिक्षुओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स एवं प्रपत्र-द** अनुसार है। जी हां। प्रशिक्षण उपरांत प्लेसमेंट की भी व्यवस्था की जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

अनु. जनजाति वर्ग की जमीन को गैर अनु. जनजाति के व्यक्तियों द्वारा खरीदे जाने की प्रदत्त अनुमति

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

8. (क्र. 629) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पिछले 04 साल में कितने गैर अनुसूचित जनजाति के व्यक्तिओं को कलेक्टरों ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति की जमीन खरीदने की अनुमति दी है? विकासखण्डवार नाम सहित जानकारी उपलब्ध करायें। किस अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति की, कितनी एकड़ जमीन, कौन से ग्राम/ नगरीय निकाय में खरीदने की अनुमति दी गई है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पिछले 04 साल में गैर अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति की जमीन खरीदने की अनुमति नहीं दी गई है।

वन विभाग द्वारा बनाई गई कम्पार्टमेन्ट की सीमा का सुधार

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

9. (क्र. 630) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या यह सत्य है कि वन विभाग द्वारा बनाई गई कम्पार्टमेन्ट की सीमा गांव की पारंपरिक सीमा के अनुसार नहीं है तथा वन विभाग के वर्किंग प्लान कोड के अनुसार उनका गांव की सीमा होना अनिवार्य है ? यदि हां, तो कब तक कम्पार्टमेन्ट की सीमा को सुधार कर गांव की सीमा के अनुसार कर लिया जाएगा?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : यह सत्य है कि वन विभाग द्वारा बनाई गई कम्पार्टमेंट की सीमा गांव की पारंपरिक सीमा के अनुसार नहीं है बल्कि वन खण्ड की सीमा गांव की सीमा से मिलती है जो भारतीय वन अधिनियम 1927 की अधिसूचना अनुसार होती है तथा वन विभाग के वर्किंग प्लान कोड 2023 अनुसार वन विभाग द्वारा बनाई गई कम्पार्टमेंट की सीमा गांव की पारंपरिक सीमा के अनुसार होना अनिवार्य नहीं है बल्कि वन खण्ड के अंतर्गत आने वाले कम्पार्टमेंट की सीमा वन एवं प्रशासनिक प्रबंधन के आधार पर प्राकृतिक चिन्हों के अनुसार होती है। इसके अलावा बहुत सारे कम्पार्टमेंट की सीमा ऐसी हैं जो गांव की सीमा से बहुत दूर है। कुछ कम्पार्टमेंट ऐसे भी है जिनकी सीमा दो अलग-अलग वनखण्डों से जुड़ी हुई है। अतः पूर्व से वन

खण्ड के अंदर बनाये गये कम्पार्टमेंट की सीमा को सुधार कर गांव की सीमा के अनुसार किये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

बी.एड व डी.एल.एड पाठ्यक्रम का संचालन

[स्कूल शिक्षा]

10. (क्र. 750) श्री ललित चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ राज्य में बी.एड व डी.एल.एड पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले कितने महाविद्यालय हैं? जिलेवार महाविद्यालयों की विस्तृत जानकारी दें। **(ख)** प्रश्नांक **(क)** अनुसार बी.एड व डी.एल.एड पाठ्यक्रम संचलित करने वाले कितने महाविद्यालयों में 04 वर्षीय बी.ए बी.एड, बी.कॉम बी.एड, एवं बी.एस.सी बी.एड के लिए मान्यता प्राप्त है? जिलेवार महाविद्यालयों की सूची प्रदान करें। **(ग)** प्रश्नांक **(ख)** अनुसार 02 वर्षीय बी.एड. व डी.एल.एड पाठ्यक्रम को बंद करके 04 वर्षीय इंटीग्रेटेड बी.एड प्रोग्राम के लिए मान्यता प्राप्त करने हेतु कितने महाविद्यालय द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया था ? कितने महाविद्यालयों को मान्यता प्राप्त हुई? कितने महाविद्यालयों का आवेदन निरस्त हुआ ? जिलावार महाविद्यालयों की जानकारी प्रदान करें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) राज्य में बी.एड. पाठ्यक्रम संचालित करने वाले 150 महाविद्यालय व डी.एल.एड. पाठ्यक्रम संचालित करने वाले 90 महाविद्यालय / संस्था है। जिलेवार विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ"** अनुसार है।**(ख)** बी.एड. व डी.एल.एड. पाठ्यक्रम संचालित करने वाले 03 महाविद्यालयों को 04 वर्षीय बी.ए.बी.एड., बी.कॉम.बी.एड. एव बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम के लिए मान्यता प्राप्त है। जिलेवार महाविद्यालयों की सूची **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "ब"** अनुसार है। **(ग)** मान्यता प्राप्त करने हेतु सीधे (एन.सी.टी.ई.) को आवेदन किया जाता है। अतः शेषांश का प्रश्न उपस्थित नही होता है।

विधानसभा क्षेत्र कसडोल में नवीन विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना

[ऊर्जा]

11. (क्र. 768) श्री संदीप साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र कसडोल के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 से किन-किन स्थानों पर 132/33 के.वी. एवं 33/11 के.वी. के सबस्टेशन हेतु सीएसपीडीसीएल को मांग पत्र प्राप्त हुआ है? **(ख)** किन-किन स्थानों में नवीन उपकेन्द्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है? क्या उक्त प्रस्तावित स्थानों में नवीन विद्युत उपकेन्द्र की स्वीकृति मिल गई है? यदि नहीं तो किस स्तर पर लम्बित है? कब तक स्वीकृति प्रक्रिया पूर्ण कर ली जावेगी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक की जानकारी उत्तरांश (क) के **संलग्न प्रपत्र** के कालम 4 अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

अचानकमार टाइगर रिजर्व अंतर्गत विस्थापित परिवारों की जानकारी

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

12. (क्र. 853) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अचानकमार टाइगर रिजर्व अंतर्गत संरक्षित क्षेत्र के कौन-कौन से ग्राम के निवासियों का कब तक विस्थापन किया जाना था? कितने गांवो और परिवारों का विस्थापन किया जा चुका है? कितने का विस्थापन किन किन कारणों से शेष है? **(ख)** विस्थापित परिवारों को कितनी कितनी भूमि एवं राशि प्रदान

की गयी है? परिवार के मुखिया का नाम,राशि,भूमि का रकबा,खसरा क्या है? विस्थापित परिवारों को प्रदत्त भूमि किस विभाग से ली गई है? परिवार को प्रदत कुल भूमि का कुल क्षेत्रफल क्या है और निर्मित मकान का क्षेत्रफल क्या है? ग्रामवार जानकारी क्या है? **(ग)** विस्थापितों को भूमि एवं राशि के अतिरिक्त और क्या क्या सुविधा एवं संसाधन उपलब्ध कराए गए है? क्या विस्थापितों के कृषि कार्य हेतु सिचाई की व्यवस्था की गई है? अगर की गई है तो क्या की गई है? परिवार एवं ग्रामवार जानकारी दें? **(घ)** क्या विस्थापित ग्रामों में पहुच मार्ग एवं पानी निकासी की व्यवस्था की गई है? ग्रामवार जानकारी क्या दें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) अचानकमार टाईगर रिजर्व संरक्षित क्षेत्र के कोर क्षेत्र में कुल 25 वनग्राम थे। उन ग्रामों से 09 वनग्राम (जल्दा, कूबा, बहाउड़, बांकल, बोकराकछार, सांभरधसान, तिलईडबरा, बिरारपानी एवं छिरहट्टा) के विस्थापन की योजना बनाई गई है तथा उक्त ग्राम के निवासियों का विस्थापन किया जाना था। उक्त ग्राम में से प्रथम चरण में वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 में 06 ग्रामों (जल्दा, कूबा, बहाउड़, बांकल, बोकराकछार, सांभरधसान) के 249 परिवारों का विस्थापन किया गया है तथा द्वितीय चरण में 03 ग्रामों(तिलईडबरा, बिरारपानी एवं छिरहट्टा) के 170 परिवारो के विस्थापन का कार्य प्रक्रियाधीन है। अभी तक उन ग्रामों के विस्थापन हेतु स्थल का चयन, क्षेत्र का सीमांकन पूर्ण हो चुका है तथा वृक्ष कटाई का कार्य प्रगति पर है। हितग्राहियों हेतु भवन निर्माण, कृषि भूमि का समतलीकरण, आवागमन हेतु सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित अधोसंरचनाओं के निर्माण के पश्चात् इन 03 ग्रामों के परिवारो का विस्थापन किया जायेगा। शेष 16 ग्रामों के विस्थापन हेतु वर्तमान में कोई योजना नहीं बनाई गई है। अचानकमार टायगर रिजर्व के ग्रामों के विस्थापन हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं है।**(ख)** विस्थापन कार्य राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार किया गया, जिसमें प्रत्येक परिवार को 2.00 हे. कृषि भूमि एवं 0.05 हे. भूमि में मकान, बाड़ी प्रदाय किया गया है। प्रत्येक परिवार को रूपये 50 हजार की इंसेटिव राशि प्रदाय किया गया है।विस्थापित परिवार के मुखिया का नाम, राशि भूमि का रकबा की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।** विस्थापन वन भूमि में होने के कारण खसरा की जानकारी दिया जाना संभव नहीं है। विस्थापित परिवारों को प्रदत्त भूमि को वन विभाग मुंगेली वनमण्डल/ मरवाही वनमण्डल से लिया गया है। विस्थापित 249 परिवारों को प्रदत्त कुल क्षेत्रफल 510.45 हे. है। प्रत्येक परिवार का निर्मित मकान का क्षेत्रफल 0.05 हे. है जिसमें बाड़ी भी शामिल है। ग्रामवार **विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-ब" अनुसार है।(ग)** विस्थापित प्रत्येक परिवार को 2.30 हे. भूमि का आबंटन हुआ जिसमें से प्रत्येक परिवार को कृषि भूमि, मकान तथा बाड़ी हेतु व्यक्तिगत रूप से 2.05 हे. भूमि प्रदाय की गई। शेष प्रति परिवार 0.25 हे. भूमि से ग्रामों में आधारभूत सुविधाएं जैसे पहुंच मार्ग, शाला भवन, सिंचाई साधन, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पक्का नाली, सामुदायिक भवन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।विस्थापित परिवारों के कृषि कार्य हेतु सिचाई की व्यवस्था की गई है। विस्थापित 06 ग्रामों जल्दा, कूबा, बहाउड़, बांकल, बोकराछार, सांभरधसान में सिंचाई व्यवस्था हेतु स्टापडेम, ट्यूब बेल, नहर एवं तालाब की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसका ग्रामवार **विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-ब" अनुसार है।**चुंकि उक्त कार्य सामुदायिक उपयोग हेतु कराया गया है। अतः परिवारवार जानकारी दिया जाना संभव नहीं है।**(घ)** हॉ विस्थापित ग्रामों में पहुंचमार्ग एवं पानी निकासी की व्यवस्था की गई है। विस्थापित सभी 06 ग्रामों जल्दा, कूबा, बहाउड़, बांकल, बोकराछार, सांभरधसान में पहुंच मार्ग हेतु मुरूम रोड, सी.सी. रोड एवं सभी ग्रामों में पानी निकासी हेतु पक्का नाली निर्माण कार्य कराया गया है। **विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे "प्रपत्र-ब" अनुसार है।**

शासकीय विश्वविद्यालयों में यू.टी.डी. की शिक्षण व्यवस्था

[उच्च शिक्षा]

13. (क्र. 880) श्री अजय चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) छत्तीसगढ़ के कौन-कौन से शासकीय विश्वविद्यालय में संचालित हैं ? क्या इसके अंतर्गत शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पद स्वीकृत हैं? यदि हॉ, तो उसके विरूद्ध कितने पद भरे और कितने कब से रिक्त हैं ? इसके अंतर्गत कितने छात्र अध्ययनरत हैं ? विश्वविद्यालयवार बतायें? **(ख)** प्रश्नांक (क) अंतर्गत कौन-कौन से संकाय संचालित हैं और कौन से नये संकाय प्रारंभ किये गये हैं? उसके विरूद्ध कितने शोध केन्द्र हैं ? अब तक किन-किन विषयों पर शोध किये गये हैं ? **(ग)** वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक राज्य सरकार द्वारा कितना-कितना बजट आबंटन किया गया था? उसके विरूद्ध किन-किन क्षेत्रों में क्या-क्या कार्य किया गया ? वर्षवार बतायें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) छत्तीसगढ़ के 7 राजकीय विश्वविद्यालयों में संचालित है। उक्त विश्वविद्यालयों में यू.टी.डी. अंतर्गत शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पद स्वीकृत है। स्वीकृत पद विरूद्ध भरे पद एवं रिक्त पदों तथा यू.टी.डी. अंतर्गत अध्ययनरत छात्रों की विश्वविद्यालयवार जानकारी **प्रपत्र-''अ'' संलग्न** है। **(ख)** प्रश्नांक **(क)** अंतर्गत विश्वविद्यालयों में संचालित संकाय, नये प्रारंभ किये गये संकाय उसके विरूद्ध शोध केन्द्र एवं अब तक किये गये शोध विषयों की जानकारी **प्रपत्र-''ब'' संलग्न** है। **(ग)** वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक इन विश्वविद्यालयों को जारी किए गए आबंटन एवं इनके विरूद्ध किये गये कार्य की जानकारी **प्रपत्र-''स'' संलग्न** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रन्थ अकादमी की वित्तीय एवं भौतिक स्थिति

[उच्च शिक्षा]

14. (क्र. 881) श्री अजय चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रन्थ अकादमी की स्थापना कब और किस उद्देश्य से की गयी ? पद संरचना क्या है ? कौन-कौन से स्वीकृत पद हैं, उसके विरूद्ध कितने भरे गये हैं और कितने कब से रिक्त हैं ? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक इसके संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा कितने बजट का प्रावधान किया गया है ? उसके विरूद्ध कितनी राशि का उपयोग किन-किन कार्यो में किया गया ? वर्षवार बतायें ? **(ग)** उक्त अकादमी की स्थापना वर्ष से अब तक किन-किन विषयों पर लेखन कार्य, प्रकाशन व अन्य कार्य किये गये वर्षवार बतायें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रंथ अकादमी की स्थापना वर्ष 2006 में की गई हैं अकादमी की स्थापना का उद्देश्य विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों का अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं से अनुवाद एवं हिंदी में मौलिक पुस्तकों की रचना तथा उनके मुद्रण एवं विक्रय की व्यवस्था करना है। पद संरचना, स्वीकृत, भरे व रिक्त पद की जानकारी **प्रपत्र-'अ' पर संलग्न** है। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक अकादमी के संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा राशि रू. 95 लाख प्रावधानित, राशि में रू. 88 लाख प्राप्त, व्ययित राशि 88,21,011 (अतिरिक्त व्ययित राशि रू. 21011 अन्य मदों से प्राप्त) इस राशि का उपयोग स्थापना मद में किया गया है, वर्षवार विवरण **प्रपत्र-'ब' पर संलग्न** है। **(ग)** जानकारी प्र**पत्र-'स' पर संलग्न** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

खेलो इंडिया सेंटर्स की स्थापना

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

15. (क्र. 1062) श्रीमती गोमती साय : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में खेलो इंडिया सेंटर्स की स्थापना कहॉ-कहॉ की गई है? खेलो इंडिया स्कीम का उद्देश्य क्या है? खेलो इंडिया स्कीम के तहत मान्यता प्राप्त करने का क्या मापदण्ड है? विवरण देवें ? **(ख)** पी.सी.ए. के चयन के लिए खेलो इंडिया द्वारा क्या मापदंड और प्रक्रिया रखी गई है? इन मापदंड/प्रक्रियाओं में फेरबदल करने का अधिकार किसे है ? **(ग)** क्या वर्ष 2020 से दिनांक 31.01.2025 तक पी.सी.ए. चयन में कोई शिकायत प्राप्त हुई है अथवा पी.सी.ए. के ऊपर कोई कार्यवाही हुई है ? यदि हॉ, तो क्या कार्यवाही की गई? विवरण देवें?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र-''अ'' अनुसार है। (ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र-''ब'' अनुसार है। (ग) जी हॉ। प्रश्नाधीन अवधि अंतर्गत पी.सी.ए. चयन/भर्ती के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई। हॉ, प्राप्त शिकायत के आधार पर तत्कालीन पी.सी.ए. को कार्य से पृथक कर दिया गया एवं पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

काष्ठीय एवं अकाष्ठीय वनोत्पादों, संरक्षित एवं आरक्षित वन की जानकारी

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

16. (क्र. 1162) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला राजनांदगाँव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मानपुर-मोहला-चौकी अंतर्गत वर्ष 2022-23 से दिनांक 31.01.2025 तक काष्ठीय एवं अकाष्ठीय वनोत्पादों से प्राप्त होने वाली रॉयल्टी की जानकारी विकासखंडवार, राशिवार देवें? प्राप्त राशि का प्रयोग किन-किन कार्यों के लिये किया गया ? कार्यवार कार्यों हेतु किये गये भुगतान तथा फर्म/एजेंसी के नाम सहित जानकारी देवें ? **(ख)** आरक्षित एवं संरक्षित वन में आने वाले वृक्षों की जानकारी विकासखंडवार देवें तथा इन क्षेत्रों में कब-कब, कितने-कितने वृक्षों की कटाई हेतु अनुमति किसे-किसे प्रदान की गई ? संरक्षित क्षेत्र में आने वाले पत्थर खदान, चूना, कोयला, भट्ठा लगाना, वनोपज संग्रहण, चराई, खेती आदि के लिए दी गई अनुमति की जानकारी, ग्रामवार, रकबा सहित विकासखंडवार देवें ? **(ग)** आरक्षित वनों में अग्नि प्रसार से संबंधित अपराध के कितने प्रकरण कहां-कहां, दर्ज किये गये हैं? दर्ज प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्रकरणवार देवें ? **(घ)** निजी वन/पड़त भूमि के संरक्षण हेतु विनियमन कहां-कहां लागू किया गया? विकासखंवार, वर्षवार जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) प्रश्नांश (क) के अनुसार जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई एवं मानपुर-मोहला- चौकी अंतर्गत वर्ष 2022-23 से दिनांक 31.01.2025 तक काष्ठीय एवं अकाष्ठीय वनोत्पादों से किसी भी प्रकार की रॉयल्टी नही ली गई। रायल्टी से प्राप्त होने वाली प्राप्त राशि का प्रयोग का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। कार्यवार कार्यों हेतु किये गये भुगतान का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।**(ख)** जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई एवं मानपुर-मोहला-चौकी के समस्त विकासखंडों में आरक्षित एवं सरक्षित वनों में उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन पाया जाता है जिसमे मुख्य वृक्ष प्रजाति साजा, धावड़ा, सागौन, कर्रा, बीजा, मोदे, भिर्रा, शीशम, सलिहा, महुआ, मुण्डी, बेहड़ा, हल्दू, तेन्दू आदि पाया जाता है। कटाई की अनुमति मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वृत्त एवं संबंधित जिले के वनमण्डलाधिकारी को दी गई। आरक्षित एवं संरक्षित वन में वर्ष 2022-23 से 31.01.2025 तक जिलेवार, विकासखंडवार अनुमति प्राप्त वृक्षों की कटाई की संख्या निम्नानुसार है:-

वर्ष	जिला	वनमंडल	विकासखण्ड का नाम	अनुमति प्राप्त काटे गये व़क्षों की संख्या
2022-23	राजनांदगांव	राजनांदगांव	छुरिया	3675
			अंबागढ़ चौकी	1154
			मानपुर	13391
			डोंगरगढ़	4763
	खैरागढ	खैरागढ	खैरागढ़	10043
			छुईखदान	4493
			डोंगरगढ़	6128
			डोंगरगांव	546
योग :-				**44193**
2023-24	राजनांदगांव	राजनांदगांव	छुरिया	8745
			डोंगरगढ़	4436
	मोहला	मोहला	मानपुर	5749
			अंबागढ़ चौकी	1846
	खैरागढ	खैरागढ	खैरागढ़	6609
			छुईखदान	5872
योग :-				**33257**
2024-25	राजनांदगांव	राजनांदगांव	छुरिया	3472
			डोंगरगढ़	2347
	मोहला	मोहला	अंबागढ़ चौकी	3218
			मानपुर	5086
	खैरागढ	खैरागढ	खैरागढ़	5192
			छुईखदान	5563
योग :-				**24878**
महायोग :-				**102328**

संरक्षित क्षेत्र में आने वाले पत्थर खदान, चूना, कोयला, भट्ठा लगाना, वनोपज संग्रहण, चराई, खेती आदि के लिए अनुमति नहीं दी गई। ग्रामवार, रकबा सहित विकासखण्डवार जानकारी देने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता ।**(ग)** प्रश्नांश अवधि में आरक्षित वनों में अग्नि प्रसार से संबंधित अपराध का कोई प्रकरण दर्ज नही हुआ है। दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नही होता।**(घ)** निजी वन/पड़त भूमि के संरक्षण हेतु वर्तमान में वन विभाग से संबंधित कोई भी विनियमन लागू नही है।

<u>प्रदेश के उद्योगों पर विद्युत देयकों की बकाया राशि</u>

[ऊर्जा]

17. (क्र. 1235) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दिनांक 31 जनवरी, 2025 की स्थिति में प्रदेश में स्थापित कौन-कौन से उद्योगों पर निम्न दाब एवं उच्च दाब कनेक्शन के विद्युत देयकों की रूपए एक लाख से अधिक राशि बकाया है ? नाम सहित बकाया राशि का विवरण दें? **(ख)** बकाया राशि की वसूली हेतु क्या-क्या कार्यवाही किन-किन उद्योगों के विरुद्ध की गई ? विवरण देवें? **(ग)** क्या विभाग द्वारा उन उद्योगों, जिन पर राशि बकाया है, उनके विरुद्ध आर.आर.सी. जारी की गई है? यदि की है तो कितने पर कार्यवाही हो पाई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ'', ''ब'' एवं ''स''** अनुसार है। **(ख)** निम्नदाब एवं उच्चदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''द'' एवं प्रपत्र-''ई''** अनुसार है। निम्न दाब एवं उच्च दाब निष्क्रिय उद्योगों की सूची **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''फ''**

एवं प्रपत्र-''ग'' अनुसार है। **(ग)** जी हां। 32 उपभोक्ताओं के विरूद्ध आर.आर.सी. जारी की गई है। जारी की गई आर.आर.सी. के तहत कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

प्रदेश में पंजीकृत पब्लिक ट्रस्ट की लेखा संपरीक्षा

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

18. (क्र. 1236) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में कुल कितने पब्लिक ट्रस्ट पंजीकृत हैं? नाम सहित विवरण देवें ? **(ख)** कंडिका "क" में उल्लेखित इन पब्लिक ट्रस्टों में से कितने ट्रस्टों ने वर्ष 2023-24 व 2024-25 में अपने ट्रस्ट की लेखा संपरीक्षा कराई ? जिनने नहीं कराई, उनके विरुद्ध नियमों के तहत क्या कार्यवाही की गई ? विवरण देवें ? **(ग)** कंडिका "क" एवं "ख" में उल्लेखित जिन पब्लिक ट्रस्टों के द्वारा संपरीक्षा अपने ट्रस्ट लेखे की नहीं कराई, उनके विरुद्ध कब तक दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जानकारी एकत्रित की जा रही है।

महासमुंद जिले में किसानो को पंप कनेक्शन का प्रदाय

[ऊर्जा]

19. (क्र. 1273) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2023 से दिनांक 15 जनवरी, 2025 तक महासमुंद जिले में कितने किसानों के पंप कनेक्शन लंबित हैं? विकासखंडवार लंबित पंप कनेक्शनों की जानकारी प्रदान करें? प्रश्नांक अनुसार कितने पंप कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था तथा कितने पंप कनेक्शन किसानों को प्रदाय किये गए हैं? वर्षवार लक्ष्य तथा प्रदाय कनेक्शन की जानकारी प्रदान करें? **(ख)** किसानों को पंप कनेक्शन प्रदाय करने हेतु शासन के क्या नियम हैं तथा किसानों एवं शासन को कितनी-कितनी राशि का खर्च वहन करना पड़ता है? ऐसे कितने किसान हैं, जिनका डिमांड नोट (रसीद) विभाग में काटा जा चुका है परन्तु उनका पंप कनेक्शन प्रदाय किया जाना लंबित है? **(ग)** बसना विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2023 से दिनांक 15 जनवरी, 2025 तक किसानों एवं अन्य लोगों द्वारा कितने अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मांग की गई है? मांग के विरुद्ध कितना ट्रांसफार्मर दिया गया? कितने लंबित हैं? लंबित होने के क्या कारण है? विधानसभा क्षेत्र में ख़राब एवं जर्जर तारों को बदले जाने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है एवं कब तक की जावेगी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में महासमुन्द जिले में 2122 किसानो के पंप कनेक्शन लंबित है। विकासखंडवार लंबित पम्प कनेक्शनों की जानकारी प्रपत्र में संलग्न है।प्रश्नांक के अनुसार प्रश्नावधि में 6663 पंप कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके विरूद्ध 5690 पम्प कनेक्शन किसानों को प्रदाय किये गए है। वर्षवार लक्ष्य तथा प्रदाय कनेक्शन की **जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** किसानो को पम्प केक्शन प्रदाय करने हेतु किसानों द्वारा बोर खनन पश्चात् कृषि पंप ऊर्जीकरण योजनांतर्गत कृषि पंप कनेक्शन हेतु निर्धारित प्रारुप में आवेदन तथा भूमि दस्तावेज जमा करने पर सर्वे कर प्राक्कलन स्वीकृत किया जाता है। प्राक्कलन स्वीकृति पश्चात् किसानो द्वारा आवश्यक मांग राशि जमा करने पर कार्यादेश जारी किया जाता है तथा शासन से प्राप्त बजट के आधार पर लक्ष्य निर्धारण के पश्चात् वरिष्ठता क्रम के अनुसार कनेक्शन प्रदाय किया जाता है। कृषि पंप ऊर्जीकरण योजनांतर्गत कृषक परिवार के केवल एक सदस्य को ही विद्युत कनेक्शन हेतु शासन द्वारा राशि रुपये 1 लाख अनुदान प्रदान किया जाता है तथा प्राक्कलन की शेष राशि किसानो द्वारा वहन किया जाता है। प्रश्नावधि में विद्युत पंप कनेक्शन हेतु जारी डिमांड नोट के विरूद्ध 2122 किसानो का डिमांड नोट (रसीद) विभाग में काटा जा चुका है, परंतु उनका पम्प

कनेक्शन प्रदाय किया जाना लंबित है। **(ग)** बसना विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2023 से दिनांक 15 जनवरी, 2025 तक किसानों एवं अन्य लोगों द्वारा ओव्हर लोडिंग या लो-वोल्टेज संबंधी समस्याओं के निदान हेतु आवेदन किया गया था। सर्वे उपरांत तकनीकी आवश्यकता के आधार पर 43 स्थानों पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की आवश्यकता चिन्हित की गई, जिसमें से 40 अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किये जा चुके है तथा 03 स्थानों के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापना के कार्य प्रगति पर है। बसना विधानसभा क्षेत्र में 03 स्थानों के खराब एवं जर्जर तारों को बदले जाने के लिए कार्यवाही पूर्ण कर दी गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

जिला महासमुंद में पेड़ों की अवैध कटाई एवं परिवहन

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

20. (क्र. 1277) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जिला-महासमुंद में वर्ष 2023 से 30 जनवरी, 2025 तक अवैध वन कटाई तथा परिवहन के कितने प्रकरण दर्ज किये गए? इनमें क्या कार्यवाही की गयी?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : जिला महासमुंद में वर्ष 2023 से 30 जनवरी, 2025 तक वनों की अवैध कटाई के 1702 प्रकरण तथा अवैध परिवहन के 37 प्रकरण, इस प्रकार कुल 1739 प्रकरण दर्ज किये गये है। दर्ज प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न 'प्रपत्र-'अ' एवं 'ब' में दर्शित है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर अन्तर्गत बैराजों से कंपनी को देय पानी का किराया

[जल संसाधन]

21. (क्र. 1279) श्री रामकुमार यादव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अन्तर्गत कौन-कौन से बैराज स्थित हैं ? **(ख)** उन बैराजों से किस-किस कंपनी को किस प्रकार से पानी सुविधा दी जाती है ? जानकारी देवें? **(ग)** कंपनी को दी जा रही पानी सुविधा की रॉयल्टी, किस नियम से किस प्रकार से कितनी-कितनी ली जाती है ? उक्त विवरण विगत वर्ष 2021-2022 से 31.01.2025 तक का प्रदान करें। **(घ)** क्या पानी सुविधा हेतु कंपनियों द्वारा कोई गड़बड़ियां की गई है, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ? बतावें।

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अन्तर्गत कलमा बैराज एवं साराडीह बैराज स्थित हैं। **(ख)** कलमा बैराज से 04 कंपनियां क्रमशः डी.बी. पावर लिमिटेड, कोरबा वेस्ट लिमिटेड, मोनेट इस्पात लिमिटेड एवं जिंदल पावर लिमिटेड को तथा साराडीह बैराज से कुल 03 कंपनियॉं क्रमशः आर.के.एस. पावरजेन प्रा.लि. उच्चपिंडा, एस.के.एम. पावर जनरेशन छ.ग. लि. बिंजकोट/दर्रामुडा एवं एन.टी.पी.सी. लारा रायगढ़ को पानी की सुविधा उनके स्वयं के साधन व्यवस्था से दी जा रही है। **(ग)** शासन के नियमानुसार औद्योगिक संस्थानों की अग्रिम जल-कर से निर्मित जल संग्रहण संरचना से पानी लेने पर उन कंपनियों के लिये 5.50 रू. प्रति घ.मी. तथा जिन कंपनियों के द्वारा जल संग्रहण संरचना निर्माण के लिये अग्रिम जल-कर जमा नहीं की गई है, उनसे नियमानुसार 10.50 रू. प्रति घ.मी. की दर से जलकर ली जा रही है। वर्ष 2021-22 से 31.01.2025 तक का **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (घ)** नहीं, पानी सुविधा हेतु कंपनियों द्वारा कोई गड़बड़ियां नहीं की गई है, अतः कार्यवाही किये जाने का प्रश्न उद्‌भुत नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

कोयले की ऑफलाईन रायल्टी वसूली से लाभ/हानि

[खनिज साधन]

22. (क्र. 1323) श्री दिलीप लहरिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की अवधि में कोयले की रायल्टी की वसूली को ऑनलाईन मोड से ऑफलाईन मोड पर कब-कब और कितनी बार किया गया? यदि ऑफलाईन मोड किया गया, तो इस दौरान ऑनलाईन मोड से ऑफलाईन मोड करने में शासन को कितनी अतिरिक्त रायल्टी प्राप्त हुई या लाभ अर्जित हुआ और यदि हानि हुई तो कितनी हुई? विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के तहत यदि शासन को हानि हुई है, तो क्या जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की गयी? यदि की गयी है तो क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों नहीं की गयी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की अवधि में कोयले की रायल्टी की वसूली को ऑनलाईन मोड से ऑफलाईन मोड नहीं किया गया है। अतः शेष प्रश्नांश उद्भूत नहीं होता है। **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत् प्रश्न उद्भूत नही होता है।

जिला जांजगीर-चांपा में जिला खनिज संस्थान न्यास(डी.एम.एफ.) मद अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[खनिज साधन]

23. (क्र. 1346) श्री ब्यास कश्यप : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या 01 जनवरी, 2024 से 15 जनवरी, 2025 तक जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत क्षेत्रों में जिला खनिज संस्थान न्यास मद से ग्राम पंचायतों में निजी ठेकेदारों के द्वारा कार्य कराये गये हैं? यदि हां, तो कितनी ग्राम पंचायतों में, कितनी राशि के कार्य कितने ठेकेदारों के माध्यम से कराये गये हैं? क्या इन कार्यों के लिए विविधवत् निविदा जारी की गई थी अथवा नहीं? यदि नहीं तो क्यों? उक्त निर्माण कार्यों में अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई? **(ख)** क्या उक्त कार्यों की स्वीकृति के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास (मद) के शासी परिषद की बैठक में लिये गये निर्णयों का पालन किया गया? यदि नहीं तो क्यों?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी नहीं। अतः शेष प्रश्नांश उद्भूत नही होता। **(ख)** जी हाँ।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जांजगीर-चांपा द्वारा व्यय की गई राशि

[स्कूल शिक्षा]

24. (क्र. 1347) श्री ब्यास कश्यप : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2024-25 तक जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चांपा तथा उसके अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा किस-किस मद से किन-किन कार्यों हेतु, कितनी-कितनी राशि व्यय की गई? मदवार, कार्यवार, वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** क्या प्रश्नांश ''क'' के कार्यालयों को डी.एम.एफ.टी. मद से भी व्यय हेतु राशि प्राप्त हुई है? यदि हां, तो प्राप्त राशि को किस-किस प्रयोजन हेतु कितना-कितना व्यय किया गया? वर्षवार, कार्यवार जानकारी प्रदान करें? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'ख' की प्राप्त राशि को निर्माण/मरम्मत कार्यों तथा सामग्री खरीदी हेतु भी व्यय किया गया? यदि हां, तो किन-किन कार्यों हेतु कितनी-कितनी राशि व्यय की गयी? कार्य एजेंसी/ठेकेदार/सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्म के नाम सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र- "अ"** अनुसार है। **(ख)** जी हाँ। जानकारी **संलग्न प्रपत्र- "ब"** अनुसार है। **(ग)** जी हाँ। जानकारी **संलग्न प्रपत्र- "स"** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

विधान सभा क्षेत्र मुंगेली अंतर्गत संचालित पशु औषधालय/चिकित्सालय

[पशुधन विकास]

25. (क्र. 1359) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में कहां-कहां, किन-किन स्थानों पर पशु औषधालय/चिकित्सालय/ कृत्रिम गर्भधान केन्द्र संचालित हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें? संचालित केन्द्रों में से कितने केन्द्रों में चिकित्सक कार्यरत नहीं है? क्या वर्ष 2024 से जनवरी, 2025 तक पशुओं के टीकारण किया गया है एवं उनमें कतनी राशि किस-किस मद में व्यय हुई ? **(ख)** प्रश्न ''क'' अनुसार क्या स्थानीय जनप्रतिनिधि के अनुसंशा पर जिला कार्यालय द्वारा मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में नवीन पशु औषधालय कृत्रिम गर्भधान केन्द्र प्रारंभ किये जाने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है ? यदि हां, तो कहां-कहां पर एवं कब तक स्वीकृति प्रदान की जावेगी समयावधि बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विधानसभा क्षेत्र मुंगेली अंतर्गत 02 पशु चिकित्सालय, 08 पशु औषधालय संचालित है। विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है -

क्र.	पशु चिकित्सालय का नाम	पशु औषधालय का नाम	विकासखण्ड
1	पशु चिकित्सालय मुंगेली	पशु औषधालय पण्डरभट्टा	मुंगेली
2	पशु चिकित्सालय जरहागांव	पशु औषधालय कंतेली	मुंगेली
3	-	पशु औषधालय छटन	मुंगेली
4	-	पशु औषधालय दुल्लापुर	मुंगेली
5	-	पशु औषधालय कोदवा	मुंगेली
6	-	पशु औषधालय धरमपुरा	मुंगेली
7	-	पशु औषधालय संबलपुर	मुंगेली
8	-	पशु औषधालय खम्हरिया	मुंगेली

विधानसभा क्षेत्र मुंगेली अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान केंद्र संचालित नहीं है। चिकित्सक की नियुक्ति पशु चिकित्सालय में की जाती है।उल्लेखित 02 पशु चिकित्सालयों में चिकित्सक कार्यरत हैं।जी हाँ वर्ष 2024 से जनवरी 2025 तक पशुओं में टीकाकरण किया गया है एवं टीकाकरण में व्यय की मद-वार जानकारी निम्नानुसार है -

क्र.	मद	टीकाकरण क्रय का विवरण	व्यय राशि रु.
1	राज्य आयोजना	एच.एस. + बी.क्यू.	2,22,180.00
		गोट पॉक्स	2,20,500.00
2	एस्काड योजनांतर्गत	एच.एस. + बी.क्यू.	1,49,970.00
		गोट पॉक्स	1,35,450.00
		इंटेरोटॉक्सिमियां	26,136.00
योग:			7,54,236.00

(ख)जी नहीं।

वेस्ट मटेरियल (टेलिंग डस्ट) को अव्यवस्थित डम्प करने पर कार्यवाही

[खनिज साधन]

26. (क्र. 1439) श्री चैतराम अटामी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या दन्तेवाड़ा जिला में बचेली एवं किरन्दुल में एनएमडीसी लिमिटेड एवं आर्सेलर मित्तल निपोन स्टील इंडिया लिमिटेड द्वारा लौह अयस्क उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है? क्या, लौह अयस्क के वेस्ट मटेरियल (टेलिंग डस्ट) को व्यवस्थित डम्प नहीं किया जा रहा है? यदि हां, तो उक्त कम्पनियों द्वारा किसके आदेशानुसार टेलिंग डस्ट को जनवरी, 2025 तक किन-किन स्थानों में कितनी मात्रा में डम्प किया गया है ?

उससे हुई नुकसान की भरपाई के लिए उनके द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ? टेलिंग डस्ट को व्यवस्थित डिस्पोज करने के लिए विभाग द्वारा क्या दिशा निर्देश जारी किया है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : दन्तेवाड़ा जिला में मेसर्स एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा बचेली एवं किरन्दुल में स्वीकृत मुख्य खनिज लौह अयस्क खनिपट्टा क्षेत्र में लौह अयस्क का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड द्वारा बचेली एवं किरन्दुल में लौह अयस्क का उत्खनन नहीं किया जाता है अपितु बेनिफिसिऐशन प्लांट संचालित किया जाता है। मेसर्स आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड को स्वीकृत अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति भूमि में लौह अयस्क अपशिष्ट पदार्थ (टेलिंग्स) का व्यवस्थित तरीके से डम्प किया जा रहा है। अतः शेष प्रश्न उद्भुत नहीं होता है।टेलिंग डस्ट को व्यवस्थित डिस्पोज करने विषयक दिशा-निर्देश छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा वाटर (प्रिवेन्शन एंड कंट्रोल ऑफ पाल्यूशन) एक्ट, 1974 तथा एयर (प्रिवेन्शन एंड कंट्रोल ऑफ पाल्यूशन) एक्ट, 1981 अंतर्गत जारी सम्मति आदेश में निहित होते है।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों को पदोन्नति में आरक्षण दिए जाने गठित क्वांटिफिएबल डाटा

[सामान्य प्रशासन]

27. (क्र. 1507) श्री आशा राम नेताम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राज्य में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों को पदोन्नति में आरक्षण दिए जाने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 11.7.2024 को गठित क्वांटिफिएबल डाटा समिति की रिपोर्ट पूर्ण हुई ? यदि हां तो अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों का विभागवार,कैडरवार,पदवार जानकारी देंगे। **(ख)** यदि नहीं तो कमेटी कब तक रिपोर्ट सौंपेगी एवं अब तक कितनी बैठके हो चुकी? जानकारी देंगे।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी नहीं। प्रश्न उद्भूत नहीं होता है। **(ख)** समय सीमा बताया जाना संभव नहीं । अब तक 03 बैठकें हो चुकी है।

विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर में नवीन खेल मैदान बनाने की योजना

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

28. (क्र. 1512) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर में खेल मैदान कहाँ-कहाँ है ? सूची प्रदान करें ? **(ख)** सरकार उक्त विधानसभा क्षेत्र में नए खेल मैदान कहाँ-कहाँ एवं कब तक बनाने का विचार रखती है ? सूची प्रदान करें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) :(क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख) विधानसभा प्रतापपुर क्षेत्र में नये खेल मैदान बनाया जाना विभाग में विचाराधीन नहीं है। शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय एवं निजी मंदिर

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

29. (क्र. 1540) श्री दिलीप लहरिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने शासकीय एवं निजी मंदिर स्थापित हैं? ग्रामवार विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के तहत कितने मंदिर जीर्ण-शीर्ण एवं मरम्मत योग्य एवं अहाताविहीन हैं? कितने मंदिरों में धर्मशाला की आवश्यकता है? विवरण देवें? **(ग)** धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यो को किस कार्यएजेंसी

के माध्यम से क्रियान्वयन किया जाता है? **(घ)** धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा क्या-क्या कार्य स्वीकृत किये जाते हैं, एवं क्या-क्या प्रावधान है? विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय मंदिर संधारित नहीं है। 563 निजी मंदिर स्थित हैं। ग्रामवार विवरण **संलग्न प्रपत्र** पर हैं। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के तहत 128 मंदिर जीर्ण-शीर्ण, 94 मरम्मत योग्य, 206 मंदिर आहता विहीन एवं 8 मंदिरों में धर्मशाला की आवश्यकता है। **(ग)** स्वीकृत कार्य शासकीय निर्माण विभागों से पूर्ण कराया जाता हैं। **(घ)** विभाग द्वारा मंदिरों का जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं धर्मशाला हेतु राशि रू. 5.00 लाख तक का अनुदान आबंटन जारी किया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में लंबित सिंचाई पम्प कनेक्शन

[ऊर्जा]

30. (क्र. 1550) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 2022-23 से 10/2/2025 तक कितनी संख्या में किसानों को सिंचाई विद्युत पम्पों हेतु कनेक्शन प्रदाय किया गया ? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** वर्तमान में लंबित आवेदनों की संख्या कितनी-कितनी है, लंबित प्रकरणों का निराकरण कब तक किया जावेगा ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांश **(क)** के वर्ष 2023-24 के लंबित 385 आवेदनों में से लक्ष्य में शामिल 238 के कार्य मई 2025 तक पूर्ण करने के प्रयास है। शेष 644 (147+497) के कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर पूर्ण किये जाने का प्रयास है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत अनुकम्पा नियुक्ति

[स्कूल शिक्षा]

31. (क्र. 1551) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-धमतरी में स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत 10/2/2025 तक अनुकम्पा नियुक्ति के कितने प्रकरण लंबित है ? **(ख)** धमतरी जिले में विगत 3 वर्षो में अनुकम्पा नियुक्ति के कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए एवं कितने आवेदन निरस्त हुए एवं कितने आवेदकों की नियुक्ति हुई ? कृपया वर्षवार, विकासखण्ड जानकारी प्रदाय करें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) जिला-धमतरी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत 10/02/2025 तक अनुकम्पा नियुक्ति के 03 प्रकरण लंबित है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

नकली होलोग्राम का उपयोग कर अवैध शराब का विक्रय

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

32. (क्र. 1557) श्री रामकुमार यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सही है कि अक्टूबर, 2023 में मेसर्स केडिया डिस्टलरीज लिमिटेड की एक ट्रक नकली होलोग्राम लगी शराब की जब्ती की गयी थी ? यदि हां तो शासन द्वारा दोषी डिस्टलर के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** क्या राज्य की शासकीय मदिरा दुकानों से देशी शराब निर्माता डिस्टलर प्लेसमेट ऐजेन्सियों के

संचालकों तथा जिलों में पदस्थ आबकारी अधिकारियों की मिली भगत से 1300 करोड़ रूपये की बिना ड्यूटी पटाये शराब की विक्रय की जानकारी प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो शासन द्वारा दोषियों से कर चोरी की राशि वसूल करने तथा की गयी दण्डात्मक कार्यवाहियों की जानकारी देवें। **(घ)** आबकारी विभाग द्वारा एफ.एल.10 (ए) लायसेंस जारी करने के क्या उद्देश्य है ? एफ.एल.10 (ए) लायसेंस कब-कब और किन-किन व्यक्तियों की कंपनियों को जारी किये गये हैं ? **(ड)** क्या उत्तर प्रदेश एस.टी.एफ द्वारा विस्तरीत जांच उपरांत राज्य की सरकारी मदिरा दुकानों से नकली होलोग्राम प्रकरण की जांच निष्कर्ष में बताया गया है कि नकली होलोग्राम का उपयोग कर 3200 करोड़ की अवैध शराब विक्रय की गई है ? यदि हाँ, तो राज्य सरकार द्वारा दोषियों से क्षति की राशि वसूल करने हेतु तथा क्या-क्या अन्य दण्डात्मक कार्यवाहियां की गयी है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) हाँ, यह सही है कि दिनांक 02.10.2023 को थाना नगरनार जिला बस्तर के द्वारा ग्राम धनपुंजी में पुलिस जांच चौकी में वाहनों की नियमित जांच के दौरान ओड़िसा प्रांत से छत्तीसगढ़ प्रांत की ओर अवैध मदिरा परिवहन करते हुए 01 माल वाहक ट्रक को पकड़ा गया था। जिसमें प्रथम दृष्टया मेसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज लिमिटेड, ग्राम-खपरी, पो. कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा निर्मित अवैध मदिरा गोवा स्पेशल व्हिस्की का परिवहन किया जाना पाया गया था। उक्त प्रकरण में आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा कार्यवाही करते हुए मेसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज लिमिटेड, ग्राम-खपरी, पो. कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को जारी एफ.एल.9 "विदेशी मदिरा बोतल भराई अनुज्ञप्ति" को दिनांक 01.12.2023 से 01 माह के लिये निलंबित किया गया था, जिस पर संबंधित इकाई के द्वारा पुनर्विलोकन आवेदन पर विचारोपरांत दिनांक 08.12.2023 को पूर्व जारी आदेश दिनांक 01.12.2023 को अपास्त किया गया है। **(ख)** केन्द्र सरकार की जांच एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय एवं राज्य सरकार की जांच एजेंसी राज्य आर्थिक अन्वेषण एवं एन्टी करप्शन ब्यरो द्वारा आबकारी आयुक्त कार्यालय से जानकारियां मांगे जाने से राज्य में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित मदिरा दुकानों से बिना ड्यूटी पटाये शराब के विक्रय के संबंध में जांच किये जाने की जानकारी इस कार्यालय को प्राप्त हुई है। शेष जानकारी इस कार्यालय से संबंधित नहीं है। **(ग)** राज्य की फुटकर मदिरा दुकानों में सभी प्रकार के ब्राण्ड/लेबलों की उपलब्धता नहीं होने की प्राप्त शिकायतें एवं अन्य राज्यों से अवैध रूप से लाई जा रही मदिरा तथा आबकारी राजस्व में वृद्धि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए एफ.एल.10(ए) अनुज्ञप्ति जारी किया गया था। विभाग द्वारा जारी किये गये एफ.एल.10(ए) अनुज्ञप्ति की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। मंत्री परिषद के निर्णय दिनांक 19 जून 2024 अनुसार एफ.एल.10(ए) अनुज्ञप्ति की व्यवस्था को समाप्त किया गया है एवं विदेशी मदिरा का थोक क्रय, भण्डारण एवं फुटकर अनुज्ञप्तधारियों को विक्रय का कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। **(घ)** इस संबंध में उत्तर प्रदेश एस.टी.एफ द्वारा इस कार्यालय को कोई भी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

भिलाई नगर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विद्युत बिलों में उपभोक्ताओं को प्रदायित छूट

[ऊर्जा]

33. (क्र. 1564) श्री देवेन्द्र यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-भिलाई नगर विधान सभा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में क्या छूट प्रदान की जा रही है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को ''घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत देयकों में राहत'' योजना, बीपीएल उपभोक्ताओं को एकल बत्ती कनेक्शन हेतु अनुदान येाजना एवं कृषकों को ''डॉ0 खूबचंद बघेल किसान विद्युत सहायता योजना'' के प्रावधानों के

तहत 5 एचपी तक के कृषि पंपों पर निःशुल्क बिजली प्रदान किया जा रहा है तथा औद्योगिक श्रेणी के पात्र उपभोक्ताओं को राज्य शासन द्वारा जारी आदेश दिनांक 20.01.2025 के प्रावधानों के तहत रियायत दी जा रही है, जो कि **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

प्रदेश में बिजली बिल टैरिफ में बढ़ोत्तरी की जानकारी

[ऊर्जा]

34. (क्र. 1568) श्री उमेश पटेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में जनवरी, 2024 से 10/2/2025 तक कितने बार बिजली के बिल टैरिफ में वृद्धि की गई है, माहवार और वृद्धि टैरिफवार जानकारी देवें। **(ख)** क्या प्रदेश में अब तक बिजली बिल उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पावर परचेस एड्जस्टमेंट सरचार्ज एफपीपीएएस लागू किया गया है ? यदि हां तो कब लागू किया गया है और लागू करने का कारण बताऐं।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ' एवं 'ब' अनुसार** है। **(ख)** जी हाँ। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को माह-जून 2023 में जारी किये गये बिजली बिल में माह अप्रैल-2023 के ऊर्जा प्रभार पर फ्यूल एण्ड पावर परचेस एड्जस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू किया गया, जिसे भारत सरकार द्वारा अधिसूचित विद्युत (संशोधन) नियम, 2022 के नियम 14 के संगत में माननीय छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा लागू किया गया है, इसका मुख्य कारण वितरण अनुज्ञप्तिधारक द्वारा विद्युत खरीद लागतों की समय पर वसूली सुनिश्चित करना एवं विभिन्न श्रेणीयों के उपभोक्ताओं द्वारा की गई विद्युत खपत में वीसीए प्रणाली अंतर्गत प्रभार, जो कि प्रति यूनिट समान दर लिया जाता था, के स्थान पर एफपीपीएएस प्रणाली अंतर्गत प्रचलित टैरिफ दर यथा खरीदी गई बिजली जो कि उस समय कोयले एवं आयल की दर के अनुसार पिछले माह की ऊर्जा प्रभार पर आंकलित प्रतिशत पर किया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

जिला रायगढ़ शासकीय निर्माण कार्यों में रॉयल्टी की राशि

[खनिज साधन]

35. (क्र. 1569) श्री उमेश पटेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्य में उपयोग में आने वाले खनीजों रेत, गिट्टी, मुरूम, मिट्टी आदी की रॉयल्टी राशि को शासन में जमा करने का क्या प्रावधान है? **(ख)** जून 2022 से 31.1.2025 तक विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु उपयोग में लाए गये खनिज की रॉयल्टी किस विभाग द्वारा कितनी राशि जमा की गई है, जानकारी देवें? क्या ठेकेदारों से मिलकर विभाग द्वारा राशि को जमा नहीं करने का प्रकरण विभाग के संज्ञान में आया है ? यदि हां तो क्या खनिज विभाग द्वारा इस प्रकार का रॉयल्टी जांच की गयी है ? **(ग)** क्या विभागों में ठेकेदार द्वारा प्रश्नांकित अवधि में अवैध खनिज उपयोग किये जाने का मामला प्राप्त हुआ है? यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) खनिज रेत, गिटटी, मुरूम मिट्टी आदि की रॉयल्टी राशि को शासन में जमा करने के संबध में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 71क में ''रायल्टी क्लियरेंस-शासकीय/अर्द्धशासकीय निर्माण विभागों में ठेकेंदार के माध्यम से कराये गये निर्माण कार्यों में उपयोग किये जाने वाले गौण खनिजों के बाजार मूल्य के बराबर राशि, संबंधित निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के देयको से काटकर रखा जायेगा। ठेकेदार के द्वारा संबंधित खनिज शाखा में आवेदन के साथ उपयोगित खनिज का वैद्य

अभिवहन पारपत्र प्रस्तुत कर संबंधित कलेक्टर के माध्यम से रायल्टी क्लियरेंस प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे, जिसके पश्चात निर्माण विभाग द्वारा काटकर रखी गयी राशि ठेकेदारों को वापस की जा सकेगी तथा ठेकेदारों के अतिम देयकों का भुगतान किया जा सकेगाःपरन्तु ठेकेदार द्वारा उपयोगित गौण खनिजों का वैध अभिवहन पारपत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का सं. 67) की धारा 21 से 23-ख के अधीन कार्यवाही की जायेगी।'' प्रावधान है। **(ख)** जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। रायगढ़ जिले में ठेकेदारों से मिलकर विभाग द्वारा राषि को जमा नहीं करने का कोई भी प्रकरण संज्ञान में नहीं आया है। अतः जानकारी निरंक है। **(ग)** रायगढ़ जिले में प्रश्नांकित अवधि में शासकीय निर्माण कार्यो में उपयोगित गौण खनिजो के रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र जारी करने के दौरान 179 प्रकरणो में उपयोगित खनिज की मात्रा से कम का वैद्य अभिवहन पारपत्र प्रस्तुत किये जाने के फलस्वरूप अवैध खनिज का उपयोग किया जाना मानते हुये खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(5) के तहत् कुल 84 लाख 80 हजार 423 रूपयें समझौता राशि वसूल किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

शासकीय विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था

[स्कूल शिक्षा]

36. (क्र. 1598) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित ऐसे कितने विद्यालय हैं, जहाँ पर छात्रों के लिए पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था नहीं है ? विवरण प्रदान करें । **(ख)** उक्त विद्यालयों में शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था कब तक की जावेगी ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित 10 शासकीय विद्यालयों में शौचालय जर्जर है। इसी प्रकार 46 विद्यालयों में दूषित अथवा निम्न जलस्तर की समस्या है। इन विद्यालयों में वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग सूरजपुर से समन्वय कर सुधार कार्य किया जा रहा है।**(ख)** निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं

विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर में हाथियों से नुकसान बावत

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

37. (क्र. 1603) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने ग्राम पंचायत हाथी प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हांकित किए गए हैं ? **(ख)** विगत तीन वर्षो में मानव - हाथी द्वन्द को रोकने हेतु सरकार के द्वारा क्या क्या प्रयास किए गए तथा कितनी राशि व्यय की गयी ? चिन्हांकित क्षेत्रवार जानकारी प्रदान करें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सूरजपुर वनमण्डल में 83, बलरामपुर वनमण्डल में 57 कुल 140 ग्राम पंचायत हाथी प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हांकित किए गए है।**(ख)** विगत 03 वर्षो में मानव-हाथी द्वन्द्व रोकने हेतु सरकार के द्वारा किये गये प्रयासों का **विवरण पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' अनुसार है।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्रीय वनमण्डल सूरजपुर एवं बलरामपुर क्षेत्रीय वनमण्डलों में चिन्हित हाथी प्रभावित ग्राम पंचायातों में कराये गये कार्यो एवं व्यय की गई राशि का **विवरण पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब''** एवं एलीफेंट रिजर्व सरगुजा अंतर्गत कराये गये कार्यो एवं व्यय की गई राशि का **विवरण पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''स'' अनुसार है।**

सीएसपीडीसीएल, सीएसपीजीसीएल एवं सीएसपीटीसीएल को राज्य में कोयला खदान आबंटन

[ऊर्जा]

38. (क्र. 1606) श्री संदीप साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सीएसपीडीसीएल, सीएसपीजीसीएल एवं सीएसपीटीसीएल को राज्य भर में कौन-कौन से कोयला खदान आबंटित किए गए हैं? आबंटन तिथि सहित बतावें? **(ख)** आबंटित किए गए खदानों में प्रतिमाह कितने टन का उत्पादन किया जा रहा है? उत्पादित कोयलों का परिवहन हेतु किसे अधिकृत किया गया है? परिवहन कार्य हेतु विगत 02 वर्षों में निविदा कब-कब आमंत्रित की गई थी? निविदा में कितने परिवहनकर्ताओं द्वारा आवेदन किया था? आवेदन पश्चात किस आधार पर परिवहनकर्ताओं का चयन किया गया? परिवहनकर्ता का चयन प्रक्रिया की जानकारी देवें? **(ग)** परिवहन हेतु परिवहनकर्ता को प्रति टन कितनी राशि का भुगतान किया जा रहा है? प्रश्नांश अवधि में कोयला आबंटन एवं परिवहन से प्राप्त राशि का उपयोग किन-किन कार्यों के लिए किया जा रहा है? प्रतिमाह प्राप्त राशि से किए गए कार्यों की जानकारी कार्यवार, राशिवार, एवं विकासखण्डवार देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केवल छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड को दिनांक 14.09.2015 को गारे पेलमा सेक्टर-III एवं दिनांक 13.10.2015 को गिधमुरी पतुरिया कोल ब्लाक का आबंटन किया गया है, जिसमें से गिधमुरी पतुरिया कोल ब्लाक को दिनांक 05.08.2022 को समर्पित कर दिया गया है। **(ख)** गारे पेलमा सेक्टर-III से औसत प्रति माह 3.33 मिलियन मिट्रिक टन का उत्पादन किया जा रहा है। तथा वर्तमान में मेसर्स थ्रोन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड, अहमदाबाद को कोयले के परिवहन हेतु कार्यादेश दिया गया है। परिवहन कार्य हेतु विगत 02 वर्षो में केवल एक बार दिनांक29.02.2024 को निविदा आमंत्रित की गई थी जिसमें 06 परिवहनकर्ताओं द्वारा आवेदन किया गया था। परिवहन कर्ताओं का चयन निविदा के प्रावधानों के अनुसार किया गया है, जिसकी **जानकारी ''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार''** है। प्रचलित नियम के तहत् निविदा अंग्रेजी मे जारी की जाती है तथा अंग्रेजी का हिन्दी अनुवाद किये पर त्रुटि होने की संभावना है। अतः अंग्रेजी में जारी निविदा संलग्न की गई है। **(ग)** दिनांक 28.06.2024 को जारी कार्यादेश के आधार पर परिवहन हेतु परिवहन कर्ता को घरघोड़ा एवं राबर्टसन रेलवे साईडिंग तक कोल परिवहन हेतु क्रमशः राशि रूपये 495 प्रति टन एवं रू. 718 प्रति टन के दर पर किया जा रहा है। कोयले के आबंटन एवं परिवहन हेतु जनरेशन कंपनी को कोई भी राशि प्राप्त नहीं होती। अतः शेष प्रश्न उद्भुत नहीं होता है।

बलौदाबाजार-भाटापारा मे विस्फोटक पदार्थो से हुये हानि की शिकायत पर कृत कार्यवाही

[खनिज साधन]

39. (क्र. 1622) श्री इंद्र साव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022-23 से 31.01.2025 तक जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में कौन-कौन से खदानों एवं स्थानों में विस्फोटक पदार्थ का प्रयोग किया गया है? विस्फोटक पदार्थ प्रयोग का खदान स्थान विवरण दें ? **(ख)** विस्फोट के पूर्व कौन-कौन से खदान द्वारा अनुमति ली गई ? किसके द्वारा अनुमति प्रदान की गई थी? अनुमति का आधार एवं शर्ते क्या थीं? **(ग)** कौन-कौन से खदान में विस्फोट पदार्थ के प्रयोग से जनहानि, धन हानि, पशुहानि सहित अन्य क्या शिकायत प्राप्त हुई? तथा शिकायत में क्या कार्यवाही की गई है? **(घ)** कितनी शिकायतों की जांच किन-किन कारणों से लंबित है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) एवं **(ख)** जानकारी भारत सरकार से संबंधित है।**(ग)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत प्रश्नांश अवधि में खदानों में विस्फोटक पदार्थ के प्रयोग से फसल नुकसान एवं

अवैध ब्लास्टिंग के 03 शिकायत प्राप्त हुआ है। जिसमें आवश्यक जांच हेतु खान सुरक्षा निदेशक, बिलासपुर को पत्र प्रेषित किया गया है। जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।**(घ)** जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

एन.पी.व्ही एवं क्षतिपूर्ति की राशि का उपयोग

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

40. (क्र. 1630) श्री इंद्र साव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत वर्ष 2021-22 से दिसंबर 2024 तक एन.पी.व्ही एवं क्षतिपूर्ति की राशि कितनी-कितनी प्राप्त हुई है? वर्षवार बताएं? **(ख)** प्राप्त राशि का उपयोग किस-किस कार्य एवं क्षेत्र के लिये किया गया है? वर्षवार बताएं? **(ग)** क्या एन.पी.व्ही एवं क्षतिपूर्ति की राशि का उपयोग करने से पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है? अगर हॉ तो उपयोग के पूर्व किसकी अनुमति ली गई है ? **(घ)** वर्ष 2021-22 से दिनांक दिसंबर, 2024 तक एन.पी.व्ही एवं क्षतिपूर्ति राशि के आय व्यय का ऑडिट और किसके द्वारा किया गया है? क्या ऑडिट में आपत्ति पाई गई थी? अगर हॉ तो क्या-क्या पाई गई थी?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत वर्ष 2021-22 से दिसंबर 2024 तक एन.पी.व्ही. एवं क्षतिपूर्ति मद के तहत प्राप्त राशि की वर्षवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे 'प्रपत्र-अ'अनुसार है ।(ख)** प्राप्त राशि का उपयोग जिन कार्यों एवं क्षेत्रों के लिए किया गया है, उसकी वर्षवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे 'प्रपत्र-ब'अनुसार है । (ग)** जी हां। राशि के उपयोग के पूर्व अनुमति भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य कैम्पा छत्तीसगढ़ एवं मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय/वन्यप्राणी) रायपुर से ली गई है।**(घ)** वर्ष 2021-22 से दिसंबर, 2024 तक एन.पी.व्ही. एवं क्षतिपूति राशि के आय व्यय का ऑडिट कब-कब किसके द्वारा किया गया एवं ऑडिट में पायी गयी आपत्ति का **विवरण पुस्तकालय में रखे 'प्रपत्र-स'अनुसार है ।**

प्रदेश में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार के पदों पर विभागीय पदोन्नति

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

41. (क्र. 1631) श्री इंद्र साव : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में वर्तमान में पटवारी राजस्व निरीक्षक (आर.आई), नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार के कितने पद स्वीकृत, रिक्त एवं भरे हुए है ? जिलावार जानकारी दें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार सीधी भर्ती से पटवारी के कितने पद रिक्त है ? विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति से भरे जाने वाले पटवारी से राजस्व निरीक्षक (आर.आई), राजस्व निरीक्षक(आर.आई) से नायब तहसीलदार, नायब तहसीलदार से तहसीलदार के कितने पद स्वीकृत है एवं वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं ? जानकारी दें ? उपरोक्त रिक्त पदों पर पदों की पूर्ति कब तक की जाएंगी ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : प्रदेश में वर्तमान में पटवारी, राजस्व निरीक्षक(आर.आई.), नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार के स्वीकृत, रिक्त एवं भरे पदों का विवरण **प्रपत्र-अ** अनुसार है। उक्त पदों का जिलेवार जानकारी **प्रपत्र-ब** अनुसार है। प्रदेश में वर्तमान में पटवारी के सीधी भर्ती के **911 पद** रिक्त है। विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति से भरे जाने वाले पटवारी से राजस्व निरीक्षक(आर.आई.), राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार से तहसीलदार के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की जानकारी **प्रपत्र-स** अनुसार है। पटवारी, राजस्व निरीक्षक(आर.आई.), नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है एवं समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति

[जल संसाधन]

42. (क्र. 1688) श्री बालेश्वर साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर के अंतर्गत वर्ष 2022 - 23 से 10/02/2025 तक जल संसाधन विभाग से कौन - कौन से कार्य, कितनी-कितनी लागत राशि से स्वीकृत किये गये हैं ? योजनावार एवं विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार उक्त कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है ? कितने कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण है ? कितनी प्रक्रिया में हैं ? विवरण देवें ? **(ग)** प्रश्नांक "क" के अनुसार उक्त कार्यो में से कितने कार्य निविदा पश्चात किन-किन ठेकेदार, एजेंसी, फर्म द्वारा कार्य कराए जा रहे हैं ? ठेकेदार, एजेंसी, फर्म के नाम सहित जानकारी देवें ? **(घ)** प्रश्नांक "क" के अनुसार उक्त कार्यो में से स्वीकृत एवं प्रारंभ कार्य कब तक पूर्ण किये जायेंगे ? विवरण देवें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर के अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 10.02.2025 तक स्वीकृत कार्य एवं लागत की योजनावार एवं विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांक 'क' के परिप्रेक्ष्य में **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** प्रश्नांक 'क' के परिप्रेक्ष्य में **जानकारी संलग्नप्र पत्र अनुसार है। (घ)** प्रश्नांक 'क' के परिप्रेक्ष्य में **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** **[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]**

बीजापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल संसाधन विभाग के स्वीकृत कार्य

[जल संसाधन]

43. (क्र. 1689) श्री विक्रम मंडावी : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बीजापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 2024-25 तक मुख्य तथा अनुपूरक बजट में जल संसाधन के कितने कार्य शामिल हैं? वर्षवार, विकासखण्डवार कार्यो की स्वीकृत राशि सहित जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार क्या सभी कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी हो चुका है? यदि नहीं तो कौन-कौन से कार्य लंबित हैं? लंबित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति कब जारी होगी? जानकारी देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) बीजापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 2024-25 तक मुख्य तथा अनुपूरक बजट में जल संसाधन विभाग के 37 कार्य शामिल हैं। वर्षवार, विकासखण्डवार कार्यो की स्वीकृत राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार 01 कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी हो चुका है। लंबित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति बजट उपलब्धता एवं तकनीकी साध्यता के आधार पर प्रदाय किया जाता है, अतः लंबित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति की तिथि बता पाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

जिला जांजगीर चांपा व सक्ती में वन विभाग द्वारा फिनिशिंग तार, खंभा, बारबेट वायर की खरीदी

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

44. (क्र. 1695) श्री बालेश्वर साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर चांपा व सक्ती जिले के अंतर्गत वन विभाग द्वारा विगत 2 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10/02/2025 तक फिनिशिंग तार, खंभा, बारबेट वायर की खरीदी किन - किन फर्मो से किस - किस दर से की गई है ? उपरोक्त खरीदी के एवज में किन - किन फर्मो को कितनी राशि का भुगतान किया गया है ? जानकारी वनपरिक्षेत्रवार वर्षवार देवें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" में उल्लेखित समयावधि के दौरान नियम विरूद्ध

खरीदी, अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार की कितनी शिकायत की गई ? शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई है ? वर्षवार वनपरिक्षेत्रवार जानकारी दें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) जांजगीर चांपा व सक्ती जिले के अंतर्गत वन विभाग द्वारा विगत 2 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10/02/2025 तक फेंसिंग तार, खंबा, बारबेड वायर की खरीदी जिन फर्मों से की गई उनके दरों की जानकारी तथा फर्मा को किए गए भुगतान की परिक्षेत्रवार, वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र में दर्शित है।(ख)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित समयावधि के दौरान नियम विरूद्व खरीदी, अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार की दो शिकायतें प्राप्त हुई, जिसकी जांच के पश्चात शिकायत निराधार पाई गई।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

ग्राम पंचायतों में आनलाईन नक्शा, खसरा, जाति प्रमाण पत्र हेतु आनलाईन सर्विस केन्द्र

[इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी]

45. (क्र. 1700) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली अंतर्गत भारत नेटवर्क योजना के तहत् कितने ग्राम पंचायतों में आनलाईन नक्शा, खसरा, जाति प्रमाण पत्र हेतु आनलाईन सर्विस केन्द्र शुरु किये गये हैं? शेष ग्रामों जिनमें में प्रारंभ किये जाने हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है एवं कब तक की जावेगी? वर्तमान में कितने आनलाईन सर्विस केन्द्र चल रहे है? कितने बंद हैं? ग्राम वार, विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्न (क) अनुसार कितने सर्विस सेंटरों में वाई फाई कनेक्शन दिया गया है? क्या वर्तमान में राशि का नियमित भुगतान नहीं होने के कारण सेंटर बंद हैं? यदि हां, तो कब तक इन्हें भुगतान कर सर्विस सेंटरों को पुनः चालू किया जावेगा? ग्रामवार जानकारी बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) निरंक है। **(ख)** निरंक है।

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत खदानों में पिट पास जारी किया जाना

[खनिज साधन]

46. (क्र. 1712) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत कितनी खदानें हैं, जहाँ पिट पास जारी किया गया है? **(ख)** कंडिका (क) अनुसार अधिकृत खदान एवं स्थल की नामवार जानकारी प्रदान करें ? **(ग)** किन-किन को खदान संचालित करने का पास जारी किया गया है ? जानकारी प्रदान करें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत बाक्साइट खदान

[खनिज साधन]

47. (क्र. 1713) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत कुल कितने बाक्साइट खदान स्वीकृत व संचालित हैं? **(ख)** कंडिका **(क)** अनुसार वर्तमान स्थिति में उन खदानों को कौन कौन सी कंपनी संचालित कर रही है? **(ग)** कितनी खदानें बंद हो चुकी हैं ? बंद खदान के गड्ढों को भरा गया है या नहीं ? अगर नहीं तो कब तक भरा जायेगा ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत खनिज बाक्साइट के कुल 16 खदानें स्वीकृत व 03 खदानें संचालित हैं। **(ख)** जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत उर्वरकों का भण्डारण

[सहकारिता]

48. (क्र. 1714) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत उर्वरकों के भण्डारण हेतु कितने गोदाम संचालित है ? ब्लॉकवार जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** कंडिका **(क)** अनुसार वर्ष 2023-24 में कितना उर्वरक मंगाया गया ? कितना वितरित किया गया व कितना स्टॉक में शेष है ? जानकारी प्रदान करें ।

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]

जिला कांकेर के दूर्गकोन्दल में संचालित पुष्प स्टील प्लांट द्वारा आयरन ओर का खनन

[खनिज साधन]

49. (क्र. 1725) श्री देवेन्द्र यादव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला कांकेेर के दुर्गकोन्दल ब्लाक में संचालित पुष्प स्टील प्लांट चेमल माइन्स द्वारा कितने ग्रेड का आयरन ओर निकाला जा रहा है एवं कितने ग्रेड के हिसाब से रायल्टी की राशि पटाई जा रही है ? क्या प्राप्त होने वाले आयरन ओर की जांच कर रायल्टी तय की जा रही है ? यदि हां तो कितने ग्रेड का आयरन ओर निकल रहा है? **(ख)** उक्त खनन कार्य संचालित होने के कारण आस-पास के कृषकों की भूमि में होने वाली हानि के निराकरण हेतु क्या-क्या कार्य किया गया है ? CSR एवं मद अंतर्गत क्या क्या कार्य किये गये है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) जिला कांकेर के दुर्गकोंदल ब्लॉक में संचालित पुष्प स्टील प्लांट प्रायवेट लिमिटेड द्वारा 45 प्रतिशत से 58 प्रतिशत ग्रेड का आयरन ओर निकाला जा रहा है। कंपनी द्वारा ग्रेडवार रायल्टी जमा की जा रही है। जी हां, आयरन ओर ग्रेड की समय-समय पर जांच की जाती है। कंपनी द्वारा निकास किये जा रहे ग्रेड अनुसार देय रायल्टी जमा की जाती है। **(ख)** खदान वन भूमि में स्थित है और आस-पास वन क्षेत्र होने से कृषकों की भूमि में कोई नुकसान नहीं हुआ है। सी.एस.आर. मद अंतर्गत वर्ष 2024-25 (दिसम्बर 2024 तक) ग्राम सड़क व पुल निर्माण एवं मरम्मत कार्य, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली कनेक्शन, पेय जल, नलकूप व शिक्षा, ग्राम विकास एवं अन्य विकास गतिविधियां, आदि कार्य किया गया है।

जिला खैरागढ-छुईखदान-गंडई में लगे सोलर हाई व मिनी मास्क का रखरखाव

[ऊर्जा]

50. (क्र. 1781) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला खैरागढ़-छुईखदान-गडई अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 2024-25 में 31.01.2025 तक किन-किन ग्रामों में कुल कितने हाई मास्क सोलर लाइट किस कंपनी फर्म या एजेंसी द्वारा लगाये गये? कितने चालू, बंद/खराब स्थिति में हैं, जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक **(क)** उक्त सोलर लाइटों के खराब हो जाने पर इनका रखरखाव किसके द्वारा, कितने वर्षों तक किया जाना है? कितने वर्ष की वारंटी/ गैरंटी सोलर लाइट प्रदाता/ लगाए गए फार्म द्वारा दी गई थी? कितने लाइट का सुधार कार्य / बदला गया है? यदि नहीं तो संबधित

फार्म एजेंसी पर क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** क्या उक्त कार्यों की गुणवत्ता या किये गए कार्य के लिए विभाग द्वारा सामाजिक अंकेक्षण कराया गया? यदि हॉ तो किस-किस स्तर के अधिकारी या द्वितीय पक्ष से कराया गया है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) ग्रामवार **जानकारी ''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।**(ख)** उत्तरांश **(क)** में स्थापित सोलर हाईमास्ट लाईटों के वारंटी अवधि मे खराब हो जाने पर क्रेडा द्वारा सुधार कार्य संबंधित स्थापनाकर्ता इकाई के माध्यम से किया जाता है। सोलर हाईमास्ट लाईट स्थापनाकर्ता इकाई द्वारा 05 वर्षो तक वारंटी प्रदाय की जाती है। चूंकि सभी संयंत्र कार्यशील है, अतः शेष प्रश्न उद्भुत नही होता है।**(ग)** क्रेडा द्वारा उक्त कार्यों के लिए सामाजिक अंकेक्षण नहीं कराया जाता हैं, किन्तु गुणवत्ता निर्धारण हेतु जोनल एवं जिला स्तर पर क्रेडा के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता/जिला प्रभारी के द्वारा संयंत्रों में कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कार्यो का विभिन्न चरणों में निरीक्षण किया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित खिलाड़ियों की जानकारी

[खेलकूद एवं युवा कल्याण]

51. (क्र. 1800) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार वितरण के क्या नियम एवं प्रावधान हैं ? वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक शहीद कौशल यादव अवार्ड, शहीद राजीव पांडे अवार्ड, वीर हनुमान सिंह अवार्ड किन-किन खिलाड़ियों को कब-कब प्रदान किया गया है ? **(ख)** क्या राज्य से बाहर के व्यक्ति को खेल अलंकरण दिए जाने का प्रावधान है ? यदि हाँ तो प्रश्नांश अवधि में कब-कब और किन-किन खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों को अवार्ड दिया गया है ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रदेश में राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार वितरण ''पुरस्कार नियम 2007'' के तहत दिये जाने का प्रावधान है। वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक शहीद कौशल यादव अवार्ड, शहीद राजीव पांडे अवार्ड, वीर हनुमान सिंह अवार्ड की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** जी नहीं। शेष प्रश्न उपस्थित नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में संचालित शिक्षकविहीन स्कूलें

[स्कूल शिक्षा]

52. (क्र. 1802) श्री बघेल लखेश्वर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में इस समय कुल संचालित प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल में से ऐसे कितने हैं जो एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन हैं ? ये संस्थायें कब से एकल शिक्षकीय व शिक्षक विहीन हैं, जिलेवार जानकारी देंवे ? **(ख)** इन संस्थाओं में शिक्षकों की पदपूर्ति हेतु विभाग द्वारा क्या कार्यवाही प्रचलन में है ? कृपया बतावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क)जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र 'अ' एवं 'ब'** अनुसार है।**(ख)** जी हॉ, इन संस्थाओं में शिक्षकों की पदपूर्ति हेतु विभाग द्वारा पदोन्नति की कार्यवाही प्रचलन है।

स्मृति नगर गार्डन में स्थित पेड़ों की कटाई

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

53. (क्र. 1825) श्री रिकेश सेन : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्मृति नगर के गार्डन में वर्ष 2023-24 व 2024-25 में कितने पेड़ो की कटाई की गई है ? पेड़ों की कटाई से पूर्व क्या सक्षम अधिकारियों से अनुमति ली गई थी ? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई के संबंध में पेड़ काटने वालों पर क्या कार्यवाही की गई है ? जानकारी देवें ।

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क)वर्ष 2024-25 में स्मृति नगर स्थित अम्बेडकर उद्यान में 40 पेड़ एवं श्री शंकराचार्य उद्यान में 6 पुराने पेड़ों की कटाई किया गया है। अध्यक्ष, स्मृति गृह निर्माण सहकारी समिति को कार्यालयीन पत्र क्र. 76 दिनांक 08.02.2025 को अनुमति संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने पत्र तामिल कराया गया था, किन्तु आज दिनांक तक अनुमति संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है।**(ख)** उक्त संबंध में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी, जोन-1 (प्रसन्न कुमार तिवारी) द्वारा दिनांक 07.02.2025 को चौकी प्रभारी, स्मृति नगर को पेड़ों की कटाई के संबंध में सूचना पत्र दिया गया है। संबंधितों पर कार्यवाही हेतु कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग ने उनके पत्र क्रमांक 78 दिनांक 08.02.2025, द्वारा जिला वनमंडलाधिकारी, जिला-दुर्ग को लिखा गया है तथा पृष्ठांकन पत्र क्रमांक 79 दिनांक 08.02.2025 क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग. पर्यावरण मंडल भिलाई को भी प्रेषित किया गया है एवं कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग के पत्र क्रमांक 90 दिनांक 24.02.2025 द्वारा स्मृति नगर गार्डन में स्थित पेड़ों की कटाई के संबंध में वैधानिक कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग को भी पत्र प्रेषित किया गया है।

न. पा. नि. भिलाई जिला दुर्ग स्थित कुरूद व फौजी नगर स्थित बसाहट का नजूल भूमि में परिवर्तन

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

54. (क्र. 1828) श्री रिकेश सेन : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या नगर पालिक निगम, भिलाई जिला दुर्ग अंतर्गत स्थित कुरूद व फौजी नगर स्थित बसाहट की जमीन जो शासकीय अभिलेख में आबादी के रूप में दर्ज थी को नजूल (शासकीय भूमि) में परिवर्तित किया गया है? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अनुसार यदि हां, तो उक्त परिवर्तन किसके आदेश से किया गया है ? आदेश की कॉपी उपलब्ध करायें ।

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) नगर पालिक निगम, भिलाई जिला दुर्ग अंतर्गत ग्राम कुरूद एवं फौजी नगर प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 1205, 1276, 1280 1437 आनलाईन अभिलेख (भूइयां पोर्टल) में शासकीय भूमि के रूप में प्रदर्शित होता है। नवीन बंदोबस्त के अनुसार मिसल अधिकार अभिलेख वर्ष 1987-88 में उक्त खसरा नंबर आबादी दर्ज है। उक्त भूमि को नजूल (शासकीय) मद में परिवर्तन नहीं किया गया है। **(ख)** प्रश्नांश (क) के तारतम्य में निरंक।

प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों की जानकारी

[स्कूल शिक्षा]

55. (क्र. 1832) श्री सुशांत शुक्ला : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-बिलासपुर में वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग के कितने शिक्षक /अधिकारी / कर्मचारी प्रतिनियुक्ति / संलग्नीकरण पर मूल दायित्वों से इतर विभाग के अन्य कार्यालयों अथवा अन्य विभागों / कार्यालयों में कार्यरत हैं ? प्रतिनियुक्ति हेतु शासन के क्या-क्या नियम निर्धारित हैं ? अधिकतम कितनी अवधि पर प्रतिनियुक्ति का प्रावधान है ? **(ख)** निर्धारित अवधि से अधिक समय तक प्रतिनियुक्ति पर अन्य विभागों / कार्यालयों में कार्यरत

अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए कौन-कौन विभागीय अधिकारी जिम्मेदार हैं ? उन पर क्या कार्यवाही प्रावधानित है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क)जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। प्रतिनियुक्ति के नियम की प्रति **संलग्न प्रपत्र- ब** अनुसार है। प्रतिनियुक्ति पर रहने की अधिकतम अवधि 04 वर्ष है। **(ख)** निरंक।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर"]

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत निःशक्त बच्चों का प्रशिक्षण

[स्कूल शिक्षा]

56. (क्र. 1837) श्री भोलाराम साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में वर्ष 2022-23 से 31.01.2025 तक समावेशी शिक्षा के अंतर्गत निःशक्त बच्चों की संख्या कितनी है ? वर्षवार, विधानसभावार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अवधि में समावेशी शिक्षा के निःशक्त बच्चों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कहॉ-कहॉ पर आयोजित किया गया ? कितनें बच्चों ने प्रशिक्षण भाग लिया ? क्या प्रशिक्षण कार्यक्रम आवासीय था ? वर्षवार बताएं? **(ग)** कंडिका ''ख'' के वर्ष में प्रशिक्षण हेतु शासन से कितनी-कितनी राशि किस-किस मद से प्राप्त हुई, तथा कितनी राशि शेष है ? वर्षवार, विधानसभावार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में वर्ष 2022-23 से 31.01.2025 तक समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत निःशक्त बच्चों की संख्या वर्षवार विधान सभावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** निरंक। **(ग)** शेषांश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर"]

राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का निराकरण

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

57. (क्र. 1838) श्री भोलाराम साहू : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिला अंतर्गत राजस्व विभाग में बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, नामांतरण, फौती, नकल सीमांकन बटांकन, एवं डायवर्सन के कुल कितनें प्रकरण वर्ष 2022-23 से 31.01.2025 तक की स्थिति में प्राप्त हुए ? वर्षवार, जिलावार तहसीलवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के प्रकरणों में कुल कितनें प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं कितने प्रकरण लंबित हैं ? लंबित प्रकरण का क्या कारण है ? लंबित प्रकरणों का निराकरण कब तक किया जावेगा ? वर्षवार, जिलावार तहसीलवार जानकारी देवें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) वर्ष 2022-23 से 31.01.2025 तक की स्थिति में राजस्व विभाग में बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, नामांतरण, फौती, नकल सीमांकन, बटांकन एवं डायवर्सन के राजनांदगांव जिला अंतर्गत कुल 30,854 प्रकरण तथाजिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत कुल 4216 प्रकरण प्राप्त हुये है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है**।**(ख)** प्रश्नांक 'क' के अनुसार जिला-राजनांदगांव अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 31.05.2025 तक की स्थिति में बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, नामांतरण, फौती, नकल सीमांकन बटांकन एवं डायवर्सन के कुल 30,854 में से 26,592 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है एवं 4,264 प्रकरण राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों में आवेदक/अनावेदक के अनुपस्थित रहने एवं पटवारी/राजस्व निरीक्षक से प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण लंबित है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत वर्ष 2022-

23 से 31.01.2025 तक त्रुटि सुधार, नामांतरण फौती, नकल सीमाकंन, बटांकन, डायवर्सन के कुल प्राप्त 4216 प्रकरणों में से 3687 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है एवं 267 प्रकरण राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों में आवेदक/अनावेदक के अनुपस्थित रहने एवं पटवारी/राजस्व निरीक्षक से प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण लंबित है।प्रकरणों में विधिवत प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर"]

विद्युत ट्रांसफॉर्मर जलने, खराब होने तथा चोरी होने की घटनाएं

[ऊर्जा]

58. (क्र. 1840) डॉ. चरण दास महंत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर संभाग अंतर्गत दिसंबर, 2023 से जनवरी, 2025 की अवधि में विद्युत ट्रांसफॉर्मर जलने, खराब होने तथा चोरी होने की कितनी घटनाएं हुईं तथा लो वोल्टेज होने सहित कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं ? कितने का निराकरण किया गया ? **(ख)** ट्रांसफॉर्मर जलने, खराब होने तथा लोवोल्टेज के प्रकरणों में से कितने-कितने में ट्रांसफॉर्मर बदले गये, सुधारे गये तथा अन्य क्या-क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** ट्रांसफॉर्मर की वारंटी कितनी रहती है, इसके तहत कितने में से कितने में वारंटी का पालन हुआ तथा कितने में नहीं हुआ ? नहीं होने के कारण क्या हैं ? क्या क्षति का बीमा भी कराया जाता है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) बिलासपुर राजस्व संभाग के क्षेत्र अंतर्गत बिलासपुर वृत्त, बिलासपुर शहर वृत्त, कोरबा वृत्त, रायगढ़ वृत एवं जांजगीर वृत्त अंतर्गत दिसंबर 2023 से जनवरी 2025 की अवधि में विद्युत ट्रांसफार्मर जलने की घटनायें ''निरंक'' है, विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने की कुल 5220 घटनाये हुई, वितरण ट्रांसफार्मर चोरी होने की 13 घटनायें हुई है तथा लो वोल्टेज होने की कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई। **(ख)** ट्रांसफार्मर खराब होने के 5220 प्रकरणों में से 5219 ट्रांसफार्मर बदला जाकर निराकरण किया गया तथा लो वोल्टेज होने की प्राप्त कुल 38 शिकायतों में से 32 को निराकृत किया जा चुका है एवं शेष 06 शिकायतें निराकरण हेतु प्रक्रियाधीन है। **(ग)** क्रय आदेशो के अंतर्गत ट्रांसफार्मरों में वारंटी प्रदान किये जाने का प्रावधान नहीं होता है। तथापि पॉवर ट्रांसफार्मर एवं वितरण ट्रांसफार्मर हेतु निविदा एवं आदेश के शर्तों के अनुरूप फर्मों को ट्रांसफार्मरों की परफार्मेंस गारंटी प्रदान किये जाने का प्रावधान रखा जाता है। राज्य शासन की संचालित योजना के तहत निविदा शर्तों के अनुसार अक्टूबर 2019 के पूर्व एवं बाद के जारी क्रय आदेशो में परफॉरमेंस गारंटी की अवधि क्रमशः क्षेत्रीय भंडार में सामग्री स्वीकृत किये जाने के उपरांत 60 माह एवं 36 माह की होती है। इसके अतिरिक्त आरडीएसएस योजना के दिशा-निर्देशो के तहत क्रय किये जा रहे ट्रांसफॉर्मरों के परफॉरमेंस गारंटी की अवधि 60 माह होती है। उपरोक्तानुसार सभी ट्रांसफार्मरों में क्रय आदेशो के अंतर्गत क्षेत्रीय भंडार में ट्रांसफार्मर स्वीकृत होने के उपरांत ट्रांसफार्मर फेल होने पर परफार्मेंस गारंटी के प्रावधान का पालन किया जा रहा है। उपरोक्तानुसार गारंटी अवधि में खराब 4 पॉवर ट्रांसफार्मर एवं 1676 वितरण ट्रांसफार्मरों हेतु गारंटी प्रावधानों का पालन किया गया है। क्षति का बीमा कराये जाने का वर्तमान में कोई प्रावधान नही है।

ए.सी.बी./ ई.ओ.डब्लू. के दर्ज प्रकरणों में कृत कार्यवाही

[सामान्य प्रशासन]

59. (क्र. 1841) डॉ. चरण दास महंत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिसम्बर 2023 से जनवरी 2025 तक ए.सी.बी./आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (EOW) द्वारा प्रदेश में कितने लोक सेवकों एवं अन्य को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया ? कितने अपराध पंजीबद्ध किए गए? कितनी राशि जब्त की गई? लोक सेवकों एवं अन्य के नाम/पदनाम/जब्त की गई राशि/कार्यालय का पता

सहित जानकारी तिथिवार देंवे ? **(ख)** इन प्रकरणों में लोक सेवकों एवं अन्य के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई? कितने प्रकरणों में न्यायालय में चालान प्रस्तुत कर दिया है ? आरोपी लोक सेवक वर्तमान में सेवा मे है या निलंबित हैं या दण्डित किया गया है ? **(ग)** भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम के अन्तर्गत कितने-कितने प्रकरण, किस-किस स्टेज/स्थिति में हैं ? कितने प्रकरणों में खात्मा किया गया है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) दिसम्बर, 2023 से जनवरी 2025 तक ए.सी.बी./ आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो (EOW) द्वारा प्रदेश में 66 लोक सेवकों एवं अन्य 04 को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया । 51 अपराध पंजीबद्ध किए गए । कुल राशि रूपये 12,83,000/- (बारह लाख तिरासी हजार मात्र) जब्त की गई । जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** इन प्रकरणों में लोक सेवकों एवं अन्य के विरूद्ध 51 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल निरूद्ध किया गया । 35 प्रकरणों में न्यायालय में चालान प्रस्तुत कर दिया गया है । कार्यवाही की जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम नं.-8 में उल्लेखित है। प्रश्नांश "ख" के शेष बिंदु के संबंध में संबंधित विभागों से जानकारी एकत्रित की जा रही है । **(ग)** भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण किस-किस स्टेट/स्थिति में हैं तथा कितने प्रकरणों में खात्मा किया गया है, उसकी जानकारी निम्नानुसार है:-

स.क्र.	प्रकरणों में कार्यवाही का विवरण	स्टेज/स्थिति
01.	विवेचना जारी प्रकरणों की संख्या	28
02.	चालान पेश उपरांत धारा-173(8) दं0प्र0सं0 के तहत विवेचना जारी प्रकरणों की सख्या	03
03.	चालान पेश प्रकरणों की संख्या	35
04.	अभियोजन स्वीकृति आदेश लंबित (शासन से अप्राप्त) प्रकरणों की संख्या	03
05.	सी.बी.आई. को स्थानांतरित प्रकरणों की संख्या	02
06.	खात्मा किये गये प्रकरणों की संख्या	00
	कुल पंजीबद्ध प्रकरणो की संख्या	71

[संलग्न "परिशिष्ट - बहत्तर"]

महासमुंद वनमण्डल के सरायपाली वन परिक्षेत्र में गड़बड़ी पर कार्रवाई

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

60. (क्र. 1845) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या महासमुंद वनमण्डल के सरायपाली वन परिक्षेत्र में वर्ष 2021-22 में सुधार कार्यवृत्त अंतर्गत विदोहित कूप का वर्ष 2023-24 में कराये गये ए.एन.आर. कार्यों में निरीक्षण के दौरान कार्यों में कमी पाये जाने के कारण प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, छ.ग. द्वारा समिति गठित कर जाँच की गई थी ? यदि हाँ, तो जांच समिति में कौन-कौन सदस्य थे ? समिति ने जाँच प्रतिवेदन में क्या-क्या कमियां पाईं थी और इसके लिए कौन-कौन अधिकारी/कर्मचारी दोषी पाए गये थे और उनके खिलाफ क्या क्या कार्रवाई की गई है ? जाँच प्रतिवेदन की कॉपी सहित पूरी जानकरी उपलब्ध कराएं। **(ख)** क्या दोषी अधिकारी/कर्मचारियों पर एफआईआर कराने का प्रावधान है ? यदि हाँ, तो क्या एफआईआर कराई गई है ? पूरी जानकारी दें।

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) हॉ, महासमुंद वनमण्डल के सरायपाली वन परिक्षेत्र में वर्ष 2021-22 में सुधार कार्य वृत्त अंतर्गत विदोहित कूप का वर्ष 2023-24 में कराये गये ए.एन.आर. कार्यो में निरीक्षण के दौरान कार्यो में कमी पाये जाने के कारण प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, छ.ग. द्वारा समिति

गठित कर जॉच की गई थी। जांच समिति में (1) श्री कौशलेन्द्र कुमार (भा.व.से.) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुश्रवण एवं मूल्यांकन) छ.ग. नवा रायपुर - अध्यक्ष (2) श्रीमती सतोविशा समाजदार (भा.व.से.) वन संरक्षक, वन प्रबंधन सूचना प्रणाली, छ.ग. नवा रायपुर - सदस्य(3) श्री वरूण जैन (भा.व.से.) उप-निदेशक, उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व, गरियाबंद - सदस्य थे। समिति ने जांच के दौरान ए.एन.आर. कार्य में पुनरूत्पादन सर्वेक्षण कार्य, फेंसिंग कार्य एवं उपचार कार्य अंतर्गत ठूंठ डेªसिंग, सी.बी.ओ., सफाई कार्य (खरपतवार उन्मूलन कार्य), अंगीकरण, गहरी जोताई/भू-जल संरक्षण कार्य एवं अग्नि सुरक्षा कार्य प्राक्कलन के अनुसार 50-60 प्रतिशत ही कार्य होना पाया गया है। इसके लिए 7 अधिकारी/कर्मचारी दोषी पाये गये, जिसका विवरण एवं उन पर की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र में एवं जॉच प्रतिवेदन की प्रति भी संलग्न है।(ख)** दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध एफ.आई.आर. कराने का कोई प्रावधान नहीं है। इस प्रकरण में कराये गये कार्य में कमी परिलक्षित होने पर प्रथम दृष्टया प्राथमिक जांच निष्कर्षो के आधार पर दोषी अधिकारी /कर्मचारियों के विरूद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही की जा रही है। अतः किसी भी अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज नहीं कराई गई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिहत्तर"]

राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान

[स्कूल शिक्षा]

61. (क्र. 1857) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए चयन की क्या प्रक्रिया है? इस योजना की शुरूआत कब से हुई है? इसमें चयनित विद्यार्थियों को क्या-क्या सुविधाएँ व लाभ किनके द्वारा दिया जाता है? जानकारी देवें. **(ख)** शिक्षा सत्र 2021-22 से 2024-25 तक राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना हेतु कितने विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा इनमें से कितने विद्यार्थी उक्त छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुए हैं? वर्षवार जानकारी देवें. **(ग)** कण्डिका 'ख' की अवधि में छात्रवृत्ति की दर कितनी-कितनी थी तथा चयनित कितने विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी कितने रू. की दर से कुल कितनी राशि का भुगतान कब-कब किया गया? वर्षवार जानकारी देवें. **(घ)** बालोद जिले के किस-किस वर्ष के चयनित किन-किन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की कितनी राशि का भुगतान किया जाना किन कारणों से लंबित है तथा भुगतान कब तक कर दिया जावेगा? जानकारी देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति में चयन हेतु परीक्षा आयोजित की जाती है। इस योजना की शुरूआत सन् 2008 से हुई है। इसमे चयनित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय की जाती है, जो भारत सरकार के स्तर से सीधे विद्यार्थियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर किया जाता है। **(ख)** जानकारी निम्नानुसार है-

स.क्र.	सत्र	परीक्षार्थी	चयनित
1.	2021-22	7936	1389
2.	2022-23	12582	1815
3.	2023-24	20467	2246
4.	2024-25	प्रक्रियाधीन	

(ग) कण्डिका 'ख' की अवधि में छात्रवृत्ति की दर रू. 12000/- वार्षिक है तथा चयनित 5450 विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी रू. 12000/- की दर से भुगतान विद्यार्थियों के बैंक खाते में भारत सरकार द्वारा सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत किया जाता है, शेष जानकारी भारत सरकार से संबंधित है। **(घ)** बालोद जिले के सत्र 2021-22 से 2024-25 तक के चयनित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान भारत सरकार के

स्तर से सत्रवार किया जा रहा है। लंबित भुगतान की जानकारी भारत सरकार के स्तर की है तथा भुगतान किये जाने की समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

बालोद जिले में खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन के दर्ज प्रकरण

[खनिज साधन]

62. (क्र. 1858) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 31 जनवरी, 2025 की अवधि में बालोद जिले में कितनी-कितनी मात्रा में रेत, मुरूम, चूना पत्थर, मिट्टी एवं अन्य खनिजों के अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के कितने प्रकरण, किन-किन व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज किये गये हैं? वर्षवार विवरण देवें. **(ख)** कण्डिका 'क' में दर्ज किन-किन प्रकरणों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? किन-किन से कितना अर्थदण्ड/समझौता राशि वसूल की गयी? जानकारी देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे ''प्रपत्र''** अनुसार है।

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के बांधों एवं एनीकट की मरम्मत

[जल संसाधन]

63. (क्र. 1860) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नवीन बांधों की आवश्यकता हेतु स्थल परीक्षण किया गया है ? जानकारी देवें ? **(ख)** क्या बांधों एवं एनीकट के मरम्मत की आवश्यकता है ? हाँ तो कहाँ-कहाँ और कितने? विभाग द्वारा बांधों /एनीकटों की जाँच पड़ताल एवं मरम्मत कार्य करने का क्या मापदंड है ? जानकारी देवें **(ग)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने बांधों में गहरीकरण, मजबूतीकरण एवं अधिक जल भराव संबंधित महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की गयी हैं ? विस्तृत जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) नहीं, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नवीन बांधों की आवश्यकता हेतु स्थल परीक्षण नहीं किया गया है। **(ख)** जी हाँ, बांधों एवं एनीकट के मरम्मत की आवश्यकता है। बांधों एवं एनीकट की मरम्मत की आवश्यकता की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभाग की योजनाओं का वार्षिक निरीक्षण वर्षा पूर्व एवं वर्षा पश्चात करने का मापदण्ड है, इसके अलावा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है तथा मरम्मत कार्य के लिए आवश्यकतानुसार निरीक्षण कर कार्य कराया जाता है। **(ग)** प्रश्नांश 'ग' के परिप्रेक्ष्य में **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** **[संलग्न "परिशिष्ट - चौहत्तर"]**

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की प्राप्त शिकायतें

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

64. (क्र. 1861) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 10.02.2025 तक शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा/निर्माण की कितनी-कितनी शिकायतें कहाँ-कहाँ से प्राप्त हुई हैं अथवा विभाग के संज्ञान में आयी हैं ? विकासखण्डवार रकबा, खसरा नंबर,तथा अवैध कब्जाकर्ता व्यक्ति/कंपनी/संस्थान/समूह/ कालोनाईजरों के नाम पता सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांक "क"अनुसार अवैध कब्जा वाली कितनी एवं कहाँ-कहाँ कि भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया ? कितने प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं ? रकबा खसरा सहित

जानकारी उपलब्ध करावें ? शेष भूमि को कब्जा मुक्त कराने हेतु क्या-क्या प्रयास किया जा रहा है ? कब तक मुक्त करा लिया जावेगा?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) :(क) विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही अंतर्गत प्रश्नाधीन अवधि में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा/निर्माण की कुल 112 शिकायतें प्राप्त हुई है। तहसीलवार जानकारी **प्रपत्र ''अ'' में संलग्न** है।**(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार अवैध कब्जा मुक्त के संबंध में जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। न्यायालय में लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''स''** अनुसार है। शेष भूमि को कब्जामुक्त कराने हेतु प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचहत्तर"]

प्राकृतिक आपदाओं में मृतकों एवं घायलों को विभाग के द्वारा राशि दिये जाने का प्रावधान

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

65. (क्र. 1862) श्री अनुज शर्मा : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**विधानसभा क्षेत्र धरसींवा अंतर्गत जनवरी, 2023 से दिनांक 10.02.2025 तक किन-किन प्राकृतिक आपदाओं से कितने लोगों की मृत्यु हुई तथा कितने लोग घायल हुये? आपदा एवं स्थान वार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार विधानसभा क्षेत्र धरसींवा में प्रश्नांकित अवधि में किन-किन हितग्राहियों को किस-किस प्राकृतिक आपदा/दुर्घटना हेतु कितनी-कितनी राशि का भुगतान किसके द्वारा किया गया? विवरण देवें? **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार किन-किन प्राकृतिक आपदाओं में मृतकों एवं घायलों को विभाग के द्वारा कितनी-कितनी राशि, किस-किस आधार पर दिये जाने का प्रावधान है? क्या विभाग के द्वारा सड़क दुर्घटनों में भी मृतकों/घायलों को सहायता राशि दिये जाने का प्रावधान है? यदि हां, तो कितनी राशि दी जानी है, ये कैसे तय किया जाता है?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से 27 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। कोई व्यक्ति घायल नहीं हुये हैं। आपदा एवं स्थानवार जानकारी **संलग्न '' प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** मृत व्यक्तियों के परिजनों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में निहित प्रावधान अनुसार भुगतान की गई राशि का विवरण **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। जिला कलेक्टर द्वारा राशि का भुगतान किया गया है। **(ग)** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में निहित प्रावधान अनुसार प्राकृतिक आपदा से, नैसर्गिक विपत्तियों के कारण नदी, तालाब, बांध, कुंआ, नहर, नाला, या गड्ढे में गिरकर डूबने से, सर्प,बिच्छू, गुहेरा या मधुमख्खी के काटने, नाव दुर्घटना से, आग में जलने से, रसोई गैस का सिलेण्डर फटने से, खदान धसकने से, लू से, आकाशीय बिजली या आंधी, तूफान, अतिवृष्टि, बाढ़ की स्थिति के दौरान पेंड/डंगाल के गिरने अथवा विद्युत प्रवाह/तार से मृत्यु होने पर रूपये 4.00 लाख तथा घायल होने पर 60 प्रतिशत से अधिक रूपये 2,50,000.00, 40 से 60 प्रतिशत तक रूपये 74,000.00, एक सप्ताह से अधिक अस्पताल में भर्ती होने पर रूपये 16,000.00 तथा एक सप्ताह से कम अस्पताल में भर्ती होने पर रूपये 5,400.00 अनुदान सहायता दी जाती है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सडक दुर्घटना से मृत व्यक्तियों के अश्रितों को रूपये 25000.00 तथा घायलों को रूपये 10000.00 प्रति व्यक्ति देने का प्रावधान है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छिहत्तर"]

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण

[ऊर्जा]

66. (क्र. 1865) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनवरी, 2025 की स्थिति में लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु ट्रांसफार्मर लगाने हेतु कितने आवेदन विभाग को प्राप्त हए हैं ? विगत 02 वर्षों में कितने ट्रांसफार्मर लगाए गये हैं ? ग्रामवार जानकारी देवें? **(ख)** लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु विभाग द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं, जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनवरी-2025 की स्थिति में लो-वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु ट्रांसफार्मर लगाने हेतु विगत दो वर्षों में कुल 38 प्राप्त आवेदनों में से कुल 33 नग ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं, जिसकी ग्रामवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपरोक्त के अतिरिक्त लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु विभाग द्वारा निम्नलिखित उपाय किये जा रहे हैं-

1. ग्राम हाटी में 220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र का निर्माण प्रस्तावित है।
2. 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र पत्थगांव से वर्तमान में 33 के.व्ही. धरमजयगढ़ फीडर की कन्डक्टर क्षमता वृद्वि का कार्य स्वीकृत है।
3. 132/33 के.व्ही उपकेन्द्र चपले से पृथक 33 के.व्ही. लाइन का कार्य प्रगति पर है।
4. 132/33 के.व्ही उपकेन्द्र पत्थलगांव से नया 33 के.व्ही. लाईन धरमजयगढ़ के कार्य हेतु निविदा प्रक्रियाधीन है।
5. 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र चपले से पृथक 33 के.व्ही. लाइन कुडेकेला का कार्य प्रगतिरत है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सतत्तर"]

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एन.टी.पी.सी., एस.ई.सी.एल. द्वारा अधिग्रहित भूमि

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

67. (क्र. 1866) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एन.टी.पी.सी., एस.ई.सी.एल. द्वारा कितने ग्रामों के कितने किसानों की कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया है ? अधिग्रहण के एवज में कितने रोजगार स्वीकृत किये गये हैं ? कितनों को रोजगार प्रदान कर दिया गया है ? कितने शेष हैं, ग्रामवार जानकारी देवें? (ख) अधिग्रहित भूमि का किस दर पर मुआवजा दिया जा रहा है ? कितना मुआवजा वितरण किया जाना शेष है? कब तक भुगतान कर लिए जाएँगे ? **(ग)** एन.टी.पी.सी. तिलाईपाली में कितने स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है ? पदनाम सहित जानकारी देवें ? यदि नहीं तो क्यों ? क्या बाहरी लोगों को रोजगार देने की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हाँ, तो इस पर क्या कार्यवाही की गयी?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : (क) धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एन.टी.पी.सी. द्वारा कुल 08 ग्रामों के कुल 1865 किसानों की कुल 2959 एकड़ भूमि एवं एस.ई.सी.एल. द्वारा कुल 14 ग्रामों के कुल 1502 किसानों की कुल 3043.68 एकड़ निजी भूमि का अधिग्रहण किया गया है। अधिग्रहण के एवज में एन.टी.पी.सी. तलाईपाली के लिये अनुमोदित पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना में परियोजना प्रभावित/विस्थापित परिवारों को नियमित रोजगार/नौकरी के एवज में वार्षिकी का प्रावधान होने के कारण नियमित रोजगार/नौकरी का प्रावधान नहीं होने से रोजगार स्वीकृत नहीं किये गये हैं, एस.ई.सी.एल. द्वारा रोजगार के एवज में कुल 1450 रोजगार सृजित/स्वीकृत किये गये हैं तथा कुल 902 रोजगार प्रदान किया जा

चुका है, 548 रोजगार दिया जाना शेष है, जिन्हे भूमिस्वामियों द्वारा नामांकन के आधार पर प्रदान किया जा रहा है। उक्त संबंध में ग्रामवार जानकारी एन.टी.पी.सी. हेतु **संलग्न प्रपत्र 'अ'** में तथा एस.ई.सी.एल. हेतु **संलग्न प्रपत्र 'ब'** में है। **(ख)** अधिग्रहित भूमि का एन.टी.पी.सी. तलाईपाली द्वारा वाणिज्यिक तथा औद्योगिक प्रयोजन हेतु भू-अर्जन प्रकरणों के लिए भूमि मुआवजा का दर छत्तीसगढ़ शासन के आदेश दिनांक 04.08.2010 के आधार पर पड़त भूमि के लिये 6.00 लाख प्रति एकड़, असिंचित भूमि (एक फसली) के लिये 8.00 लाख प्रति एकड़, सिंचित भूमि (दो फसली) के लिये 10.00 लाख प्रति एकड़ के दर से मुआवजा का भुगतान किया जा रहा है। मुआवजा वितरण किये जाने की जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'स'** में है। एस.ई.सी.एल. द्वारा भूमि के किस्म एवं अर्जन तिथि तथा तत्कालीन अधिनियम के अनुसार न्यूनतम 6.00 लाख रूपये प्रति एकड़ एवं अधिकतम रूपये 14.81 लाख प्रति एकड़ की दर से मुआवजा का भुगतान किया जा रहा है। एन.टी.पी.सी. तलाईपाली अंतर्गत अब तक कुल 26.64 एकड़ निजी भूमिका रूपये 2.13 करोड़ का मुआवजा वितरण किया जाना शेष है, संबंधित भूमि स्वामियों को आवश्यक दस्तावेज जमा करने हेत नोटिस जारी किया जा चुका है, आवश्यक दस्तावेज जमा करने पर शीघ्र मुआवजा का भुगतान किया जायेगा। एस.ई.सी.एल. द्वारा कुल मुआवजा राशि 31.30 करोड़ रूपये का वितरण किया जाना शेष है, जिसका भुगतान दिसम्बर 2026 तक कर दिया जायेगा। मुआवजा निर्धारण एवं वितरण हेतु शेष राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'द' में** है। **(ग)** एन.टी.पी.सी. तलाईपाली में खनन का कार्य विभागीय नहीं होता है, खनन का कार्य अत्याधुनिक प्रौद्यौगिकी/एमडीओ मोड द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। एन.टी.पी.सी.तलाईपाली के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में योजना में नियमित रोजगार/नौकरी के बदले प्रभावित/विस्थापित परिवारों को वार्षिकी भुगतान करने का प्रावधान है, अब तक कुल 1843 परियोजना प्रभावित/विस्थापित परिवारों को रोजगार के एवज में वार्षिकी का भुगतान किया जा चुका है, जिस कारण से नियमित रोजगार/नौकरी का प्रावधान नहीं है, तथापि प्रभावित परिवारों को एमडीओ के तहत अप्रत्यक्ष संविदात्मक रूप से जीविकोपार्जन हेतु एमडीओ के आवश्यकतानुसार स्थानीय एवं प्रदेश के 864 संविदाकर्मी को रोजगार दिया गया है। बाहरी लोगों को नियमित रोजगार देने के संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत दिया गया है, जिसके संबंध में एनटीपीसी तलाईपाली में नियमित रोजगार/नौकरी का प्रावधान नहीं होने के कारण रोजगार नहीं दिया गया है, जिसके संबंध में जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'इ'** में है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अठहत्तर"]

पशुधन विकास विभाग अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति

[पशुधन विकास]

68. (क्र. 1869) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि पशुधन विकास विभाग अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु वर्तमान में 10% पद प्रावधानित हैं? **(ख)** क्या कंडिका "क" के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु 10% के स्थान पर 25% किए जाने हेतु प्रस्तावित हैं? हां, तो कब तक हो जाएगा? नहीं तो कारण सहित उल्लेख करें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हाँ, पशुधन विकास विभाग अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु वर्तमान में 10% पद प्रावधानित है। **(ख)** जी नहीं।

छ.ग. सरकार द्वारा अन्य राज्यों की तर्ज पर एयरपोर्ट कंपनी का गठन कर

[विमानन]

69. (क्र. 1871) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि छ.ग. सरकार अन्य राज्यों के तर्ज पर अपने स्वामित्व के हवाई अड्डों को विकसित और संचालित करने के लिए एक राज्य स्तरीय हवाई अड्डा विकास कंपनी का गठन करने हेतु कार्य योजना तैयार कर रही हैं? **(ख)** क्या कंडिका "क" के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार अपने स्वामित्व के बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर एयरपोर्ट को विकसित कर संचालित करने के लिए अपनी स्वयं की कंपनी गठन करने का विचार रखती है, हां तो विवरण देवें? नहीं तो कारण सहित उल्लेख करें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) एवं **(ख)** जी, नहीं। वर्तमान में ऐसी कोई कार्य योजना नहीं है।

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाया जाना

[ऊर्जा]

70. (क्र. 1874) श्री धरमलाल कौशिक : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हेतु आदेश/निर्देश किनके द्वारा, कब व क्या जारी किया गया है? **(ख)** वर्ष 2020 से 2024 तक प्रदेश में विभाग द्वारा कुल कितने स्मार्ट मीटर लगाये गए हैं? जिलावार जानकारी देवें? **(ग)** स्मार्ट मीटर क्रय/लगाए जाने/संधारण व रखरखाव हेतु किन-किन फर्म/संस्था का चयन किस प्रक्रिया के तहत किया गया है? अनुबंध की शर्तों के अनुसार किन-किन फर्मों/संस्था द्वारा निर्धारित समय में स्मार्ट मीटर नहीं लगाए गए ? अनुबंध की शर्तों के अनुसार उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई व समयावधि में स्मार्ट मीटर नहीं लगाये जाने पर कितनी पेनाल्टी वसूल की गई है? संस्था/फर्मवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) संपूर्ण भारत वर्ष में आर0डी0एस0एस0 योजना के तहत स्मार्ट मीटर लगाए जाने हेतु भारत सरकार द्वारा दिनांक 20.07.2021 को अधिसूचना जारी किया गया तथा दिनांक 29.07.2021 को दिशा-निर्देश जारी किया गया। उक्त कार्य को संपादित करने हेतु भारत सरकार द्वारा दिनांक 20.08.2022 को संशोधित स्टेण्डर्ड बिडिंग डाक्यूमेंट संपूर्ण भारत वर्ष के लिए जारी किया गया एवं भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य का विस्तृत परियोजना प्रतिवदेन की स्वीकृति दिनांक 13.07.2022 को प्रदान की गई। **(ख)** योजनांतर्गत दिसंबर 2024 तक प्रदेश में विभाग द्वारा विद्युत उपभोक्ता परिसरों में कुल 8,58,834 नग, वितरण ट्रांसफार्मरों में कुल 26,169 नग स्मार्ट मीटर तथा 5337 फीडरों के मीटर में मॉडम लगाकर स्मार्ट मीटरिंग का कार्य किया गया है। जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ग)** स्मार्ट मीटर क्रय/लगाए जाने/संधारण व रखरखाव हेतु मेसर्स हाई-प्रिंट एनर्जी साल्यूशन्स प्रा0लि0 जयपुर, मेसर्स टाटा पॉवर कंपनी लिमिटेड, नोएडा एवं मेसर्स जीनस पॉवर साल्यूशन्स प्रा0लि0 जयपुर, को भारत सरकार द्वारा जारी स्टेण्डर्ड बिडिंग डाक्यूमेंट के अनुसार निविदा आमंत्रित कर निम्न दर प्राप्त होने पर चयनित किया गया है। उक्त तीनों फर्मों का कार्यादेश अनुसार कार्यपूर्ण करने का समयावधि जनवरी 2026 निर्धारित है अतः किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पेनाल्टी वसूल करने का प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्यासी"]

मछलीपालन प्रोत्साहन हेतु प्रदाय की गई अनुदान राशि

[मछली पालन]

71. (क्र. 1878) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चाम्पा जिला अंतर्गत कौन-कौन से जलाशय/अन्य स्थानों को मछली पालन हेतु पट्टा प्रदान

किया गया है? उससे विभाग को कितने रूपए प्रतिवर्ष राजस्व की प्राप्ती होती है? विकासखण्डवार सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** विभाग द्वारा मछली पालन एवं परिवहन हेतु मछुवारा समितियों को प्रोत्साहन देने के लिए वित्त वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में 31.1.2025 तक कौन-कौन सी सामग्री, अनुदान राशि अथवा प्रोत्साहन राशि प्रदाय की गई? समितिवार, विकाखण्डवार सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत किसी भी जलाशय/अन्य स्थानों को विभाग द्वारा मछली पालन हेतु पट्टा प्रदान नहीं किया गया है। अतः राजस्व प्राप्ति का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में विभाग द्वारा मछली पालन हेतु पंजीकृत मछुआरा सहकारी समितियों को त्रि-वर्षीय अनुदान सहायता योजना के तहत् प्रदाय की गई सामाग्री एवं अनुदान राशि की समितिवार एवं विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - अस्सी"]

जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब का संचालन

[स्कूल शिक्षा]

72. (क्र. 1879) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले के किन-किन स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब (ए.टी.एल.) संचालित हैं? संचालित केन्द्रों के नाम बतावें ? विगत 3 वर्षों में उक्त केन्द्रों को कितनी-कितनी राशि प्रदाय की गई है? प्राप्त राशि से कौन-कौन सी सामग्री क्रय की गई? फर्मों के नाम सहित सम्पूर्ण जानकारी वर्षवार, संस्थावार प्रदान करें? **(ख)** संचालित लैब के संचालन हेतु क्या प्रशिक्षक नियुक्त किए गए हैं? यदि हां, तो प्रशिक्षकों की न्यूनतम अर्हता/योग्यता क्या-क्या होनी चाहिए? प्रशिक्षकों को मानदेय के रूप में कितनी राशि प्रदाय की जाती है? संस्थावार जानकारी प्रदान करें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जांजगीर-चांपा जिले के 14 स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब (ए.टी.एल.) संचालित है। संचालित केन्द्रों को विगत 3 वर्षों में प्रदाय राशि, कय की गई सामग्री तथा फर्मों के नाम सहित सम्पूर्ण जानकारी वर्षवार, संस्थावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जांजगीर-चांपा जिले में संचालित 09 अटल टिंकरिंग लैब (ए.टी.एल.) विद्यालयों में प्रशिक्षक नियुक्त किए गए है। भारत सरकार, नीति आयोग द्वारा जारी ए.टी.एल. विद्यालयों के अनुदान राशि की उपयोगिता के दिशा निर्देशानुसार प्रशिक्षकों की न्यूनतम अर्हता / योग्यता का उल्लेख नहीं है, साथ ही प्रशिक्षकों को मानदेय हेतु राशि का उल्लेख नहीं है। विद्यालय द्वारा स्वयं के व्यय से प्रशिक्षकों को मानदेय प्रदान किया जा रहा है। संस्थावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्यासी "]

ग्रामीण पेयजल व्यवस्था हेतु स्थापित सोलर ड्यूल पंप

[ऊर्जा]

73. (क्र. 1882) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर चांपा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था हेतु दिसंबर 2018 की स्थिति में, जनवरी 2018 से दिसंबर 2023 तक तथा जनवरी 2024 से जनवरी 2025 तक कितने-कितने सोलर ड्यूल पंपों की स्थापना की गई, व्यय राशियों सहित विकासखण्डवार बताएं ? **(ख)** इन पंपों के रखरखाव तथा मरम्मत और निरंतर चालू हालत में बनाए रखने एवं शिकायतों का निराकरण करने का उत्तरदायित्व किसका है? इसके लिए व्यय हेतु राशि की व्यवस्था कहां से होती है? **(ग)**ड्यूल पंप के खराब होने पर ठीक करने में अत्यधिक

विलम्ब होने एवं ग्रामीणों को पेयजल की असुविधा होने की व्यापक समस्या का समाधान करने के लिए क्या कोई स्थाई व्यवस्था की जाएगी? यदि हां, तो क्या?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था हेतु क्रेडा द्वारा दिसम्बर 2018 की स्थिति में 99 नग, जनवरी 2018 से दिसम्बर 2023 तक 334 नग तथा जनवरी 2024 से जनवरी 2025 तक 10 नग सोलर ड्यूल पम्पों की स्थापना की गई है। व्यय राशियों सहित विकासखण्डवार **जानकारी ''संलग्न प्रपत्र'' अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश 'ख' के ग्रामों में स्थापित सोलर ड्यूल पंपों का रखरखाव एवं मरम्मत के कार्यो का उत्तरदायित्व संयंत्रों की वारंटी अवधि मे क्रेडा का होता है, इस हेतु पृथक से राशि की आवश्यकता नही होती है एवं स्थापनाकर्ता इकाई के माध्यम से मरम्मत का कार्य वारंटी अवधि मे कराया जाता है। संयंत्रों की वारंटी अवधि समाप्त होने के उपरांत उक्त प्रयोजन हेतु अथवा उक्त प्रयोजन की पूर्ति हेतु आवश्यक राशि उपलब्ध कराने का दायित्व हितग्राही संस्था का होता है। **(ग)** क्रेडा द्वारा टोल फ्री नं 18001234591 एवं सौर समाधान मोबाईल ऐप के माध्यम से जानकारी प्राप्त होने पर सुधार योग्य नही होने वाले संयंत्रों जो प्राकृतिक कारणों यथा बोर धॅसने, बोर सूखने के कारण अकार्यशील अवस्था मे होते है, को छोड़कर सुधार योग्य समस्त संयंत्रों मे शीघ्रातिशीघ्र सुधार कार्य किया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयासी"]

सरकारी समितियों में धान बीज, खाद के कर्ज व धान खरीदी में भुगतान घोटाले की जानकारी

[सहकारिता]

74. (क्र. 1887) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला महासमुंद अंतर्गत सहकारी समितियों द्वारा खाद, बीज लेने वाले कृष्कों से कर्जा की वसूली धान खरीदी में की जाकर भुगतान की कितनी शिकायतें, गड़बड़ी के मामले 2022 से 2025 तक दर्ज किये गये विकासखण्डवार बतायें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश ''क'' के फर्जीवाड़े के लिए फर्जी खाते खोले गये? यदि हां तो कितने विकासखण्डवार बतायें? अब तक कितनी राशि का फर्जीवाड़ा जाँच में पाया जा चुका है? विकासखण्डवार बतायें? **(ग)** सहकारी समितियों के द्वारा कितने केंद्रीय सहकारी बैंक शाखाओं में उक्त फर्जीवाड़ा कितने समितियों द्वारा किया गया व 10 फरवरी 2025 की स्थिति में उन पर क्या कार्यवाही की गई विकासखण्डवार बतायें ?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : (क) वर्ष 2022-23 से 2024-25 में जिला महासमुंद अंतर्गत सहकारी समितियों के द्वारा कृषक सदस्यों को वितरित किए गए खाद, बीज के ऋण की वसूली धान खरीदी में की जाकर भुगतान के संबंध में शिकायत, गड़बड़ी के मामले संज्ञान में नहीं आये है। **(ख)** प्रश्नांश उपस्थित ही नहीं होता। **(ग)** प्रश्नांश उपस्थित ही नहीं होता।

वन्य पशुओं के हमले से घायल या मृतकों के परिवार को प्रदत्त अनुग्रह राशि

[वन एवं जलवायु परिवर्तन]

75. (क्र. 1888) श्री दलेश्वर साहू : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या वन्य पशुओं के हमले के कारण होने वाले मानव जीवन की हानि के लिए घायल या मृतकों के परिवार को अनुग्रह राशि दिये जाने का प्रावधान है? यदि हॉ, तो प्रावधान अनुसार देय राहत राशि कितनी है? पिछले 3 वर्षों में ऐसे दर्ज प्रकरणों का विवरण एवं निपटान की जानकारी, हितग्राही के नाम, पता सहित जिलेवार, देवें?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : जी हां, वन्य पशुओं के हमले के कारण होने वाले मानव जीवन की हानि के

लिए घायल या मृतकों के परिवार को अनुग्रह राशि दिये जाने का प्रावधान है। जनघायल के प्रकरणों के लिए निर्धारित राशि रू. 59,100/- तक की एवं स्थायी रूप से अपंग होने की स्थिति में रू. 2,00,000/- तक की क्षतिपूर्ति राशि दिये जाने प्रावधान है।जनहानि प्रकरणों के लिये रू. 6,00,000/- क्षतिपूर्ति राशि दिये जाने का प्रावधान है। पिछले 3 वर्षों में दर्ज प्रकरणों का विवरण एवं निपटान की हितग्राही के नाम, पता सहित जिलेवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।** प्रपत्र में मुआवजा राशि रूपये में दी गई है ।

पीएम जनमन योजना के अंतर्गत विद्युत कनेक्शन का प्रदाय

[ऊर्जा]

76. (क्र. 1891) श्री दलेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या राज्य में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) योजना संचालित है? यहि हॉ, तो राज्य के किन किन जिलों के कौन कौन से ग्रामों को इस योजना में शामिल करते हुए योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार विगत 03 वर्षो में किन किन ग्रामों में कितने परिवारों या घरों को विद्युत कनेक्शन प्रदान किये गये हैं? जिलेवार, ग्रामवार,जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी हां, छत्तीसगढ़ राज्य में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान (पीएम-जनमन) योजना दिसंबर 2023 से संचालित है। योजना के दिशानिर्देश के अनुसार ग्रिड के माध्यम से राज्य के 662 ग्रामों के 6592 घरों का विद्युतीकरण तथा ऑफग्रिड के माध्यम से राज्य के 173 ग्रामों के 687 घरों को सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युतीकृत किया गया है। ग्रिड एवं ऑफग्रिड माध्यम से किये गये विद्युतीकरण की जिलेवार एवं ग्रामवार जानकारी क्रमशः **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं 'ब' अनुसार** है।

जिला-कबीरधाम अंतर्गत मत्स्य पालन हेतु प्रदत्त अनुदान

[मछली पालन]

77. (क्र. 1894) श्रीमती भावना बोहरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मछली पालन हेतु शासन द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं? हितग्राहियों को दी जाने वाली छूट/अनुदान राशि की जानकारी योजनावार देवें ? **(ख)** कबीरधाम जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कितने किसानों को मछली पालन हेतु 1 जनवरी, 2024 से 1 फरवरी, 2025 तक कितनी अनुदान राशि दी गई? कृपया विकासखंडवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) मछलीपालन हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं हितग्राहियों को दी जाने वाली छुट/अनुदान राशि की योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र - अ अनुसार है।(ख)** कबीरधाम जिले में अनुसूचित जाति के 96 किसानों एवं अनुसूचित जनजाति के 253 किसानों को कुल राशि रूपये 186.19667 लाख का अनुदान दी गई है। **विकासखण्डवार जानकारी संलग्न प्रपत्र - ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरासी"]

स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत स्वीकृत नवीन शालायें

[स्कूल शिक्षा]

78. (क्र. 1895) श्रीमती भावना बोहरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में कितने नए स्कूल स्वीकृत हुए हैं? **(ख)** स्कूल शिक्षा में छत्तीसगढ़ आज देश में किस स्थान पर है? **(ग)** प्रदेश में विद्यार्थियों का स्कूल ड्रॉपआउट रेट क्या है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 16 नवीन प्राथमिक शाला स्वीकृत हुई है। **(ख)** नीति आयोग की रैंकिग अनुसार स्कूल शिक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य राष्ट्रीय मूल्यांकन रेंज 521-580 के मध्य "आंकाक्षी एक" श्रेणी में है। **(ग)** वर्ष 2023-24 के यूडाईस डाटा के अनुसार प्रदेश में ड्रॉपआउट दर प्राथमिक स्तर में 1.8%, उच्च प्राथमिक स्तर में 5.3% तथा हाईस्कूल स्तर में 16.3% है।

प्रदेश में संचालित सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त शालाओं में सीबीएसई सिलेबस से पढ़ाई

[स्कूल शिक्षा]

79. (क्र. 1912) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में ऐसे कितने निजी स्कूल संचालित हैं जिनके द्वारा सीजी बोर्ड की मान्यता प्राप्त की गयी है? **(ख)** वर्ष 2023 से जनवरी, 2025 तक उक्त सीजी बोर्ड मान्यता प्राप्त शालाओं में से कितने में सीबीएसई सिलेबस पुस्तक से पढ़ाई कराए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है तथा क्या कार्यवाही की गई ? जानकारी देवें? **(ग)** सीजी बोर्ड मान्यता प्राप्त शालाओं में सीबीएसई पैटर्न के निजी प्रकाशकों के पुस्तक से पढ़ाई के सम्बंध में विभाग द्वारा क्या कोई गाईडलाइन जारी की गयी थी ? जानकारी दें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रदेश में ऐसे निजी विद्यालय जिनके द्वारा सीजी बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त की गई है, उनकी संख्या 6352 है। **(ख)** कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नही होता है। **(ग)** जी नही। शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

iii=

जिला रायगढ़ के केलो परियोजना में लंबित भू-अर्जन प्रकरणों का कारण सहित विवरण

क.	विभाग का नाम	अनुविभाग	ग्राम	अ0वि0अ0 को प्रेषित दिनांक	रकबा	की गई कार्यवाही का विवरण					अद्यतन कार्यवाही की स्थिति / किससे अपेक्षित है।
						धारा 4 की तिथि	धारा 11 की तिथि	धारा 19 की तिथि	धारा 21 की तिथि	अवार्ड हेतु	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	केलो परियोजना निर्माण संभाग	रायगढ़	202207042100021 /अ–82/ 21–22 बुनगा	25.01.2023	0.073	धारा–4 की आवश्यकता नही।	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – 05.05.2023 1. इस्पात टाइम्स– 23.03.2023 2. दैनिक भास्कर 22.03.2023 3. ग्राम प्रकाशन – 09.03.2023	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 13.12.2024 1. दैनिक भास्कर– 07.11.2024 2. कांतिकारी संकेत– 07.11.2024 ग्राम प्रकाशन– 12.11.2024	सुनवाई दिनांक– 31.01.2025	–	धारा–21 की सुनवाई उपरांत, प्राप्त दावा/आपत्ति की निराकरण हेतु
2			202301042100040 /अ–82/ 22–23 गोतमा	25.01.2023	0.020		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – 05.05.2023 1. नवभारत– 11.03.2023 2. नवीन कदम– 11.03.2023 ग्राम प्रकाशन – 31.03.2023	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 13.12.2024 1. पत्रिका– 07.11.2024 2. ईस्पात टाईम्स– 07.11.2024 ग्राम प्रकाशन– 14.11.2024	सुनवाई दिनांक– 31.01.2025	–	धारा–21 की सुनवाई उपरांत, प्राप्त दावा/आपत्ति की निराकरण हेतु
3			202207042100014 /अ–82/21–22 धनगांव	25.01.2023	0.016		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – 07.04.2023 1. नई दूनिया 25.02.2023 2. कांतिकारी संकेत 27.02.2023 ग्राम प्रकाशन– 10.02.2023	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 20.12.2024 1. जनकर्म– 08.11.2024 2. नवभारत– 07.11.2024 ग्राम प्रकाशन– 14.11.2024	सुनवाई दिनांक– 31.01.2025	–	धारा–21 की सुनवाई उपरांत, प्राप्त दावा/आपत्ति की निराकरण हेतु
4			202207042100012 /अ–82/21–22 कौवाताल	25.01.2023	0.040		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – 07.04.2023 1. नई दूनिया 17.02.2023 2. केलो प्रवाह 18.02.2023 ग्राम प्रकाशन– 10.02.2023	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 20.12.2024 1. हरिभूमि– 07.11.2024 2. इस्पात टाइम्स– 07.11.2024 ग्राम प्रकाशन– 27.11.2024	सुनवाई दिनांक– 31.01.2025		धारा–21 की सुनवाई उपरांत, प्राप्त दावा/आपत्ति की निराकरण हेतु
5			202302042100051 /अ–82/22–23 बालमगोड़ा	20.02.2023	0.138		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – 05.05.2023 1. जनकर्म– 22.03.2023 2. हरिभूमि– 22.03.2023 ग्राम प्रकाशन – 20.03.2023	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 20.12.2024 1. केलो प्रवाह– 09.11.2024 2. पत्रिका– 07.11.2024 ग्राम प्रकाशन– 13.11.2024	सुनवाई दिनांक– 31.01.2025		धारा–21 की सुनवाई उपरांत, प्राप्त दावा/आपत्ति की निराकरण हेतु
6			202302042100053 /अ–82/22–23 पुटकापुरी	20.02.2023	0.093		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – 05.05.2023 1. नवभारत– 22.03.2023 2. केलो प्रवाह– 22.03.2023 ग्राम प्रकाशन – .09.03.2023..	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 27.12.2024 1. नवीन कदम– 07.11.2024 2. नईदूनिया– 07.11.2024 ग्राम प्रकाशन– 14.11.2024	सुनवाई दिनांक– 31.01.2025		धारा–21 की सुनवाई उपरांत, प्राप्त दावा/आपत्ति की निराकरण हेतु

अनुभाग अधिकारी
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय, रायपुर

जिला रायगढ़ के केलो परियोजना में लंबित भू-अर्जन प्रकरणों का कारण सहित विवरण

क.	विभाग का नाम	अनुविभाग	ग्राम	अ0वि0अ0 को प्रेषित दिनांक	रकबा	की गई कार्यवाही का विवरण					अद्यतन कार्यवाही की स्थिति / किससे अपेक्षित है।
						धारा 4 की तिथि	धारा 11 की तिथि	धारा 19 की तिथि	धारा 21 की तिथि	अवार्ड हेतु	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
7	केलो परियोजना निर्माण संभाग	रायगढ़	202302042100052 /अ–82/22–23 नावापारा	20.02.2023	0.275	धारा–4 की आवश्यकता नही।	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – 05.05.2023 1. पत्रिका– 22.03.2023 2. केलो प्रवाह– 23.03.2023 ग्राम प्रकाशन – ..09.03.2023...	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 27.12.2024 1. ईस्पात टाईम्स– 07.11.2024 2. नईदूनिया– 07.11.2024 ग्राम प्रकाशन– 27.11.2024	सुनवाई दिनांक– 31.01.2025		धारा–21 की सुनवाई उपरांत, प्राप्त दावा/आपत्ति की निराकरण हेतु
8			202302042100087 /अ–82/22–23 सिंहा		1.397		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – .05.05.2023 1. पत्रिका– 22.03.2023 2. कांतिकारी संकेत– 23.03.2023 ग्राम प्रकाशन – ..31.03.2023.	–	–		धारा–19 की अधिसूचना प्रकाशन हेतु विभाग को दिनांक 25.11.2024 को प्रेषित। अप्राप्त।
9			202302042100086 /अ–82/22–23 सिंहा		1.236		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – .05.05.2023 1. नवीन कदम– 22.03.2023 2. दैनिक भास्कर– 22.03.2023 ग्राम प्रकाशन – ..31.03.2023.	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 27.12.2024 1. दैनिक भास्कर– 07.11.2024 2. केलो प्रवाह– 09.11.2024 ग्राम प्रकाशन– 14.11.2024	सुनवाई दिनांक– 31.01.2025		धारा–21 की सुनवाई उपरांत, प्राप्त दावा/आपत्ति की निराकरण हेतु
10			202304042100068 /अ–82/ ठेंगागुठी	14.02.2023	0.380		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 20.09.2024 1. कांतिकारी संकेत–18.08.2024 2. पत्रिका– 18.08.2024 3. ग्राम प्रकाशन– 25.09.2024	–	–		प्रकरण में धारा–19 की कार्यवाही हेतु
11			202304042100067 /अ–82/ जिलाडी	14.02.2023	0.703		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 13.09.2024 1. नई दूनिया–17.08.2024 2. नवीन कदम– 18.08.2024 3. ग्राम प्रकाशन– 09.09.2024	–	–		प्रकरण में धारा–19 की कार्यवाही हेतु
12			202411042100057 /अ–82/23–24 घिखली	13.04.2023	0.293		–	–	–		प्रकरण में धारा–11 की प्रकाशन हेतु विभाग को दिनांक– 31.12.2024 को प्रेषित।

अनुभाग अधिकारी
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय, रायपुर

जिला रायगढ़ के केलो परियोजना में लंबित भू-अर्जन प्रकरणों का कारण सहित विवरण

क.	विभाग का नाम	अनुविभाग	ग्राम	अ0वि0अ0 को प्रेषित दिनांक	रकबा	की गई कार्यवाही का विवरण					अद्यतन कार्यवाही की स्थिति / किससे अपेक्षित है।
						धारा 4 की तिथि	धारा 11 की तिथि	धारा 19 की तिथि	धारा 21 की तिथि	अवार्ड हेतु	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
13			202304042100066 /अ–82/22–23 टिनमिनी	20.02.2023	1.449		प्रकियाधीन	–	–		प्रकरण में धारा–11 की कार्यवाही हेतु
14	केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग	रायगढ	202301042100041 /अ–82/ 22–23 नवापारा	15.02.2023	0.400	धारा–4 की आवश्यकता नही।	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – 31.03.2023 1. पत्रिका– 17.03..2023 2. कांतिकारी संकेत– 18.03.2023 ग्राम प्रकाशन – .28.03.2023	-	-	-	धारा–19 की अधिसूचना प्रकाशन हेतु विभाग को दिनांक 13.12.2024 को प्रेषित। अप्राप्त।
15			202301042100042 /अ–82/ 22–23 धुरनपाली	1-4-00	0.064		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – 31.03.2023 1. नवीन कदम– 17.03..2023 2. नईदूनिया– 17.03.2023 ग्राम प्रकाशन – .22.03.2023	-	-	-	धारा–19 की अधिसूचना प्रकाशन हेतु विभाग को दिनांक 13.12.2024 को प्रेषित। अप्राप्त।
16			202301042100043 /अ–82/ 22–23 त्रिभौना	15.02.2023	0.252		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन – 31.03.2023 1. नवभारत– 17.03..2023 2. कांतिकारी संकेत– 18.03.2023 ग्राम प्रकाशन – .22.03.2023	-	-	-	धारा–19 की अधिसूचना प्रकाशन हेतु विभाग को दिनांक 13.12.2024 को प्रेषित। अप्राप्त।
17			202304042100074 /अ–82/ तुरंगा	23.02.2023	0.097		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 18.10.2024 1. पत्रिका–26.09.2024 2. दैनिक कांतिकारी संकेत– 27.09.2024 3. ग्राम प्रकाशन– 03.10.2024	–	–	-	प्रकरण में धारा–19 की कार्यवाही हेतु
18			202304042100073 /अ–82/ सराईपाली	23.02.2023	0.100		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 18.10.2024 1. ईस्पात टाईम्स–27.09.2024 2. नवभारत–27.09.2024 3. ग्राम प्रकाशन– 03.10.2024	–	–	-	प्रकरण में धारा–19 की कार्यवाही हेतु

अनुभाग अधिकारी
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय, रायपुर

[12 मार्च 2025

जिला रायगढ़ के केलो परियोजना में लंबित भू-अर्जन प्रकरणों का कारण सहित विवरण

क.	विभाग का नाम	अनुविभाग	ग्राम	अ0वि0अ0 को प्रेषित दिनांक	रकबा	की गई कार्यवाही का विवरण					अद्यतन कार्यवाही की स्थिति / किससे अपेक्षित है।
						धारा 4 की तिथि	धारा 11 की तिथि	धारा 19 की तिथि	धारा 21 की तिथि	अवार्ड हेतु	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
19	केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग	रायगढ	202304042100072 /अ–82/ ओडेकेरा	23.02.2023	0.024	धारा–4 की आवश्यकता नही।	छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 18.10.2024 1. दैनिक नवीन कदम–26.09.2024 2. हरिभूमि–26.09.2024 3. ग्राम प्रकाशन– 03.10.2024	–	–	-	प्रकरण में धारा–19 की कार्यवाही हेतु
20			202304042100069 /अ–82/ रेंगालपाली	23.02.2023	0.057		छ.ग.राजपत्र प्रकाशन– 20.09.2024 1. दैनिक भास्कर–23.08.2024 2. दैनिक नवीन कदम–23.08.2024 3. ग्राम प्रकाशन– 23.09.2024	–	–	-	प्रकरण में धारा–19 की कार्यवाही हेतु
21	केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग	घरघोड़ा	12/अ–82/2024–25/ उज्जलपुर	23.10.2024	22.678		1.छ.ग.राजपत्र प्रकाशन 13.12.2024 2. नई दुनिया 09.11.2024 3. दैनिक नवीन कदम 09.11.2024	–	–	-	प्रकरण में धारा–11 की अधिसूचना प्रकाशन की कार्यवाही हो चुकी है। धारा–19 की अधिसूचना का प्ररूप तैयार की जा रही है।

आपसी-सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 अंतर्गत लंबित प्रकरणों का विवरण

1	केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग	रायगढ़	औरदा	अपंजी. /बी–121/2022–23	–	–	जांच कर प्रतिवेदन हेतु तहसीलदार पुसौर को दिनांक–25.11.2024 को प्रेषित
2			बडे हल्दी	अपंजी. /बी–121/2022–23	–	–	जांच कर प्रतिवेदन हेतु तहसीलदार पुसौर को दिनांक–05.10.2024 को प्रेषित

अनुभाग अधिकारी
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय, रायपुर

प्रभारी अधिकारी (भू-अर्जन शाखा)
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
27/2/25

प्रपत्र-'क'

वर्ष 2024 सीजन के तेंदूपत्ता संग्रहण, पारिश्रमिक भुगतान एवं संग्राहक संख्या की जानकारी

क्र.	वनमण्डल का नाम	जिला यूनियन का नाम	कुल संग्रहित मात्रा (मा.बो.में)	निविदाकर्ताओं को अग्रिम में विक्रित लॉटों में ते.प. की संग्रहित मात्रा (मा.बो.में)	विभागीय संग्रहित लॉटों में ते.प. की संग्रहित मात्रा	संग्रहण दर (रू.प्रति मा.बो.)	संग्राहकों को भुगतान की गई पारिश्रमिक राशि (रू.में)	संग्राहकों को भुगतान हेतु पारिश्रमिक की शेष राशि (रू.में)	संग्राहकों को भुगतान पारिश्रमिक शेष रहने का कारण	संग्राहक संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	बीजापुर	बीजापुर	98225.282	98225.282	0.000	5500.00	540239051.00	0.00	-	54381
2	सुकमा	सुकमा	141348.281	141348.281	0.000	5500.00	777415545.50	0.00	-	63867
3	दन्तेवाड़ा	दन्तेवाड़ा	20525.139	20525.139	0.000	5500.00	112888264.50	0.00	-	20133
4	बस्तर	जगदलपुर	22617.409	22617.409	0.000	5500.00	124395749.50	0.00	-	35842
5	कोण्डागांव	कोण्डागांव	16289.562	16289.562	0.000	5500.00	89592591.00	0.00	-	28892
6	केशकाल	केशकाल	19672.076	19672.076	0.000	5500.00	108196418.00	0.00	-	31183
7	नारायणपुर	नारायणपुर	19462.205	19462.205	0.000	5500.00	107042127.50	0.00	-	17013
8	पूर्व भानुप्रतापपुर	पूर्व भानुप्रतापपुर	85519.195	85519.195	0.000	5500.00	470355572.50	0.00	-	38349
9	प.भानुप्रतापपुर	प.भानुप्रतापपुर	72520.235	72520.235	0.000	5500.00	398861292.50	0.00	-	29781
10	कांकेर	कांकेर	30042.755	30042.755	0.000	5500.00	165235152.50	0.00	-	34963
11	राजनांदगांव	राजनांदगांव	11288.830	11288.830	0.000	5500.00	62088567.00	0.00		12608
12	मोहला	राजनांदगांव	58946.430	58946.430	0.000	5500.00	324205365.00	0.00		39175
13	खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई	खैरागढ़	33009.365	33009.365	0.000	5500.00	181551507.50	0.00	-	27712
14	बालोद	बालोद	22864.370	22864.370	0.000	5500.00	125754035.00	0.00	-	26499
15	कबीरधाम	कवर्धा	37229.880	37229.880	0.000	5500.00	204764340.00	0.00	-	35816
16	धमतरी	धमतरी	23677.080	23677.080	0.000	5500.00	130223940.00	0.00	-	29830
17	गरियाबंद	गरियाबंद	76146.071	76146.071	0.000	5500.00	418803390.50	0.00	-	67888
18	महासमुन्द	महासमुन्द	76937.905	76937.905	0.000	5500.00	423158479.00	0.00	-	93291
19	बलौदाबाजार	बलौदाबाजार	20444.816	20444.816	0.000	5500.00	112446488.00	0.00	-	21329

वर्ष 2024 सीजन के तेंदूपत्ता संग्रहण, पारिश्रमिक भुगतान एवं संग्राहक संख्या की जानकारी

क्र.	वनमण्डल का नाम	जिला यूनियन का नाम	कुल संग्रहित मात्रा (मा.बो.में)	निविदाकर्ताओं को अग्रिम में विक्रित लॉटों में ते.प. की संग्रहित मात्रा (मा.बो.में)	विभागीय संग्रहित लॉटों में ते.प. की संग्रहित मात्रा	संग्रहण दर (रू.प्रति मा.बो.)	संग्राहकों को भुगतान की गई पारिश्रमिक राशि (रू.में)	संग्राहकों को भुगतान हेतु पारिश्रमिक की शेष राशि (रू.में)	संग्राहकों को भुगतान पारिश्रमिक शेष रहने का कारण	संग्राहक संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
20	बिलासपुर	बिलासपुर	23777.185	23777.185	0.000	5500.00	130774517.50	0.00		23465
21	मुंगेली	बिलासपुर	5991.440	5991.440	0.000	5500.00	32952920.00	0.00		5768
22	गौरेला-पेण्ड्रा- मरवाही	मरवाही	21497.900	21497.900	0.000	5500.00	118238450.00	0.00	-	32455
23	कोरबा	कोरबा	43778.940	43778.940	0.000	5500.00	240784170.00	0.00	-	36180
24	कटघोरा	कटघोरा	69230.551	69230.551	0.000	5500.00	380768030.50	0.00	-	68151
25	सारंगढ़/बिलाईगढ़	रायगढ़	8456.520	8456.520	0.000	5500.00	46510860.00	0.00		10719
26	रायगढ़	रायगढ़	40993.840	40993.840	0.000	5500.00	225466120.00	0.00		37606
27	धरमजयगढ़	धरमजयगढ़	75424.400	75424.400	0.000	5500.00	414834200.00	0.00	-	50972
28	जांजगीर-चांपा	जांजगीर-चांपा	8260.190	8260.190	0.000	5500.00	45431045.00	0.00	-	11042
29	सरगुजा	सरगुजा	35034.756	35034.756	0.000	5500.00	192691158.00	0.00	-	44252
30	सूरजपुर	सूरजपुर	75515.020	75515.020	0.000	5500.00	415332610.00	0.00	-	62375
31	बलरामपुर	बलरामपुर	145694.435	145694.435	0.000	5500.00	801319392.50	0.00	-	109219
32	कोरिया	कोरिया	34080.820	34080.820	0.000	5500.00	187444510.00	0.00	-	32540
33	मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर	मनेन्द्रगढ़	44731.165	44731.165	0.000	5500.00	246021407.50	0.00	-	35738
34	जशपुर	जशपुर	36538.509	36538.509	0.000	5500.00	200961799.50	0.00	-	42115
महायोग :-			**1555772.557**	**1555772.557**	**0.000**		**8556749067.00**	**0.00**	**0.00**	**1311149**

कार्यकारी संचालक
छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर

iii=&c

वर्ष 2024 तेन्दूपत्ता सीजन में निविदा पद्धति से अग्रिम विक्रय किये गये तेंदूपत्ता से आय की जानकारी

